आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

“ आज
* बाल गंगाधर तिलक पुण्यतिथि ”

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 197 | उज्जैन, शनिवार 01 अगस्त, 2026 | श्रावण कृष्ण 3 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### दिल्ली दंगा- पूर्व आप पार्षद ताहिर समेत पांच को उम्रकैद

**नई दिल्ली।** 2020 के दिल्ली दंगों के दौरान आईबी अधिकारी अंकित शर्मा की हत्या के मामले में कड़कड़डूमा कोर्ट ने शुक्रवार को पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन समेत 5 दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई। कोर्ट ने कहा कि यह बेहद गंभीर वारदात थी, जिसने समाज को झकझोर दिया। कोर्ट ने 13 जुलाई को ताहिर, नाजिम, काशिम, अनस और जावेद को हत्या, अपहरण, दंगा और सांप्रदायिक वैमनस्य फैलाने का दोषी ठहराया था। वहीं, 11 आरोपियों में से 6 को बरी कर दिया गया था। लोकल कोर्ट ने कहा ताहिर हुसैन हथियारों से लैस उस भीड़ का हिस्सा थे, जो हिंदुओं के प्रति नफरत के कारण दंगा, आगजनी और लूटपाट करने के लिए इकट्ठा हुई थी। जिसने बेरहमी से और लगातार हमला करके शर्मा की हत्या कर दी।

### मुख्यमंत्री शुभेंदु की रेकी कर रहा जैश का आतंकी गिरफ्तार

**कोलकाता।** बंगाल पुलिस ने पूर्वी बर्धमान जिले से जैश-ए-मोहम्मद के संदिग्ध आतंकी को गिरफ्तार किया है। स्पेशल टास्क फोर्स ने हामिम मंडल नाम के इस शख्स को गुरुवार देर रात एक हाउसिंग कॉम्प्लेक्स से पकड़ा है। पुलिस के मुताबिक मंडल के मोबाइल और घर से मिले दस्तावेजों से पता चला है कि वह मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के बारे में जानकारी जुटा रहा था। पुलिस यह भी कह रही है कि हामिम पुलवामा अटैक के मास्टरमाइंड सज्जाद भट का करीबी है। 14 फरवरी 2019 को पुलवामा अटैक में 40 सीआरपीएफ जवान शहीद हो गए थे। हामिद को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे 14 दिन की पुलिस कस्टडी में भेज दिया है।

### स्पेन में जबरन प्रवेश करने पहुंचे 60 हजार प्रवासी, 34 की मौत

**सिउटा।** स्पेन में जबरन घुसने की कोशिश के दौरान दम घुटने और डूबने से 34 अफ्रीकी प्रवासियों की मौत हो गई। न्यूज एजेंसी एपी के मुताबिक, घटना गुरुवार सुबह हुई, तब 3 हजार प्रवासी एकसाथ स्पेन में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे थे सीमा पर पुलिस की घेराबंदी और सुरक्षा बाड़ के बीच संकरे रास्तों के कारण लोग एक-दूसरे पर गिर पड़े। भीड़ में दबने, दम घुटने और समुद्र में डूबने के कारण यह हादसा हुआ। इस दौरान स्पेन और मोरक्को के 100 से ज्यादा सैनिक भी घायल हो गए। स्पेनिश सरकार ने बताया कि 24 घंटे में मोरक्को की तरफ से करीब 60 हजार लोग तैरकर या पैदल चलकर स्यूटा में घुस चुके है। यह शहर की आबादी का 70% है।

### काला चश्मा पहनकर पूजा करने पर ट्रोल हुईं भूमि पेडनेकर



**मुंबई।** अभिनेत्री भूमि पेडनेकर अपने एक मंदिर दौरे के वीडियो को लेकर सोशल मीडिया पर ट्रोल्स के निशाने पर आ गई हैं। सावन महीने की शुरुआत पर भूमि एक शिव मंदिर में पूजा-अर्चना करने और शिवलिंग पर जल चढ़ाने पहुंची थीं। इस दौरान उनके काले चश्मे (सनग्लासेज) पहनने पर सोशल मीडिया यूजर्स ने सवाल उठाए हैं। भूमि ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर मंदिर की तस्वीरें और वीडियो पोस्ट की थीं, जिसके बाद कमेंट सेक्शन में कई लोगों ने पूजा में सनग्लासेज पहनने को गलत बताया। टॉप और जींस में मंदिर पहुंची थीं भूमि पेडनेकर भूमि पेडनेकर ने गुरुवार को अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर मंदिर यात्रा का वीडियो और फोटो शेयर किए थे। इसमें वे ब्लैक टॉप और ब्लू डेनिम जींस में नजर आ रही हैं। उन्होंने आंखों पर काला चश्मा लगा रखा है और शिवलिंग पर जल अर्पित कर रही हैं।

### नैनो न्यूज

- **नई दिल्ली** : 2011 से अलग रह रहे उमर अब्दुल्ला-पायल का तलाक, 32 साल पहले हुई थी शादी, सुप्रीम कोर्ट ने आपसी सहमति से डिवोर्स को मंजूरी दी।
- **कराची** : पाकिस्तान में गैंगस्टर उजैर बलोच के भाई पर हमला, ल्यारी में अज्ञात हमलावरों ने घर के बाहर गोली मारी, हालत गंभीर।
- **छत्तीसगढ़:** पूर्व सीएम भूपेश बघेल के करीबी केके श्रीवास्तव को ईडी ने किया गिरफ्तार, 8 दिन की रिमांड।
- **नई दिल्ली** : जैसे पानी को गीला कहना', सोनम वांगचुक की पत्नी ने संविधान में 'सेक्युलर' शब्द को लेकर कह दी बड़ी बात।
- **नई दिल्ली** : भारत ने भूटान को 4 हजार करोड़ की रियायती ऋण सुविधा देने पर सहमति जताई। ग्रीन मोबिलिटी को बढ़ावा देने पर भी सहमति बनाई।
- **नई दिल्ली** : मोदी सरकार ने किसानों को दी बड़ी खुशखबरी: अगले 5 साल के लिए बढ़ाई पीएम किसान सम्मान निधि योजना।

### राम मंदिर चढ़ावा चोरी को लेकर विपक्षी सांसदों ने संसद परिसर में किया प्रदर्शन

# संसद में पप्पू यादव पुजारी बनकर पहुंचे, राहुल गांधी ने चंदा दिया

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली**

विपक्षी सांसदों ने शुक्रवार को संसद परिसर में राम मंदिर चढ़ावा चोरी को लेकर प्रदर्शन किया। सांसद पप्पू यादव पुजारी के वेश में दानपेटी लेकर पहुंचे। राहुल गांधी समेत विपक्षी सांसदों ने दानपेटी में चंदा डाला। साथ ही विपक्षी सांसद बैनर लेकर पहुंचे जिसमें अमित शाह संसद से गायब क्यों लिखा हुआ था।

इधर, लोकसभा की कार्यवाही 11 बजे शुरू हुई, लेकिन विपक्ष के हंगामे के कारण 12 बजे तक स्थगित कर दी गई। 12 बजे दोबारा शुरू होने पर लोकसभा में जन्म-मृत्यु पंजीकरण (संशोधन) बिल, 2026 ध्वनि मत से पास हुआ। लोकसभा और राज्यसभा तीन अगस्त तक के लिए स्थगित कर दी गई।

वहीं, कांग्रेस ने केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह के संसद में दिए गए बयान को लेकर उनके खिलाफ विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव पेश किया है। सिंह ने कहा था कि जंतर-मंतर और संसद मार्च में प्रदर्शनकारियों पर फायरिंग नहीं हुई थी।




**लोकसभा तीन अगस्त तक स्थगित-** केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने लोकसभा में जन्म-मृत्यु पंजीकरण (संशोधन) बिल, 2026 पारित करने का प्रस्ताव रखा। बिल ध्वनि मत से पास हुआ। इसके बाद विपक्ष के हंगामे के कारण लोकसभा तीन अगस्त तक के लिए स्थगित कर दी गई।

#### चढ़ावा चोरी के नाटक पर भड़के संत

**लखनऊ/वाराणसी।** संसद परिसर में राम मंदिर चढ़ावा चोरी को लेकर विपक्ष के प्रदर्शन पर यूपी का संत समाज भड़क गया। उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सांसद राहुल गांधी और पप्पू यादव पर सनातन का अपमान करने का आरोप लगाया और उनसे सिर झुकाकर माफी मांगने को कहा।

# देशभर में आंदोलनों की गूंज

## शिक्षा, किसान, श्रमिक, पर्यावरण और क्षेत्रीय मांगों पर बढ़ता दबाव

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली**



देश के कई राज्यों में अलग-अलग मुद्दों को लेकर विरोध प्रदर्शन और जन आंदोलन जारी हैं। इनमें छात्रों का शिक्षा सुधार और परीक्षा प्रणाली की पारदर्शिता को लेकर शुरू हुआ आंदोलन राष्ट्रीय बहस का विषय बना। कृषि क्षेत्र में भोपाल में मूंग खरीदी, ई-टोकन और समर्थन मूल्य से जुड़े मुद्दों पर किसानों ने आंदोलन किया, जो सरकार द्वारा कुछ मांगे मान लेने के बाद समाप्त हुआ। पंजाब और हरियाणा में किसान और श्रमिक संगठनों की सक्रियता भी चर्चा में है। पर्यावरण से जुड़े मुद्दों, वनों के संरक्षण, जल संसाधनों और भूमि अधिग्रहण के विरोध में भी अलग-अलग स्थानों पर प्रदर्शनों की खबरें हैं। क्षेत्रीय स्तर पर भी विविध मांगों को लेकर प्रदर्शन जारी हैं, जैसे जम्मू-कश्मीर में राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग, अन्य राज्यों में स्थानीय मुद्दों पर भी आंदोलन हो रहे हैं। विश्लेषकों का कहना है कि इन आंदोलनों का स्वरूप भले अलग-अलग हो, लेकिन इनका साझा संदेश रोजगार, शिक्षा, कृषि, पर्यावरण, पारदर्शिता और बेहतर शासन की मांग है।

#### सुरक्षा बलों की तैनाती

सरकारें वार्ता का रास्ता अपना रही हैं, पर कई जगह कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षा बलों की तैनाती भी की गई है। आने वाले महीनों में इन आंदोलनों का रुख इस बात पर निर्भर करेगा कि सरकारें और संबंधित पक्ष संवाद के जरिए कितनी प्रभावी सहमति बना पाते हैं।

### भोपाल में गैस त्रासदी पीड़ित संगठनों ने 63 सैंपल लिए

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल**

भोपाल में यूनियन कार्बाइड गैस त्रासदी पीड़ितों के चार संगठनों ने शहर में सप्लाई किए जा रहे पेयजल को लेकर गंभीर आरोप लगाए। संगठनों का दावा है कि भोपाल नगर निगम कार्बाइड फैक्ट्री के आसपास के इलाकों में सीवेज से दूषित पानी की आपूर्ति कर रहा है, जिससे इंदौर के भागीरथपुरा जैसी स्थिति बनने का खतरा पैदा हो गया है। संगठनों ने प्रभावित क्षेत्रों में पेयजल की जांच कराई, जिसकी रिपोर्ट भी सार्वजनिक की। रिपोर्ट के मुताबिक जांचे गए पानी के करीब 70 प्रतिशत नमूनों में फीकल कोलीफॉर्म (मल से जुड़े बैक्टीरिया) पाए गए। इससे संकेत मिलता है कि इन इलाकों में बड़ी मात्रा में मल से दूषित पानी लोगों तक पहुंच रहा है।

### कांवड़ यात्रा के दौरान हादसा

## गंगनहर में 4 कांवड़ियों की मौत



**एजेंसी ▸▸ हरिद्वार**

कांवड़ यात्रा के दौरान हरिद्वार बड़ा हादसा हो गया। ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र जटवाड़ा पुल के पास शुक्रवार शाम गंगनहर में नहाते समय चार कांवड़ यात्री डूब गए। हादसे में चारों की मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और संयुक्त रूप से रेस्क्यू अभियान शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद चारों युवकों के शव गंगनहर से बरामद कर लिए गए। पुलिस ने शवों को जिला अस्पताल की मोर्चरी में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार, शुक्रवार को पुलिस को जटवाड़ा पुल के पास चार युवकों के गंगनहर में डूबने की सूचना मिली थी।

## चार मंजिला बिल्डिंग ढहने से 9 की मौत

**एजेंसी ▸▸ भिवंडी**

महाराष्ट्र के भिवंडी में गुरुवार रात करीब 11.30 बजे एक चार मंजिला इमारत ढह गई। हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई। 4 से 5 लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है। राहत और बचाव अभी भी जारी है।

नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि बिल्डिंग में 48 कमरे थे। हर मंजिल पर 12 कमरे बने हुए थे। निगम ने बिल्डिंग को पहले ही खतरनाक घोषित कर दिया था, जिस समय यह हादसा हुआ, उस वक्त मरम्मत का काम चल रहा था।

एक अधिकारी ने इस बिल्डिंग में रह रहे लोगों के हवाले से बताया कि गुरुवार रात करीब 9 बजे इमारत में जोरदार चटकने की आवाजें सुनी गईं। कुछ लोगों ने दरारें भी देखीं। इसके बाद स्थानीय लोगों ने परिवारों को दूसरी जगह शिफ्ट करना शुरू कर दिया, तभी इमारत का एक हिस्सा ढह गया। घटनास्थल पर नेशनल डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स, ठाणे रिस्पॉन्स फोर्स और फायर ब्रिगेड की टीमों ने रेस्क्यू किया। भिवंडी के इंदिरा गांधी अस्पताल के कैजुअल्टी ऑफिसर डॉ. आकाश शुक्ला ने बताया कि रात में दो पुरुष और एक महिला को अस्पताल लाया गया।

## गुना में हैवानियत : युवती को जंगल में ले जाकर किया गैंगरेप

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ गुना**

प्रदेश के गुना जिले के धरनावदा थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे-46 के पास एक 26 वर्षीय युवती के साथ कथित सामूहिक दुष्कर्म और बर्बरता का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश के लिए कई टीमें तथा एक विशेष जांच दल गठित किया है।



पुलिस के अनुसार, घटना गुरुवार रात करीब 8 बजे की बताई गई है। पीड़िता अपने साथी के साथ हनुमान टेकरी मंदिर से दर्शन कर विजयपुर लौट रही थी। आरोप है कि रास्ते में बाइक सवार कुछ युवकों ने पंक्चर होने का बहाना बनाकर उनकी बाइक रुकवाई। इसके बाद युवती को जबरन सड़क किनारे जंगल की ओर ले गए। घायल पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। धरनावदा थाना पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस जंगल और आसपास के क्षेत्रों में आरोपियों की तलाश कर रही है।

#### बारी-बारी से दुष्कर्म

पीड़िता का आरोप है कि जंगल में अन्य आरोपियों को भी बुलाया गया और उसके साथ बारी-बारी से दुष्कर्म किया गया। उसने यह भी आरोप लगाया कि विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ गंभीर शारीरिक हिंसा की और अमानवीय यातना देने की कोशिश की, जिससे वह घायल हो गई। राहगीर की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो आरोपी फरार हो गए।

## देश में पहली बार लाइव हार्ट लेकर दौड़ी वंदे भारत



**दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली**

भारतीय रेलवे ने पहली बार वंदे भारत एक्सप्रेस के जरिए जीवित हृदय (लाइव हार्ट) को सफलतापूर्वक एक शहर से दूसरे शहर पहुंचाकर नई उपलब्धि हासिल की है। सूरत से अहमदाबाद तक हृदय को मुंबई सेंट्रल-गांधीनगर कैपिटल वंदे भारत एक्सप्रेस (20901) से तय समय के भीतर सुरक्षित पहुंचाया गया। ट्रेन ने ढाई घंटे में यह दूरी तय की।

**सूरत से अहमदाबाद ले जाना था जिंदा दिल-** यह हृदय यू.एन. मेहता इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोलॉजी एंड रिसर्च सेंटर, अहमदाबाद में प्रत्यारोपण के लिए भेजा गया। रेलवे का कहना है कि यह ऑपरेशन समयबद्ध और सुरक्षित तरीके से पूरा किया गया, जो गंभीर मरीजों तक अंगों को तेजी से पहुंचाने की दिशा में अहम उपलब्धि है। इसे सफल बनाने में भारतीय रेलवे, गुजरात पुलिस, रेलवे सुरक्षा बल और डॉक्टरों की टीम ने मिलकर काम किया।

## पुष्पक एक्सप्रेस के शौचालय की खिड़की से लटका मिला यात्री का शव

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ बीना**

पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल-बीना स्टेशनों के बीच पुष्पक एक्सप्रेस के जनरल कोच के शौचालय की खिड़की पर गुरुवार की देर रात एक यात्री का शव फंदे से लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही ट्रेन को बीना रेलवे जंक्शन पर रोका गया। जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेज दिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बताया जाता है कि ट्रेन नंबर 12534 पुष्पक एक्सप्रेस गुरुवार रात करीब 10 बजे भोपाल से रवाना हुई थी और उसका अगला ठहराव ललितपुर था। देर रात करीब 12 बजे गार्ड ने जनरल कोच के शौचालय की खिड़की पर एक यात्री को फंदे से लटका देखा। इसके बाद तत्काल कंट्रोल



रूम को सूचना दी गई।


सूचना के बाद ट्रेन को बीना रेलवे जंक्शन के प्लेटफॉर्म नंबर-4 पर रोका गया। पहले से मौजूद जीआरपी टीम ने शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेजा। पुलिस की तलाशी में मिले आधार कार्ड के आधार पर मृतक की पहचान गोरावर सिंह (30), पिता कुंजीलाल, निवासी कलीन चौक पदनिया, जिला कोरबा (छत्तीसगढ़) के रूप में हुई।

## पाकिस्तान में मीथेन गैस विस्फोट से 34 की मौत

**एजेंसी ▸▸ बलूचिस्तान**

पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में एक कोयला खदान में मीथेन गैस विस्फोट होने से 34 खनिकों की मौत हो गई। हादसा क्वेटा के बाहरी इलाके में स्थित खदान में गुरुवार को हुआ। रातभर चले बचाव अभियान के बाद सभी शव बरामद कर लिए गए हैं।

प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार, शुरूआती जानकारी में खदान के भीतर 42 लोगों के मौजूद होने की आशंका थी। बचाव दल ने सभी मृतकों के शव निकाल लिए हैं। बलूचिस्तान के खान एवं खनिज मंत्री शोएब नोशेरवानी ने हादसे पर शोक व्यक्त करते हुए प्रत्येक मृतक के परिवार को 5 लाख पाकिस्तानी रुपये मुआवजा देने की घोषणा की।




### विधायक की मुश्किलें बढ़ीं, चुनावी हलफनामे में 4 अगस्त को होगी सुनवाई

# 100 करोड़ की संपत्ति छिपाने का आरोप

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ जबलपुर**

मध्य प्रदेश हाई कोर्ट में रहली विधानसभा क्षेत्र से विधायक गोविंद सिंह राजपूत के वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव के दौरान दाखिल नामांकन पत्र और चुनावी हलफनामे को लेकर एक जनहित याचिका दायर की गई है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि चुनाव आयोग के समक्ष प्रस्तुत हलफनामे में लगभग 100 करोड़ रुपये मूल्य की कथित अचल संपत्तियों का पूरा विवरण नहीं दिया गया और महत्वपूर्ण जानकारियां छिपाई गईं। मामले को गंभीर मानते हुए कार्यवाहक




मुख्य न्यायाधीश विवेक रूसिया और न्यायमूर्ति प्रदीप मित्तल की खंडपीठ ने सुनवाई के लिए 4 अगस्त की तारीख निर्धारित की है।

जनहित याचिका सागर जिले की रहली विधानसभा क्षेत्र के निवासी राजकुमार सिंह की ओर से दायर की गई है। याचिका में दावा किया गया है कि विधायक गोविंद सिंह राजपूत, उनकी पत्नी सविता गोविंद तथा ज्ञानवीर सेवा समिति के नाम दर्ज कई कथित अचल संपत्तियों का विवरण चुनावी हलफनामे में पूरी तरह से प्रस्तुत नहीं किया गया। याचिकाकर्ता का कहना है कि जनप्रतिनिधित्व कानून और चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता के तहत प्रत्याशी के लिए अपनी सभी चल और अचल संपत्तियों का सही एवं पूर्ण विवरण देना अनिवार्य होता है। ऐसे में यदि किसी महत्वपूर्ण संपत्ति का उल्लेख नहीं किया गया है तो यह गंभीर कानूनी और संवैधानिक प्रश्न खड़ा करता है।

## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का शुक्रवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## खुसूर-फुसूर

# ज्यों-ज्यों दवा की मर्ज बढ़ता गया...

धर्मनगरी में वैसे तो अनेक समस्या है जो सनातन हो चली है। मवेशी, श्वान जैसे कई मामले हैं। इनमें एक समस्या बेकाबू सी हो गई है। खास यह है कि यह समस्या आम आदमी और अधिकांश इसी शहर के निवासियों से संबंधित है और समस्या के लिए अधिकांश यही जिम्मेदार भी हैं। ये है यातायात की समस्या। इस समस्या रूपी रोग का ईलाज करने के लिए सफेद वर्दी धारी डाक्टर सडकों पर सतत रूप से कई बार इलाज करते देखे गए हैं। कई प्रयास एवं प्रयोगों के बावजूद इस समस्या रूपी रोग का निदान नहीं हो पा रहा है। हाल ही में इसके निदान के लिए नए आए जवानों को भी झोंक दिया गया है। चौराहों पर ये मात्र एक और खडे होकर पूरी व्यवस्था को देख रहे हैं नियंत्रण काफी हल्का है। एक जवान ने गुदरी चौराहा पर इस रोग पर मजबूती से नियंत्रण का प्रयास किया तो उसके साथ अभद्रता हो गई। ये बात अलग है कि बाद में वर्दी केंद्र ने अभद्रता करने वाले का रोग पूरी तरह से ही निकाल बाहर किया। हालत यह है कि पुराने शहर के साथ अब तो नए शहर में भी यह रोग जमकर फैल रहा है। यातायात के नियमों का पालन करने को लेकर बहुत ही कमजोर स्थिति उभरकर सामने आ रही है। अगर कहीं पाईंट पर पालन भी वर्दी को देखकर किया जा रहा है तो आधा अधुरा किया जा रहा है। लाल लाइट में रुकने वाले को दाएं जाना है और वह बाएं बिल्कुल कोने में जेब्रा लाइनों के पार खडा हो रहा है जैसे ही पॉइंट में ग्रीन लाइट होती है तो ऐसे में दुर्घटना की पूरी संभावना देखी जा रही है। इसके अलावा भी ऐसे-ऐसे करतब वाहन चालक करते दिखाई देते हैं जिन्हें देखने के बाद यह कहना मुश्किल है कि इन्हें वाहन चालन की अनुज्ञप्ति कैसे मिली और क्यों। यातायात के नियमों का पालन करने को मात्र कुछ अंश ही लोग तैयार रहते हैं कई बार तो उन्हें भी मजबूरी में नियमों को तोडकर निकलना पड रहा है। खुसूर-फुसूर है कि इस रोग के निदान को लेकर ही शहर का यातायात प्रदेश ही नहीं देश स्तर पर जहां चाहो जिधर चाहो मुड जाओ और वाहन को मनमर्जी से चलाओं के रूप में देखा और बोला जाता है। इस समस्या रूपी बीमारी के इलाज को लेकर अब तक जितने प्रयास किए गए है तकरीबन सभी नाकामयाब रहे हैं। अब तो जुमला चल निकला है कि ज्यों-ज्यों मर्ज का ईलाज किया त्यों-त्यों बढ़ता गया।

## न्यूज कॉलम

### पेंशनर्स संयुक्त मोर्चे का गठन भदोरिया अध्यक्ष मनोनीत

**उज्जैन।** जिले के विभिन्न पेंशनर्स संगठनों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अखिलेश तिवारी ने की। बैठक में पेंशनर्स की विभिन्न समस्याओं के समाधान एवं उनके हितों की प्रभावी पैरवी के उद्देश्य से संयुक्त मोर्चा पेंशनर्स संघ, जिला उज्जैन का सर्वसम्मति से गठन किया गया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश पुलिस पेंशनर्स संघ, प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन उज्जैन, मध्यप्रदेश विद्युत मंडल पेंशनर्स संघ, उज्जैन जिला पेंशनर्स एवं वरिष्ठ नागरिक संघ, प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन तथा सेवानिवृत्त इंजीनियर संघ के पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में सर्वसम्मति से प्रमोद सिंह भदोरिया को संयुक्त मोर्चे का अध्यक्ष, देवेंद्र व्यास को महामंत्री, चंद्रशेखर जोशी को कोषाध्यक्ष तथा अखिलेश तिवारी एवं अशोक दुबे को संयोजक मनोनीत किया गया।

## नैनो न्यूज

- विदेशी फूलों से सजा बटुक भैरव मंदिर, विशाल भंडारे का हुआ आयोजन
- सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में प्रेमचंद जयंती पर राष्ट्रीय संगोष्ठी
- हरसिद्धि स्थित रामघाट मार्ग पर सावन भर मिलेगी भोजन प्रसादी,
- गुरु पूर्णिमा पर श्री रविदास सेवक संघ ने की संत रविदास महाराज की भव्य महाआरती
- मुख्यमंत्री मोहन यादव का किया स्वागत एवं यूसीसी लागू करने पर जताया आभार
- संगठन ने दी चेतावनी गौ माता के सम्मान में कानून नहीं बना तो उग्र आंदोलन करेगा
- सावन के पहले दिन सांसद संत उमेशनाथ महाराज के सानिध्य में हुआ आयोजन

## ट्रेंडिंग




### प्रशिक्षित 6 कर्मचारियों ने आयुर्वेद अस्पताल से नौकरी छोड़ी

# नवजात शिशु संरक्षा इकाई बनकर रह गई मात्र डे केयर युनिट

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

धन्वंतरी आयुर्वेद अस्पताल में न्यू बोर्न स्टेबलाईजेशन युनिट की सरकार ने स्थापना की है। इस इकाई की स्थापना के बाद जो लाभ आमजन को मिलना चाहिए था वैसा नहीं मिल पा रहा है। यह ईकाई मात्र दिन में ही डे केयर युनिट बनकर रह गई है। यहां प्रशिक्षित स्टाफ के अभाव के कारण ये हालात बने हैं।

धन्वंतरि आयुर्वेद अस्पताल में न्यू बोर्न स्टेबलाइजेशन यूनिट (एनबीएसयू) शुरू हो चुकी है, जिसके बाद नवजात शिशुओं के इलाज और देखभाल की सुविधा फोरी तौर पर ही कागजों में मजबूत हो गई है। अस्पताल में हर माह 40 से 50 सामान्य और 7 से 8 सिजेरियन डिलीवरी हो रही है। बढ़ती डिलीवरी संख्या को देखते हुए नवजातों के बेहतर उपचार और त्वरित चिकित्सा सुविधा के लिए यह यूनिट शुरू की गई है।

### रात्रि के समय में इमरजेंसी में चरक अस्पताल ही बन रहा सहारा



### मात्र डे केयर युनिट

एनबीएसयू शुरू होने के बाद दिन और रात दोनों समय में बच्चों को इसकी सुविधा की स्थिति बनना थी लेकिन ऐसा नहीं हो सका। युनिट मात्र डे केयर बनकर रह गई है। इस युनिट में जन्म के तुरंत बाद सांस लेने में परेशानी, कम वजन, पीलिया या अन्य गंभीर लक्षणों से जूझ रहे नवजातों को तत्काल प्राथमिक उपचार की सुविधा है। अब भी दिन में तो जैसे-तैसे युनिट में ऐसी स्थिति में बच्चों को उपचार दिया जाता है लेकिन रात के समय में चरक अस्पताल की विशेष नवजात शिशु देखभाल इकाई (एसएनसीयू) का ही सहारा लिया जा रहा है यानिकी रात में अब भी रैफर किया जा रहा है। एनबीएसयू यूनिट में अभी चार बेड हैं।

### इमरजेंसी केयर युनिट नहीं

धन्वंतरि कॉलेज में प्रसुति स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं नवजात संरक्षा ईकाई के प्रभारी डॉ. सिद्धेश्वर सतुआ बताते हैं कि हमारे पास पीड्रियेट्रीशन का अभाव है। रूटीन प्रसुति वोल बच्चों को इसमें रखा जा रहा है। ये डे केयर युनिट के रूप में संचलित हो रही है। इमरजेंसी केयर युनिट नहीं है। 6 प्रशिक्षित कर्मचारियों का स्टाफ यहां से छोड़कर अन्यत्र जा चुका है ऐसे में स्टाफ की कमी भी है। प्रतिमाह 40-50 प्रसुति होती है। 7-8 के लगभग शल्यक्रिया प्रसुति के मामले होते हैं। ऐसे में रात के समय में हमें चरक अस्पताल का ही सहारा है। वहीं रैफर किया जाता है।

### युनिट में ये आधुनिक सुविधाएं

एनबीएसयू में बेबी रेडिएंट वार्मर, फोटोथैरेपी यूनिट, ऑक्सीजन सपोर्ट सिस्टम, वेंटिलेटर और इंफ्यूजन पंप जैसी महत्वपूर्ण सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इन उपकरणों की मदद से नवजात शिशुओं को जन्म के तुरंत बाद आवश्यक उपचार मिल रहा है।

### प्रशिक्षित स्टाफ छोड़ गया

फिलहाल युनिट का संचालन चार बेड से किया जाना सामने आ रहा है। इसके लिए नर्सिंग स्टाफ और चिकित्सकों को भोपाल में विशेष प्रशिक्षण भी दिया गया था। खास यह रहा कि प्रशिक्षित स्टाफ में से ही कई लोग यहां से इधर उधर हो गए। इससे यह डे केयर युनिट की भूमिका में आ गया है।

### आयुक्त ने जयसिंहपुरा एवं सवारी मार्ग चौड़ीकरण कार्य के निरीक्षण के बाद

# ठेकेदार की लापरवाही पर 2 लाख का जुर्माना

### रामघाट मार्ग चौड़ीकरण कार्य ने युद्ध स्तर की गति पकड़ी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शुक्रवार को एक बार फिर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने चौडीकरण कार्य में लापरवाही पर एजेंसी पर 2 लाख का जुर्माना लगाया है। उन्होंने गदा पुलिया से रविशंकर नगर, जयसिंह पुरा होते हुए लालपुल ब्रिज रोड तक चौड़ीकरण कार्य, बाबा महाकाल सवारी मार्ग छत्री चौक से ढाबा रोड़ हरसिद्धि पाल से रामघाट मार्ग चौड़ीकरण कार्यों का निरीक्षण किया।

मार्ग चौड़ीकरण के अंतर्गत रविशंकर नगर जयसिंह पुरा होते हुए लालपुल ब्रिज रोड तक जिसकी लंबाई 1.35 किलोमीटर चौड़ाई 24 मीटर एवं कार्य की लागत राशि 18.95 करोड़ से चौड़ीकरण किया जा रहा है। निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा निरीक्षण के दौरान स्पष्ट निर्देश दिए कि नागरिकों की मूलभूत सुविधाएं जल प्रदाय, बारिश के दौरान जल भराव समस्या का निराकरण, नागरिकों के आवागमन आदि कार्यों को निर्बाध रूप से कराए। सम्बन्धित एजेंसी के द्वारा कार्य में धीमी गति एवं लापरवाही पाए जाने पर निगम आयुक्त द्वारा 2 लाख की पेनल्टी के निर्देश दिये, बाधक भवनों को हटाए जाने के साथ नाली निर्माण कार्य,पोल शिफ्टिंग, पेयजल लाइन के कार्यों को 7 अगस्त तक गुणवत्ता पूर्वक पूर्ण करने के निर्देश सम्बन्धित एजेंसी के प्रतिनिधि एवं अधिकारियों को दिए।



### नागरिक सुविधा ध्यान रखें-आयुक्त

आयुक्त ने ठेका एजेंसी को स्पष्ट कहा कि नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आवागमन को सुचारु बनाने हेतु मार्ग पर एक साइड से सड़क निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण किया जाए। एजेंसी के प्रतिनिधि को हिदायत देते हुए उन्होंने कहा कि चौड़ीकरण कार्य में लापरवाही किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी सम्बन्धित एजेंसी चौड़ीकरण कार्य में आवश्यक संसाधन बढ़ाए एवं कार्य को शीघ्र पूर्ण करे।

### कमरी मार्ग चौराहा कोबल पत्थर का कार्य पूर्ण

बाबा महाकाल सवारी मार्ग छत्री चौक से सत्यनारायण मंदिर एवं हरसिद्धि पाल से रामघाट मार्ग चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण निगम आयुक्त द्वारा किया गया। सवारी मार्ग पर कमरी मार्ग चौराहे पर कोबल पत्थर का कार्य पूर्ण किया गया। उन्होंने निर्देशित किया कि संपूर्ण सवारी मार्ग को विशेष सफाई टीम सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करे। मार्ग पर गिराऊ भवनों की गैलरी, छज्जे आदि की सतत मॉनिटरिंग भवन अधिकारी द्वारा की जाए। बाबा महाकाल सवारी के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा पैदल भ्रमण किया जाएगा, सवारी मार्ग पर इस बात का विशेष ध्यान रखते हुए चौड़ीकरण के दौरान निर्माण सामग्री एवं मलबे की सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। हरसिद्धि पाल से रामघाट मार्ग पर सीमेंट कांक्रीट सड़क निर्माण,गेबियन वॉल एवं रिटर्निंग वॉल का कार्य पूर्ण किया गया है। निगम आयुक्त द्वारा निरीक्षण कर शेष कार्यों को पूर्ण कर मार्ग को व्यवस्थित करने के निर्देश प्रदान किए गए।

## प्रकाश नगर में चार-पांच दिनों से भटक रही गाय को मालिक का इंतजार





दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर के प्रकाश नगर क्षेत्र में पिछले चार-पांच दिनों से एक गाय लगातार भटकती हुई दिखाई दे रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार गाय बेहद शांत और सीधी है, जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि यह किसी की पालतू गाय है जो रास्ता भटककर यहां पहुंच गई है।

रहवासियों ने बताया कि गाय कई दिनों से इधर-उधर घूम रही है और पर्याप्त चारा-पानी नहीं मिलने के कारण काफी परेशान नजर आ रही है। क्षेत्र के लोगों ने अपने स्तर पर उसे चारा-पानी देने का प्रयास किया है, लेकिन उसका वास्तविक मालिक अब तक सामने नहीं आया है।

गाय के कान में पीले रंग का टैग भी लगा हुआ है, जिस पर 105125/ 961328 नंबर अंकित दिखाई दे रहे हैं। इससे संभावना है कि उसकी पहचान आसानी से की जा सकती है।

स्थानीय नागरिकों ने अपील की है कि यदि यह गाय किसी की है या कोई इसके मालिक को पहचानता है, तो वह तत्काल प्रकाश नगर पहुंचकर गाय को अपने साथ ले जाए। समय रहते मालिक के मिलने से गाय को होने वाली परेशानी से बचाया जा सकेगा और उसे सुरक्षित उसके स्थान तक पहुंचाया जा सकेगा।

## गुरु पूर्णिमा पर डॉ. आचार्य पाराशर का सारस्वत सम्मान



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर सम्राट् विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन एवं उच्च शिक्षा विभाग, उज्जैन संभाग का समवेत 'गुरु सांदीपनि सम्मान समारोह 'नवनिर्मित गीता भवन के भव्य सभागार में आयोजित किया गया। गुरु सांदीपनि सम्मान समारोह में सम्राट् विक्रमादित्य विश्वविद्यालय की डॉ. अम्बेडकर पीठ के सेवानिवृत्त आचार्य डॉ. शैलेन्द्र पाराशर की उपलब्धियों एवं अवदानों को दृष्टिगत रखते कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज, कुलसचिव डॉ.अनिल कुमार शर्मा एवं राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् के अध्यक्ष प्रो. नागेश्वर राव ने श्रीफल , उत्तरीय ओढ़ाकर एवं 'गुरु सांदीपनि सम्मान-पत्र' प्रदान कर सम्मानित किया।

### हूटर-फ्लैश लाइट, अवैध स्टीकर एवं नियम विरुद्ध नम्बर प्लेट पर होगी सख्त कार्रवाई

# आज से वाहनों की विशेष चेकिंग का अभियान

### उज्जैन की यातायात पुलिस को एक दिन पूर्व शाम तक इसकी कोई सूचना नहीं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

वाहनों में अनाधिकृत रूप से उपयोग किए जा रहे हूटर, सायरन, फ्लैश लाइट (लाल, पीली एवं नीली बत्ती), वीआईपी एवं सरकारी स्टीकर, नियम विरुद्ध नम्बर प्लेट तथा अवैध ब्लैक फिल्म (टिंटेड ग्लास) को लेकर पुलिस सख्त होने वाली है। इसे लेकर पुलिस मुख्यालय ने 10 दिवसीय अभियान के निर्देश दिए हैं। इधर 1 अगस्त से शुरू होने वाले अभियान की उज्जैन यातायात पुलिस को एक दिन पूर्व संध्या तक कोई जानकारी नहीं थी।

मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार प्रदेशभर में निजी वाहनों में अनाधिकृत रूप से उपयोग किए जा रहे हूटर, सायरन, फ्लैश लाइट (लाल, पीली एवं नीली बत्ती), वीआईपी एवं सरकारी स्टीकर, नियम विरुद्ध नम्बर प्लेट तथा अवैध ब्लैक फिल्म (टिंटेड ग्लास) के विरुद्ध 01 अगस्त 2026 से 10 अगस्त 2026 तक विशेष प्रवर्तन अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में यातायात पुलिस एवं समस्त थाना पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से विशेष चेकिग अभियान चलाया जाएगा। अभियान के दौरान जिले के प्रमुख मार्गों, चौराहों एवं सार्वजनिक स्थलों पर विशेष वाहन जांच की जाएगी तथा नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत नियमानुसार चालानी एवं अन्य वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

### ऐसे बचें कार्रवाई से



वाहन स्वामी एवं वाहन चालक अपने वाहनों की जांच कर लें तथा यदि वाहन में किसी प्रकार का अनाधिकृत हूटर, सायरन, फ्लैश लाइट, सरकारी अथवा वीआईपी स्टीकर, नियम विरुद्ध नम्बर प्लेट या ब्लैक फिल्म लगी हो तो उसे तत्काल हटवा लें। वाहन चलाते समय हेलमेट, सीट बेल्ट एवं अन्य यातायात नियमों का पालन करें। वाहन के आवश्यक दस्तावेज जैसे ड्राइविंग लाइसेंस, पंजीयन प्रमाण-पत्र, बीमा एवं प्रदूषण प्रमाण-पत्र अद्यतन रखें।

### इन बिदुओं पर जांच एवं कार्यवाही होगी

निजी वाहनों में लगाए गए अनाधिकृत हूटर, सायरन, प्रेशर हॉर्न एवं लाल, पीली अथवा नीली फ्लैश लाइट (बत्ती)। निजी वाहनों पर लगाए गए वीआईपी, ऑन ड्यूटी, सरकार, प्रेस, पुलिस, एडव्होकेट, जज अथवा अन्य किसी प्रकार के अनाधिकृत स्टीकर, मोनोग्राम, प्रतीक चिन्ह एवं पदनाम। नियमों के विपरीत फैंसी, परिवर्तित, अस्पष्ट, ढकी हुई अथवा मानक विनिर्देशों के अनुरूप नहीं होने वाली नम्बर प्लेट। चार पहिया वाहनों के शीशो पर लगाई गई अवैध ब्लैक फिल्म (टिंटेड ग्लास)। अन्य यातायात नियमों एवं मोटर वाहन अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन।

### उज्जैन यातायात को कोई जानकारी नहीं

पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर शनिवार से शुरू होने वाली 10 दिवसीय अभियान की उज्जैन के यातायात पुलिस को कोई जानकारी एक दिन पूर्व संध्या तक नहीं थी। इसे लेकर यातायात डीएसपी डीएसपी दिलीपसिंह परिहार का कहना था कि उनकी जानकारी में ऐसे किसी अभियान को लेकर संदेश आया हो नहीं हैं। डीएसपी विक्रमसिंह कनपुरिया का कहना था कि ऐसा संदेश देखने में नहीं आया है अगर देर शाम को ई-मेल पर कोई संदेश मिला होगा तो देखा जाएगा। दोनों ही अधिकारियों ने कहा कि अभियान होगा तो कार्रवाई मुख्यालय निर्देशानुसार संचालित की जाएगी।

### 16 राज्यों से आए श्रद्धालुओं ने लिया जाप का संकल्प

# सावन के प्रथम दिन 51 लाख 'ॐ नमः शिवाय' जाप

### उज्जैन के 250 स्थानों पर पूरे सावन चलेगा जाप अभियान, विदेशों तक पहुंचेगा शिव नाम का संदेश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

बाबा महाकालेश्वर की पावन नगरी उज्जैन में सावन माह के प्रथम दिवस पर शिवभक्ति का भव्य और आध्यात्मिक वातावरण देखने को मिला। श्री क्षेत्र वाल्मीकि धाम में आयोजित सामूहिक 'ॐ नमः शिवाय' जाप में देश के विभिन्न राज्यों से आए श्रद्धालुओं ने लगभग दो घंटे तक एकाग्रचित्त होकर शिव नाम का स्मरण किया। इस दौरान करीब 51 लाख 'ॐ नमः शिवाय' मंत्रों का जाप किया गया।

यह आयोजन पिछले 11 वर्षों से श्री क्षेत्र वाल्मीकि धाम पीठाधीश्वर एवं राज्यसभा सांसद परम पूज्य राष्ट्रीय संत बालयोगी उमेशनाथ महाराज की प्रेरणा से ॐ नमः शिवाय जप समिति एवं श्री हरि आध्यात्मिक सेवा संस्थान द्वारा निरंतर किया जा रहा है। संस्था के अनुसार पूरे सावन माह में मठ-मंदिरों, स्कूल-कॉलेजों और विभिन्न सामाजिक स्थलों पर सामूहिक जाप का आयोजन किया जाता है।



### शिव भक्ति का संदेश पहुंचाया जाएगा

कार्यक्रम में 16 राज्यों से पहुंचे शिष्य एवं श्रद्धालुओं ने अपने-अपने शहरों में भी सामूहिक 'ॐ नमः शिवाय' जाप आयोजित करने का संकल्प लिया। समिति ने बताया कि इस वर्ष उज्जैन शहर के लगभग 250 स्थानों पर पूरे सावन माह में शिव नाम संकीर्तन एवं जाप का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही अन्य देशों में भी इस अभियान के माध्यम से शिव भक्ति का संदेश पहुंचाया जाएगा। जाप के पश्चात श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन में भाग लेकर भक्तिमय वातावरण का आनंद लिया।



सब पे नज़र, सबकी ख़बर

# दैनिक अवन्तिका



## न्यूज ब्रीफ

### अधिकारियों एवं चिकित्सकों को बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

**इंदौर।** संभागायुक्त भास्कर लक्षकार एवं कलेक्टर शिवम वर्मा गुरूवार सुबह इंदौर के एमवाय अस्पताल संयुक्त रूप से निरीक्षण के लिए पहुंचे। निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त श्री लक्षकार एवं कलेक्टर श्री वर्मा ने एमवाय अस्पताल के ओपीडी, आपातकालीन सेवा, रोगी कल्याण समिति, ब्लड बैंक, नेत्र विभाग, आयुष्मान भारत योजना विभाग सर्जरी सहित विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त श्री लक्षकार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे एमवाय अस्पताल में उपचार के लिए आने वाले मरीजों की सुविधाओं को सुनिश्चित करने हेतु जगह-जगह संकेत सूचक लगाये।

### वृद्धाश्रम संचालकों के विरुद्ध एफआईआर के निर्देश

**इंदौर।** वृद्धजनों के साथ एक नाबालिग द्वारा मारपीट किए जाने संबंधी प्रसारित समाचार का संज्ञान लेते हुए कलेक्टर शिवम वर्मा ने मामले को गंभीरता से लिया और तत्काल जांच के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री वर्मा के निर्देश पर एसडीएम मल्हारगंज, सामाजिक न्याय एवं महिला बाल विकास विभाग के संयुक्त दल को मौके पर भेजा गया। दल द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित वृद्धजनों को मान्यता प्राप्त वृद्धाश्रमों- गणेश आश्रम, निराश्रित सेवाश्रम,आशा निलय में सुरक्षित स्थानांतरित कराया गया। वहीं नाबालिग को आवश्यक संरक्षण एवं आगे की वैधानिक कार्रवाई के लिए बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) की सुपुर्दगी में सौंप दिया गया है।प्राथमिक जांच में संबंधित प्रेमाश्रय वृद्ध आश्रम, बाणगंगा का संचालन अवैध रूप से पाया जाने पर प्रशासन द्वारा उसे तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया है।

### कर्मयोगी कर्तव्य कार्यक्रम की कार्यशाला आयोजित

**इंदौर।** मिशन कर्मयोगी के अंतर्गत संचालित कर्मयोगी कर्तव्य कार्यक्रम३ के तहत गुरुवार को ई-दक्ष केंद्र, इंदौर में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में संभागीय जनसंपर्क कार्यालय, कार्यालय परियोजना संचालक आत्मा तथा जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सहभागिता की। कार्यशाला में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों को अपनी क्षमताओं एवं योग्यताओं की पहचान करने, समूह में प्रभावी ढंग से कार्य करने, नेतृत्व क्षमता विकसित करने तथा विपरीत परिस्थितियों में सकारात्मक सोच के साथ कार्य करने जैसे विषयों पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा किए और जीवन से जुड़े प्रेरक प्रसंग भी सुनाए।

### श्रावण के पहले दिन महाकाल शिखर पर हनुमान जी के दर्शन



**उज्जैन।** श्रावण माह की शुरूआत बाबा महाकाल के दरबार में एक चमत्कारिक नजारे के साथ हुई। श्रावण के पहले दिन महाकाल मंदिर के शिखर पर करीब 10 से 15 मिनट तक एक वानर बैठा दिखाई दिया। इस अद्भुत दृश्य को देखकर मंदिर में मौजूद हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ जय श्री महाकाल और जय श्री राम के जयकारों से गूंज उठी। वानर को सनातन धर्म में हनुमान जी का प्रतीक माना जाता है। हनुमान जी को स्वयं भगवान रुद्र का अवतार कहा जाता है। ऐसे में श्रावण माह के पहले दिन बाबा महाकाल के मंदिर के शिखर पर वानर का दिखाई देना भक्त शुभ संकेत मान रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वानर करीब 10-15 मिनट तक शिखर पर बैठा रहा और फिर चला गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने अपने मोबाइल से इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। श्रावण माह के पहले दिन ही हजारों की संख्या में श्रद्धालु बाबा महाकाल के दर्शन करने पहुंचे। मंदिर परिसर में सुबह से ही लंबी कतारें लगी रहीं। भक्तों का कहना है कि श्रावण में महाकाल के दर्शन और ऊपर से वानर का दर्शन मिलना दोहरा सौभाग्य है। महाकाल मंदिर के पुजारियों ने भी इसे शुभ माना और कहा कि श्रावण में ऐसे संकेत बाबा की विशेष कृपा का प्रतीक होते हैं। श्री महाकालेश्वर मंदिर में श्रावण मास के महापर्व के अवसर पर श्री महाकालेश्वर मंदिर पुरोहित समिति द्वारा जनकल्याण, राष्ट्रकल्याण, समस्त विश्व सुवृष्टि सुख-समृद्धि एवं विश्वशांति की मंगलकामना के साथ परंपरागत रूप से प्राचीन सभामंडप में संपूर्ण श्रावण मास तक प्रतिदिन रुद्राभिषेक अनुष्ठान किया जाएगा।

## नैनो न्यूज

- **विधानसभा मानसून सत्र:** मध्य प्रदेश विधानसभा का मानसून सत्र शुरू, पांच दिनों तक सरकार और विपक्ष कई अहम मुद्दों पर आमने-सामने रहेंगे।
- **ग्वालियर को बड़ी सौगात:** दूरसंचार विभाग और राज्य सरकार के बीच टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग जोन स्थापित करने के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर हुए। इससे निवेश और रोजगार को बढ़ावा मिलेगा।
- **मौसम अलर्ट:** पश्चिमी मध्य प्रदेश के कई जिलों में भारी बारिश, गरज-चमक और बिजली गिरने की चेतावनी जारी की गई।
- **खंडवा:** नदी का जलस्तर बढ़ने से टापू पर फंसे चार युवकों को 11 घंटे चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद सुरक्षित निकाला गया।
- **दतिया उपचुनाव:** मतदान संपन्न होने के बाद अब सभी की नजर 3 अगस्त को होने वाली मतगणना पर है।
- **वन्यजीव संरक्षण:** मुख्यमंत्री ने कहा कि अगली बाघ गणना में मध्य प्रदेश में 1,000 से अधिक बाघ होने की संभावना है, जो देश में सबसे अधिक होगी।
- **उच्च शिक्षा:** एमपी बीएड प्रवेश प्रक्रिया के चौथे राउंड की सीट आवंटन सूची जारी, अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन के निर्देश दिए गए हैं।
- **भोपाल:** सरकार ने अधिकारियों और मंत्रियों को हर शुक्रवार फील्ड में जाकर योजनाओं की निगरानी करने के निर्देश दिए हैं।

### सिंहस्थ 2028: बिखरेंगे व्यापारिक अवसर, मध्यम और बड़े निवेशकों के लिए सिंहस्थ सिर्फ अवसर नहीं, बल्कि दीर्घकालिक निवेश का एक मंच

# उज्जैन बनेगा आस्था, पर्यटन, व्यापार और निवेश की नई राजधानी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ संदीप मेहता, उज्जैन

उज्जैन में आयोजित होने वाला सिंहस्थ 2028 ना सिर्फ धार्मिक आस्था का महापर्व होगा, बल्कि छोटे व्यापारियों से लेकर बड़े निवेशकों तक के लिए आर्थिक गतिविधियों का केंद्र भी बनेगा। छोटे व्यापारियों के लिए मौके: पूजा सामग्री, दीये, अगरबत्ती, माला, रुद्राक्ष और तांबे-पीतल के बर्तनों की मांग तेजी से बढ़ेगी। स्थानीय स्तर पर फूड स्टॉल, मिनरल वाटर सप्लाई, क्लॉक रूम सेवाएं और ई-रिक्शा संचालन जैसे काम कम पूंजी में अच्छे लाभ दे सकते हैं। मध्यम स्तर के व्यवसाय: टेंट सिटी ऑपरेशन, होम-स्टे मैनेजमेंट, टूर एंड ट्रैवल सर्विसेज, मल्टी-लेवल पार्किंग सुविधा, एम्बुलेंस सेवा और मेडिकल

सिंहस्थ 2028 से स्वास्थ्य, शिक्षा, कौशल विकास, सुरक्षा, आपदा प्रबंधन और हरित विकास की योजनाबद्ध तैयारी हो तो सेवा क्षेत्र मजबूत होगा और स्थायी लाभ छोड़ जाएगा। करोड़ों श्रद्धालुओं की आमद से अस्थायी अस्पताल, एम्बुलेंस सेवाएँ, दवा वितरण और मेडिकल उपकरणों की मांग कई गुना बढ़ेगी। युवाओं के लिए होटल हॉस्पिटैलिटी, विदेशी भाषाओं का परिचय, डिजिटल भुगतान, ग्राहक सेवा और भीड़ प्रबंधन जैसे प्रशिक्षण कार्यक्रम रोजगार के अवसर बढ़ाएँगे। शिक्षा संस्थान स्वयंसेवक प्रशिक्षण, शोध परियोजनाएं और पर्यटन अध्ययन से योगदान दे सकते हैं। सुरक्षा व्यवस्था में सीसीटीवी, एकीकृत कंट्रोल रूम, ड्रोन निगरानी, महिला सुरक्षा डेस्क और आपातकालीन प्रतिक्रिया दल शामिल होंगे। हरित सिंहस्थ की दिशा में प्लास्टिक में कमी, कचरा पृथक्करण, बायो-टॉयलेट, सौर ऊर्जा प्रकाश और नदी संरक्षण अभियानों को शामिल किया जा सकता है। सामाजिक संगठनों और स्वयंसेवी संस्थाओं की भागीदारी स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान कैंप, स्वच्छता अभियान और महिला सहायता केंद्रों में उपयोगी रहेगी। कुल मिलाकर, सफलता इस बात पर निर्भर करेगी

### आस्था के महापर्व से खुलेगा हजारों करोड़ रुपए का कारोबार का मार्ग

अगर अभी से तैयारी की गई, तो छोटे दुकानदारों से लेकर बड़े उद्योगपतियों तक सभी को फायदा होगा। छोटे व्यापारियों के लिए पूजा सामग्री, खाद्य स्टॉल, मिनरल वाटर, क्लॉक रूम और ई-रिक्शा जैसे विकल्प। मध्यम निवेश वालों के लिए टेंट हाउस, होम-स्टे, पार्किंग प्रबंधन, कैटरिंग सेवाएं, और मेडिकल सपोर्ट लाभदायक रहेंगे। बड़े निवेशकों के लिए प्रीमियम होटल, टेंट सिटी, मल्टीलेवल पार्किंग, इवेंट मैनेजमेंट, ब्रांड प्रमोशन और मीडिया पार्टनरशिप अच्छे मौके हैं। निर्माण क्षेत्र को भी लाभ मिलेगा क्योंकि सड़क, घाट, सीवरेज, और पेयजल प्रोजेक्ट पर काम होगा। मीडिया और प्रिंटिंग उद्योग के लिए स्पेशल सिंहस्थ अंक, गाइड बुक, पोस्टर, फ्लेक्स, और विज्ञापन से आय बढ़ेगी। वॉल पेंटिंग और कलात्मक डिजाइन भी बड़े पैमाने पर मांगे जाएंगे। डिजिटल स्टार्टअप्स के लिए होटल बुकिंग, भीड़ प्रबंधन, बहुभाषी गाइड ऐप्स, और डिजिटल पेमेंट सेवाओं की मांग बढ़ेगी। वहीं टैक्सी, कार रेंटल, और परिवहन सेवाओं को भी बड़ा कारोबार मिलेगा। अगर इन सभी क्षेत्रों में योजना, निवेश, प्रशिक्षण और सरकारी-निजी समन्वय साथ चले, तो सिंहस्थ 2028 मध्य प्रदेश के लिए दीर्घकालिक आर्थिक विकास का बड़ा इंजन बन सकता है।

### 100 से अधिक लघु व्यवसायों के लिए अवसर

छोटे व्यापारी पूजा सामग्री, रुद्राक्ष माला, कपूर-चंदन, तांबे-पीतल के बर्तनों से लेकर खाद्य स्टॉल, चाय-कॉफी, फल और पैकेज्ड पेयजल तक सबमें मांग बढ़ेगी। युवाओं के लिए क्लॉक रूम सेवाएं, मोबाइल चार्जिंग स्टेशन, ई-रिक्शा, डिजिटल पेमेंट सहायता और फोटोग्राफी सेवाएं जैसे कामों में स्वरोजगार के मौके मिलेंगे। महिलाएं घरेलू उत्पाद, जैसे अचार, पापड़, मसाले, सिलाई-कढ़ाई, पूजा थालियाँ बनाकर बेच सकती हैं। सेवा क्षेत्र में हाउसकीपिंग, सफाई, पेयजल वितरण, और वॉल पेंटिंग आर्टवर्क में भी काम बढ़ेगा। मीडिया और प्रिंटिंग उद्योग स्पेशल सिंहस्थ अंकों, विज्ञापन, पोस्टर, फ्लेक्स, गाइड और मेप छपाई से लाभ कमाएँगे। समय पर प्रशिक्षण, गुणवत्ता और उचित मूल्य अपनाने वाले उद्यमियों के लिए यह सिर्फ कुछ दिनों का कारोबार नहीं, बल्कि लम्बे समय तक चलने वाले नए ग्राहक, नए कॉन्टैक्ट्स और नई व्यावसायिक नींव रखने का अवसर हो सकता है।



मध्यम और बड़े निवेशकों के लिए सिंहस्थ सिर्फ.अवसर नहीं, बल्कि दीर्घकालिक निवेश का एक मंच है। होटल और आतिथ्य उद्योग सबसे अधिक लाभ उठा सकते हैं—नए होटल, टेंट सिटी, वातानुकूलित डॉर्मिटरी, और ऑनलाइन बुकिंग प्लेटफॉर्म जैसे विकल्प उभरेंगे। परिवहन और लॉजिस्टिक्स में इलेक्ट्रिक बसें, टैक्सी नेटवर्क, ई-रिक्शा फ्लीट, कार्गो और बैगेज ट्रांसपोर्ट सेवाओं की मांग बढ़ सकती है। फूड कोर्ट और कैटरिंग कंपनियां विशाल स्तर पर भोजन उपलब्ध कराने के मौके पाएँगी, जबकि मीडिया, विज्ञापन एजेंसियाँ और आईटी सेक्टर डिजिटल सेवाओं, ऐप्स, भीड़ प्रबंधन और ब्रांडिंग प्रोजेक्ट से कमाई बढ़ा सकते हैं। स्वास्थ्य क्षेत्र में अस्थायी अस्पताल, एम्बुलेंस नेटवर्क और दवा वितरण सेवाएं बढ़ेंगी। सुरक्षा के लिए उउळश नेटवर्क, ड्रोन निगरानी, एक्सेस कंट्रोल सिस्टम और निजी सुरक्षा एजेंसियों की भूमिका अहम होगी। पर्यावरण और स्वच्छता सेवाओं में कचरा पृथक्करण, रीसाइक्लिंग, सीवेज ट्रीटमेंट और बायो-टॉयलेट जैसे प्रोजेक्ट भी शामिल रहेंगे। विशेषज्ञों का मानना है कि निवेश केवल आयोजन तक सीमित न रहकर उसके बाद भी उपयोगी रहने वाली परियोजनाओं पर होना चाहिए।

### मीडिया, विज्ञापन, डिजिटल स्टार्टअप और पर्यटन के लिए जबरदस्त मौके

करोड़ों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में मीडिया हाउस सिंहस्थ विशेषांक, फोटो-फीचर, पॉडकास्ट और मल्टीभाषी न्यूज कंटेंट तैयार कर सकते हैं। विज्ञापन उद्योग में ब्रांडिंग, होर्डिंग, यूनिपोल, डिजिटल स्क्रीन, बस शेल्टर विज्ञापन और घाटों पर इन्फो बोर्ड लगाने के अवसर हैं। प्रिंटिंग प्रेसों को पोस्टर, फ्लेक्स, ब्रोशर, गाइड बुक और एंट्री पास जैसे कामों का बड़ा ऑर्डर मिल सकता है। डिजिटल स्टार्टअप्स—जैसे होटल बुकिंग प्लेटफॉर्म, भीड़ प्रबंधन ऐप, बहुभाषी गाइड ऐप, डिजिटल पेमेंट सॉल्यूशंस—नए ऑडियन्स खींच सकते हैं। पर्यटन उद्योग के दायरे में अगर श्रद्धालु अन्य स्थलों तक भी जाएँ, तो श्री महाकाल मंदिर, काल भैरव, हरसिद्धि, मंगलनाथ, चिंतामन गणेश, वेधशाला और आसपास के सांस्कृतिक केंद्रों में भी पर्यटन सर्किट विकसित हो सकता है। सोशल मीडिया कंटेंट क्रिएटर्स भी यात्रा ब्लॉग्स, डॉक्यूमेंट्री, लाइव स्ट्रीम के जरिए धार्मिक पर्यटन को नई पहचान दे सकते हैं। सावधानीपूर्वक योजना और स्थानीय प्रतिभा को मंच देने से सिंहस्थ 2028 उज्जैन को राष्ट्रीय ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी नई ऊँचाई दे सकता है।

### ग्रामीण अर्थव्यवस्था तक विकास का लाभ पहुँचेगा

कृषि, डेयरी, खाद्य प्रसंस्करण, महिला स्व-सहायता समूह, और ग्रामीण अर्थव्यवस्था तक विकास का लाभ पहुँचेगा। कृषि क्षेत्र को गेहूं, सब्जियों, मसालों की बढ़ती मांग मिलेगी; डेयरी उद्योग को दूध, दही, पनीर, घी की बेहतर बाजार संभावनाएँ मिलेंगी। खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को नमकीन, अचार, मुरब्बा, रेडी-टू-कुक प्रोडक्ट्स के नए बाजार मिल सकते हैं। महिला स्व-सहायता समूह पूजा सामग्री पैकिंग, प्रसाद पैकेट, कपड़े के थैले, हस्तनिर्मित सजावटी उत्पाद बनाकर आय बढ़ा सकते हैं। स्ट्रीट वेंडर्स को चाय, नाश्ता, फल, नारियल पानी और धार्मिक स्मृति-चिह्न बेचने का अवसर मिलेगा। ग्रामीण पर्यटन और सांस्कृतिक मेले भी जोड़े जाएँ, तो गाँवों की पहचान और आय दोनों बढ़ सकती हैं। कोल्ड चेन, स्टोरेज, सप्लाई नेटवर्क और रोजगार सेवाओं की जरूरत भी बढ़ेगी। अगर गांवों, किसानों, महिला समूहों और स्थानीय उद्यमियों को जोड़ा जाए, तो सिंहस्थ पूरे मालवा क्षेत्र की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नई गति दे सकता है।

### आस्था का महासंगम या हजारों करोड़ का कारोबार

सिंहस्थ सिर्फ स्नान का पर्व नहीं, बल्कि एक विशाल आर्थिक चक्र बनने जा रहा है। करोड़ों श्रद्धालुओं की आमद से होटल, परिवहन, भोजन, निर्माण, धार्मिक सामग्री, मीडिया, सुरक्षा और डिजिटल सेवाओं में बड़े पैमाने पर मांग पैदा होगी। उज्जैन के छोटे दुकानदारों, कारीगरों, फूल विक्रेताओं, मिठाई व्यवसायियों, प्रिंटिंग प्रेस, टैक्सी ड्राइवरों और ई-रिक्शा संचालकों के लिए यह सुनहरा अवसर होगा, बशर्ते उन्हें समय रहते प्रशिक्षण और स्थान मिल जाए। युवाओं के लिए टूर गाइड, होटल स्टाफ, सुरक्षा कर्मी, डेटा एंट्री, इवेंट स्टाफ और स्वयंसेवक जैसे कामों में अस्थायी रोजगार मिल सकते हैं। निवेशकों के लिए होटल, लॉजिस्टिक्स, फूड प्रोसेसिंग, टेंट सिटी, डिजिटल सेवाओं और परिवहन में लंबे समय का लाभ संभव है। इन तैयारियों के साथ सिंहस्थ 2028 उज्जैन को धार्मिक-आर्थिक दृष्टि से एक नई ऊंचाई पर ले जाने वाला अवसर बन सकता है।

### रियल एस्टेट, एमएसएमई, वॉल पेंटिंग और स्थानीय उद्योगों के लिए नया अवसर

उज्जैन में सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के साथ निर्माण गतिविधियों में तेजी, नई सड़कें, घाट विकास, सीवरेज नेटवर्क, स्ट्रीट लाइट और पार्किंग परिसर बन सकते हैं। इससे इंजीनियरों, ठेकेदारों और श्रमिकों को रोजगार मिलेगा। रियल एस्टेट में होटल, गेस्ट हाउस, धर्मशाला विकास, होम-स्टे परियोजनाओं और कमर्शियल कॉम्प्लेक्स से निवेश के नए मौके बन सकते हैं, हालांकि भूमि और नियमों का मूल्यांकन जरूरी रहेगा। पेंट और वॉल पेंटिंग उद्योग को शहर सौंदर्यीकरण में अच्छे काम मिल सकते हैं, जबकि प्रिंटिंग प्रेस को पोस्टर, फ्लेक्स, ब्रोशर, गाइड बुक और धार्मिक प्रकाशनों की मांग मिलेगी। स्थानीय उद्योगों—डेयरी, नमकीन, मसाले, हस्तशिल्प, पीतल-तांबे उत्पाद—को नया बाजार मिलेगा। यदि स्थानीय युवाओं को प्रशिक्षण दिया गया, तो बाहरी कंपनियों पर निर्भरता कम होगी और मुनाफा स्थानीय स्तर पर ही रहेगा। कुल मिलाकर, सिंहस्थ 2028 निर्माण से लेकर प्रिंटिंग, रियल एस्टेट, वॉल पेंटिंग, टरटए, स्टार्टअप्स और स्थानीय उद्योगों के लिए व्यापक विकास का आधार बन सकता है।

### सिंहस्थ 2028 का आर्थिक रोडमैप

निवेश, सरकारी नीतियाँ और उज्जैन के भविष्य की दिशा। सरकार की भूमिका सबसे अहम होगी—स्थायी सड़कों, फ्लाईओवर, पेयजल, सीवरेज, स्मार्ट ट्रैफिक प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण पर फोकस। निजी क्षेत्र होटलों, टेंट सिटी, पार्किंग कॉम्प्लेक्स, फूड कोर्ट, लॉजिस्टिक्स और आईटी समाधान में निवेश कर सकते हैं। निवेश आकर्षित करने के लिए सिंगल विंडो सिस्टम, पारदर्शी अनुमतियां और टरटए सहायता केंद्र फायदेमंद रहेंगे। चुनौतियाँ भी रहेंगी, जैसे ट्रैफिक प्रबंधन, भीड़, स्वच्छता, बिजली की मांग और पर्यावरण संतुलन। लेकिन दूरदृष्टि से बनाई गई योजना उज्जैन को दीर्घकालिक लाभ दे सकती है। सफलता का असली पैमाना श्रद्धालुओं की संख्या नहीं, बल्कि आयोजन के बाद स्थायी रोजगार, नए उद्योग, स्थानीय व्यापार की वृद्धि और शहर की मजबूत आधारभूत संरचना से तय होगी। सिंहस्थ 2028 अगर सही दिशा में चला, तो यह धार्मिक महापर्व के साथ-साथ उज्जैन के आर्थिक पुनर्जागरण की नींव भी बन सकता है।

### कैमरो की मदम से पहचान, पुलिस ने घटना का मात्र 12 घन्टे में किया खुलासा

# चार युवकों ने चुराये थे 250 किलो बिजली के तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

विद्युत मंडल के स्टोर रूम से चोरी हुए ढाई सौ किलो एल्यूमीनियम और तांबे के तार चोरी करने वाले चार युवकों को पुलिस ने कैमरो की मदद से हुई पहचान के बाद गिरफ्तार कर लिया। 12 घंटे में मामले का खुलासा कर चारों युवकों को शुक्रवार दोपहर कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया।

महिदपुर थाना क्षेत्र के टेंशन चौराहा पर विद्युत मंडल का स्टोर रूम बना हुआ है। गुरुवार दिनदहाड़े अज्ञात बदमाशों ने ताला तोड़कर 200 किलो एल्युमीनियम और 50 किलो तांबे के तार चोरी कर लिए थे। शाम को आउटसोर्स कर्मचारी श्रवणसिंह सोंधिया स्टोर रूम पहुंचा तो चोरी की वारदात का पता चला। कर्मचारी में मामले की शिकायत पुलिस को दर्ज कराई। थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने चोरी करने वालों का पता लगाने के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो के फुटेज देखें। एक बदमाश युवक तार का बंडल सिर पर रख जाता दिखाई दिया। जिसकी पहचान और गिरफ्तारी के लिए एसआई अन्नपूर्णा कठेरिया, एन एस कनेश , प्रधान आरक्षक भैरुलाल, विजयसिह, राघव गुर्जर, मोसिम की टीम बनाई गई। कुछ घंटे बाद ही बदमाश युवक की पहचान मनीष पिता ओमप्रकाश पंवार जाति पारदी 19 साल निवासी ग्राम रुद्रखेडा के रूप में हो गई रात में ही उसे दबिश देकर पकड़ा गया।

पूछताछ में उसने अपने तीन साथी आमीर उर्फ भय्यू पिता पप्पू खान 29 साल निवासी यादव मोहल्ला महिदपुर, फैजान पिता इकबाल खान 19 साल निवासी ईदगाह कालोनी महिदपुर और अबरार पिता भय्यू शाह 23 साल निवासी जैल रोड महिदपुर के साथ मिलकर चोरी करना कबूल कर लिया। रात में ही पुलिस ने चोरी में शामिल तीनों युवकों को हिरासत में लिया और उनके निशानदेही पर ढाई सौ किलो बिजली के चोरी किए गए तार बरामद कर लिए। शुक्रवार दोपहर मामले का खुलासा कर पुलिस ने चारों को कोर्ट में पेश किया जहां से जेल वारंट जारी होने पर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। थाना प्रभारी पाटीदार ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि मनीष पंवार पन्नी बीनने का काम करता है, उसके तीन साथी मिस्त्री है। जिनका पूर्व में कोई आपराधिक रिकॉर्ड सामने नहीं आया है, चारों चोरी के तार बेचने की फिराक में थे।

# समयसीमा में कार्य पूर्ण करने के लिए संसाधन बढ़ाने के दिए निर्देश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

संभागायुक्त भास्कर लक्षकार ने गुरुवार को लवकुश चौराहा स्थित निमार्णाधीन डबल लेयर फ्लाईओव्हर ब्रिज की दूसरी भुजा, एमआर-10 स्थित रेलवे ओव्हर ब्रिज और आईएसबीटी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त श्री लक्षकार ने ब्रिज निर्माण संबंधी एजेंसी के अधिकारियों और इंजीनियर्स से निर्माण कार्यों की जानकारी प्राप्त की। साथ ही उन्होंने एमआर-10 स्थित रेलवे ब्रिज की ड्राइंग और प्रोजेक्ट रिपोर्ट देखी। उन्होंने पूर्ण हो चुके आईएसबीटी की व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लवकुश चौराहा स्थित डबल लेयर फ्लाईओव्हर ब्रिज की दूसरी भुजा का कार्य समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए।आवश्यकता होने पर संसाधन बढ़ाये जाये। उन्होंने कहा कि ब्रिज की दूसरी भुजा शुरू हो जाने के बाद यातायात और अधिक सुगम हो जाएगा। संभागायुक्त श्री लक्षकार ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित श्री टंट्या मामा भील अंतरराज?यीय बस ट्रमिनल का भी अवलोकन किया। यहां उपलब्ध करायी जाने वाली व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. परीक्षित झाड़े सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### 6 स्थानों का एक के बाद एक चयन पर अमल नहीं कर पाया शासन

# दो पीढ़ी की मशक्कत के बाद भी नहीं मिला ट्रांसपोर्ट नगर

### दो दशक पूर्व श्री सिंथेटिक्स के पास भूमिपूजन हुआ था, अब लालपुर के पास नई प्रस्तावित भूमि जमीन बताई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

20 साल से अधिक समय से एक ही मांग ट्रांसपोर्ट नगर की। भीड़ व ट्रैफिक के लिए कई प्रोजेक्ट बनाए गए लेकिन लोडिंग-भारी वाहनों के लिए शहर से बाहर का कोई इंतजाम नहीं। अब तो सरकार से शहर के ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों की एक ही आस है कि ट्रांसपोर्ट नगर को कागज में नहीं दिखाया जाए ,धरातल पर लाया जाए। अंतिम बार लालपुर के यहां जमीन तो दिखा दी गई लेकिन उस पर अमल के हालात पूर्ववत ही हैं।

शहर में ट्रांसपोर्ट नगर की मांग करते हुए दुसरी पीढी व्यवसाय संचालन में उतर गई है और वह भी अब थकने लगी है। ट्रांसपोट? नगर के लिए कई ज्ञापन और अन्यानेक मशक्कत के बाद भी यह धरातल पर नहीं उतर सका है। दो दशक पूर्व श्री सिंथेटिक्स के पास में इसके लिए भूमिपूजन कर दिया गया था लेकिन उस पर आज तक अमल नहीं हो सका। उसके बाद 5 अन्य स्थानों को अंतिम रूप देते देते ही हर बार ट्रांसपोर्ट नगर कागजों में दफन होकर रह गया।

### एक सौगात की मांग

ट्रांसपोर्ट व्यवसायी कहते हैं कि शहर में मुख्यमंत्री हर क्षेत्र में सौगात दे रहे हैं। हमने हर बार की तरह उन तक बात पहुंचाई थी । कुछ माह पूर्व लालपुर के पास एक जमीन दिखाई गई। बैठक की गई लेकिन उसके बाद पूरा मामला ठंडे बस्ते में चला गया,जबकि हमारे बाद में जिन मुद्दों पर बात हुई उस पर अमल होना शुरू हो गया और मुख्यमंत्री जी ने भूमिपूजन भी कर दिया। हमारी मांग तो दो दशक से पुरानी है और शहर हित में ही है। अगर ट्रांसपोर्ट नगर शहर से बाहर होता है तो दुर्घटनाओं का खतरा भी कम हो जाएगा इसके साथ ही रोजगार की उपलब्धता भी इस क्षेत्र में बढेगी।

### 3 दशक में 6 स्थान

करीब ढाई दशक पूर्व ट्रांसपोर्ट नगर का जिन्न बोतल से बाहर निकला था। उस दौरान श्री सिंथेटिक्स के पास में जमीन का चयन कर वहां भूमिपूजन किया गया था। तत्कालीन विधायक पारस जैन भी उसमें शामिल हुए थे। तब ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष के बतौर अशोक जैन दुध तलाई वाले काम देख रहे थे। उसके बाद चौपाल सागर, ढेडिया मेंडिया, धरमबडला, विक्रमनगर के पास जमीनें मात्र औपचारिकता और हर बार उठने वाली मांगों को बर्गलाने के लिए दिखाई गई। अंत में कुछ माह पूर्व लालपुर के पास जमीन दिखाई गई है,लेकिन इस पर भी काम को लेकर अब तक धरातल पर कोई स्थिति सामने नहीं आ रही है।

### सिंहस्थ-28 के तहत हो ट्रांसपोर्ट नगर

सिंहस्थ-2028 में भीड़ और ट्रैफिक प्रबंधन के लिए - सड़क-पुल-पुलिया, रेलवे स्टेशन व हवाई पट्टी तक - कायाकल्प तो किया जा रहा है, लेकिन प्रशासन एक - सबसे बड़े ट्रैफिक पाइंट को भूल रहा है। शहर में लोडिंग और भारी वाहनों के लिए अब तक ट्रांसपोर्ट नगर नहीं बन पाया है।नतीजा अभी भी सैकड़ों ट्रक और भारी वाहन शहर के रिहायशी-व्यापारिक इलाकों और मुख्य सड़कों पर जहां-तहां खड़े रहते हैं, जिससे ट्रैफिक जाम की स्थिति बनने के साथ ही दुर्घटना का अंदेशा भी बना रहता है। अगर सिंहस्थ से पहले ट्रांसपोर्ट नगर के लिए - कदम नहीं उठाए गए या इनके प्रबंधन को लेकर कोई - प्लानिंग नहीं की तो महाकुंभ के दौरान सड़कें लॉक होने का अंदेशा रहेगा।

### यत्र-तत्र सर्वत्र ट्रांसपोर्ट वाहन

शहर में रोज छोटे-बड़े 1000 से अधिक भारी वाहन आते-जाते हैं। लिहाजा शहर की यातायात व्यवस्था को सुधारने और इन वाहनों को आबादी क्षेत्र से बाहर रखने के लिए पिछले तीन दशकों में जिम्मेदारों ने ट्रांसपोर्ट नगर के लिए 6 स्थान देखे, बावजूद प्रोजेक्ट धरातल पर नहीं उतार सके। ऐसे में दौलतगंज, दूध तलाई, मक्सी-आगर रोड एमआर 5-10, आगर नाका क्षेत्र, कार्तिक मेला ग्राउंड व नानाखेड़ा सहित कई हिस्सों में ये वाहन खड़े रहते हैं।

**सिंहस्थ तो ठीक अभी ही वाहन लाना मुश्किल-**ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के लोगों के अनुसार सिंहस्थ 2028 में तो ठीक अभी ही वाहनों को शहर में लाना बहुत मुश्किल होता जा रहा है। अभी तो हर शनिवार व रविवार को ही दूध तलाई-दौलतगंज आदि क्षेत्रों में वाहनों को ले जाना मुश्किल हो रहा है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि सिंहस्थ में तो भारी वाहनों का शहर में प्रवेश हो ही नहीं पाएगा। कैसे खाद्यान्न आदि वस्तुओं की सप्लाय होगी, इसके लिए ठोस प्लानिंग करना होगी।

## न्यूज कालम



### होमगार्ड लाइन में 150 स्वयंसेवकों ने सीखे आपदा प्रबंधन के गुर

**खरगोन।** शहर के उमरखली रोड़ स्थित होमगार्ड लाइन में सात दिवसीय सिविल डिफेंस प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिले के लगभग 150 सिविल डिफेंस स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर आपदा प्रबंधन एवं राहत.बचाव से संबंधित व्यावहारिक और सैद्धांतिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यशाला के दौरान स्वयंसेवकों को नागरिक सुरक्षा संगठन की भूमिकाए आपदा प्रबंधन कानून, भूकंप, बाढ़, अग्निकांड, सर्पदंश, आकाशीय बिजली, भगदड़ जैसी आपदाओं में बचाव कार्य, आधुनिक खोज एवं बचाव तकनीक, अग्निशमन, रस्सी की गांठें, हाइड्रोलिक एवं अन्य बचाव उपकरणों के सुरक्षित उपयोग, सीबीआरएन, जैविक, रेडियोलॉजिकल एवं परमाणुद्ध खतरों से सुरक्षा तथा आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित राहत एवं बचाव कार्यों का विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

### चातुर्मास के अन्तर्गत गुरु पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा व भक्ति के साथ मनाया



**बाग।** नगर में चल रहे पुण्य स्पर्श चातुर्मास के अंतर्गत गुरु पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लास के साथ मनाया गया। नगर में विराजित परम पूज्य तपस्वी रत्ना साध्वी ऋजुप्रिया श्रीजी म.सा. आदि ठाणा की पावन निश्रा में पुण्य सम्राट प्रवचन हॉल में विविध धार्मिक आयोजन संपन्न हुए। कार्यक्रम की शुरूआत प्रातः स्मरणीय दादा गुरुदेव श्रीमद् विजय राजेंद्र सूरीश्वरजी महाराज साहब की अष्टधातु प्रतिमा के औषधियुक्त अभिषेक से हुई। इस दौरान बड़ी संख्या में समाजजनों ने श्रद्धापूर्वक अभिषेक एवं गुरु पूजन में भाग लेकर धर्मलाभ प्राप्त किया। पूरा वातावरण गुरु भक्ति एवं मंगलमय भावनाओं से ओत-प्रोत रहा। इस अवसर पर साध्वी ऋजुप्रिया श्रीजी म.सा. ने अपने प्रवचन में गुरु की महिमा का विस्तृत वर्णन करते हुए कहा कि गुरु जीवन के सच्चे मार्गदर्शक होते हैं। उनके बताए हुए धर्म, संयम और सदाचार के मार्ग पर चलकर ही आत्मकल्याण संभव है।

### 26 ग्राम पंचायतों को विधायक राज कुमार मेव ने भेंट किए पेयजल टैंकर

**मंडलेश्वर।** महेश्वर विधानसभा क्षेत्र में ग्रीष्मकाल के दौरान पेयजल संकट से जूझ रहे ग्रामीणों को राहत प्रदान करने की दिशा में महेश्वर विधानसभा के विधायक राजकुमार मेव ने २६ ग्राम पंचायतों को पेयजल टैंकर भेंट किए।इस अवसर पर विधायक राजकुमार मेव ने कहा कि जनता की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के दिनों में कई ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की समस्या उत्पन्न हो जाती है। ऐसे समय में ये पेयजल टैंकर गांवों तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होंगे। उन्होंने कहा कि जनसेवा और क्षेत्र के समग्र विकास के संकल्प के साथ वे निरंतर कार्य कर रहे हैं तथा विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव तक विकास योजनाओं का लाभ पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है।विधायक मेव ने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत किया जा रहा है।

## विधायक के प्रयासों से रेणुका मंडी आदर्श मंडी के रुप में विकसित होगी

### किसानों-व्यापारियों को मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर



विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस के सतत प्रयासों का परिणाम सामने आया है। रेणुका माता कृषि उपज मंडी को आदर्श मंडी के रूप में विकसित करने की उनकी पहल को बड़ी सफलता मिली है। मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड ने मंडी परिसर के विभिन्न अधोसंरचना विकास कार्यों के लिए 4 करोड़ 12 लाख 58 हजार रुपये से अधिक की तकनीकी स्वीकृति प्रदान की है।

**क्या-क्या काम होंगे**

नवीन कपास मंडी परिसर 60.10 लाख रुपये से सीमेंट कंक्रीट रोड और ग्रेडिंग प्लेटफॉर्म का विकास, पुरानी कपास मंडी परिसर 22.48 लाख रुपये से आधुनिक सुलभ शौचालय निर्माण, मंडी परिसर में बाउंड्रीवाल, ग्रेडिंग प्लेटफॉर्म, 90 मीट्रिक टन क्षमता का इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटा, पैक हाउस उन्नयन, मरम्मत कार्य, बीटी रोड, जल निकासी व्यवस्था और अन्य आवश्यक अधोसंरचना कार्य

**चिटनिस के निर्देशों से मिली गति**

श्रीमती चिटनिस ने पूर्व में रेणुका माता कृषि उपज मंडी, नवीन एवं पुरानी कपास मंडी का निरीक्षण कर किसानों, व्यापारियों, हम्माल-तुलावटी और अधिकारियों से संवाद किया था। उन्होंने अधिकारियों को मंडी को प्रदेश की "आदर्श मंडी" बनाने के लिए समग्र कार्ययोजना बनाकर शासन को भेजने और कार्यों की सतत निगरानी के निर्देश दिए थे। उन्होंने स्पष्ट किया था कि विकास में *किसानों और व्यापारियों की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। इसके तहत हाईराइज शेड, आधुनिक प्रकाश व्यवस्था, सीसी-बीटी सड़कें, पेयजल, डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड, सीसीटीवी, विश्राम स्थल, संगोष्ठी भवन, पार्किंग और हरित क्षेत्र जैसी सुविधाएं चरणबद्ध रूप से विकसित होंगी।

**हल्दी के लिए विशेष व्यवस्था**

बुरहानपुर की पहचान बनी हल्दी के बेहतर विपणन के लिए मंडी में *सुव्यवस्थित नीलामी व्यवस्था, आधुनिक प्रसंस्करण इकाई और वैज्ञानिक भंडारण* का प्रस्ताव भी तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि किसानों को उपज का बेहतर मूल्य मिल सके।

**अतिरिक्त मदद की घोषणा**

श्रीमती चिटनिस ने कहा कि यदि स्वीकृत राशि के अलावा और धन की जरूरत हुई तो विधायक विशेष निधि से 50 लाख रुपये तक की अतिरिक्त राशि दी जाएगी, ताकि विकास कार्य में कोई बाधा न आए। उन्होंने तकनीकी स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और किसान कल्याण मंत्री एंदलसिंह कंसाना का आभार जताया। कहा कि प्रदेश सरकार कृषि अधोसंरचना को मजबूत कर आधुनिक कृषि विपणन व्यवस्था को बढ़ावा दे रही है।

**किसानों को होगा सीधा लाभ**

विश्वास जताया कि इन कार्यों के पूरा होने पर रेणुका माता कृषि उपज मंडी प्रदेश की आधुनिक आदर्श मंडियों में अपनी अलग पहचान बनाएगी और किसानों, व्यापारियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।



### खो-खो प्रतियोगिता में सांदीपनी एकेडमी की बेटियों ने जीता स्वर्ण पदक

**मण्डलेश्वर।** सांदीपनी एकेडमी, मण्डलेश्वर की अंडर-17 बालिका खो-खो टीम ने सीबीएसई क्लस्टर खो-खो प्रतियोगिता-2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस शानदार उपलब्धि के साथ टीम ने सीबीएसई राष्ट्रीय खो-खो प्रतियोगिता के लिए भी अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया है।यह प्रतियोगिता 26 से 29 जुलाई 2026 तक प्रिंस कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल, सुल्तानपुर, जिला रायसेन में आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों की विद्यालयी टीमों के बीच हुए रोमांचक मुकाबलों में सांदीपनी एकेडमी की छात्राओं ने अनुशासित खेल, उत्कृष्ट रणनीति, बेहतरीन तालमेल एवं अदम्य संघर्ष शीलता का परिचय देते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। पूरे टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले वाली विद्यालय की छात्रा उर्वशी पाटीदार को बेस्ट प्लेयर टूर्नामेंट से नवाजा गया। इस गौरव पूर्ण उपलब्धि पर विद्यालय के चेयरमैन राजेश्वर पाटीदार चेयर पर्सन श्रीमती सारिका पाटीदार प्राचार्य डॉ. कमलेश सी. जोशी मैनेजिंग डायरेक्टर गोपाल पाटीदार एवं उप-प्राचार्य संजय वर्मा ने बधाई दी।



### सांसद कार्यालय का घेराव करने निकले एनएसयूआई ने प्रभावी प्रदर्शन किया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खरगोन

छात्रों की विभिन्न मांगों को लेकर एसडीएम कार्यालय परिसर में संचालित हो रहे सांसद गजेंद्र सिंह पटेल के कार्यालय घेराव को लेकर एनएसयूआई ने प्रभावी प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं के प्रदर्शन की सूचना पर पुलिस ने प्रवेश द्वार को छावनी में तब्दील कर दिया। दोपहर करीब 12 बजे रैली के रुप में चंद कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए कार्यालय की ओर बढ़ते कार्यकर्ताओं को पुलिस ने एसडीएम कार्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार पर ही रोक दिया।

एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि वे छात्रों से जुड़े मुद्दों और उनकी मांगों को सीधे संसद तक पहुंचाना चाहते हैं, लेकिन स्थानीय प्रशासन और पुलिस उन्हें ऐसा करने से रोक रहे हैं। प्रदर्शनकारी कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच लगभग एक घंटे तक गतिरोध और जोर आजमाइश चलती रही। पुलिस द्वारा दिखाई गई सख्ती के चलते कार्यकर्ता अंदर प्रवेश नहीं कर सके। जब कार्यकताओं ने जबरन गेट के अंदर घुसने का प्रयास किया, तो पुलिस का ईशारा मिलते ही वहां तैनात फायर फायटरों ने छात्रों पर वाटर कैनन से पानी की बौछार की, जिससे कुछ देर के लिए छात्र तितर-बितर हो गए। मौके पर तनाव की स्थिति बन गई। जब कार्यकताओं को किसी भी स्थिति में कार्यालय में प्रवेश नहीं मिला, तो उन्होंने अपनी मांगों से संबंधित एक ज्ञापन मौके पर मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों को सौंपा। ज्ञापन सौंपने के बाद कार्यकर्ता शांत होकर लौट गए। इस पूरे घटनाक्रम के दौरान टीआईटी कॉम्प्लेक्स परिसर में लगभग दो घंटे तक गहमागहमी और तनावपूर्ण माहौल बना रहा।

### प्रदेश में 7 अगस्त से प्रारंभ होगा मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

मध्यप्रदेश शासन द्वारा आम जनता की शिकायतों के त्वरित निराकरण, शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और लोक सेवाओं को तय समय-सीमा में उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान- 2026 शुरू करने का निर्णय लिया गया है। यह अभियान 7 अगस्त 2026 से शुरू होकर 8 जनवरी 2027 तक संचालित होगा। अभियान के तहत प्रत्येक सप्ताह के पांचवें दिवस यानी शुक्रवार को विशेष गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। अभियान दिवस (शुक्रवार) को संपूर्ण प्रदेश में किसी भी स्तर पर किसी भी प्रकार की समीक्षा बैठकें आयोजित नहीं की जाएंगी, ताकि पूरा ध्यान क्षेत्र-भ्रमण और निरीक्षण पर केंद्रित रहे। जिला कलेक्टर के नेतृत्व में प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा पूर्व चिन्हित क्षेत्रों का अनिवार्य भ्रमण किया जाएगा। तहसील / विकासखण्डवार इस प्रकार रोस्टर तैयार किया जाएगा जिससे ग्रामीण, नगरीय, दूरस्थ एवं समीपस्थ क्षेत्रों का संतुलित दौरा संभव हो सके।

इस अभियान अंतर्गत सी.एम. हेल्पलाइन, जन-सुनवाई एवं लोक सेवा गारंटी अधिनियम के लंबित प्रकरणों का समीक्षा कर भ्रमण से पूर्व ही शत - प्रतिशत समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

शेष प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण किया जाएगा। आम नागरिकों के साथ योजनाओं व समस्याओं पर जन-संवाद होगा। साथ ही क्षेत्र के बड़े, सूक्ष्म, लघु, मध्यम व कुटीर उद्यमियों के साथ उद्यम संवाद कर उनकी लंबित स्वीकृतियों व समस्याओं का समाधान किया जाएगा। अभियान के दौरान माननीय मुख्यमंत्री जी, प्रभारी मंत्री, सांसद, विधायक, मुख्य सचिव व वरिष्ठ अधिकारियों का किसी भी जिले में औचक या पूर्व निर्धारित भ्रमण हो सकता है।

### सांदीपनी एकेडमी में 'फाउंडर्स फोर्ज एंटर प्रेन्योर्स मीट 2026-27 का आयोजन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मण्डलेश्वर

सांदीपनी एकेडमी, मण्डलेश्वर में विद्यार्थियों में नवाचार, नेतृत्व क्षमता एवं उद्यमिता की भावना विकसित करने के उद्देश्य से "फाउंडर्स फोर्ज झ एंटरप्रेन्योर्स मीट 2026-27 का दिव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रतिष्ठित उद्योगपतियों एवं सफल उद्यमियों ने मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता कर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में श्री सुनील जी पटेल (तबेलेवाला फर्म), श्री नंदकिशोर जाधव (श्री सिद्धी विनायक एग्रो एजेन्सी), श्री सामी जी आमगा, (रियल एस्टेट बिल्डर एवं कॉलोनाइजर), विरेन्द्र पाटीदार, (क्रेडिट को-ऑपरेटिव बैंक, मण्डलेश्वर) एवं श्री जितेन्द्र पाटीदार, (भूमि एग्रो इंडस्ट्रीज )उपस्थित रहे। अतिथियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों को उद्यमिता, नवाचार, नेतृत्व, आत्मविश्वास तथा कठिन परिश्रम के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि आज का युवा यदि नए विचारों को सकारात्मक दिशा देकर कार्य करे, तो वह रोजगार तलाशने वाला नहीं बल्कि रोजगार देने वाला बन सकता है, जो जागा वो पाया, नियत यदि साफ है तो ईश्वर कृपा बरसाते है, हमें अपनी च्वाईस और कौशल विकास पर कार्य करना है।

### नस्ल-सुधार से होगा आर्थिक सुदृढ़ीकरण

**बड़वानी।** लखपति गौपालक दीदी योजना' नस्ल-सुधार पर आधारित एक नवाचारी ग्रामीण आय संवर्धन मॉडल है, जिसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालन के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है। यह योजना 'शून्य पूँजीगत निवेश, अधिकतम आनुवंशिक एवं आर्थिक लाभ' के मूल मंत्र पर आधारित है।

### 7 दिवसीय सिविल डिफेंस प्रशिक्षण सम्पन्न

**बड़वानी।** होमगाड्र्स, नागरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन भोपाल के निदेर्शानुसार एवं जिला दंडाधिकारी तथा नियंत्रक नागरिक सुरक्षा बड़वानी द्वारा दिये गये निदेर्शों के पालन में 7 दिवसीय कार्यशाला का समापन शासकीय महाविद्यालय बड़वानी में किया गया, जिसमे 150 सिविल डिफेंस वालेंटियर्स उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पीजी महाविद्यालय बड़वानी की प्राचार्य श्रीमती वीणा सत्या द्वारा की गई। अपने उदबोधन में सभी स्वयं सेवकों को वर्तमान वर्षा काल के अतिरिक्त किसी भी आपदा के लिए तैयार रहने की हिदायत दी गई । इसके पूर्व सभी प्रशिक्षुओं का लिखित टेस्ट भी लिया गया।

### दुष्कर्म करने वाले आरोपी को 20 वर्ष की सजा एवं जुर्माना

**बड़वानी।** तृतीय अपर सत्र न्यायालय बड़वानी, श्रीमती रेखा आर. चंद्रवंशी द्वारा अपने फैसले में दुष्कर्म के आरोप में आरोपी कालू उर्फ कालूराम पिता सुखलाल अजनारे थाना अंजड़ को 20 वर्ष का सश्रम कारावास व कुल तीन हजार रुपए जुमार्ना एवं धारा 366 भादवि में 5 वर्ष का कारावास व 500 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अभियोजन की ओर से पैरवी श्री संजय मोरे प्रभारी सहायक निदेशक अभियोजन जिला बड़वानी एवं श्रीमति शीला अलावा विशेष लोक अभियोजक, जिला बड़वानी द्वारा की गई। अभियोजन सहायक मीडिया प्रभारी श्रीमति मीना कुशवाह सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी ने बताया कि घटना 30 जून 2021 को पीडिता के पिता ने अपने सेठ को घटना की सारी बात बतायी और थाना अंजड़ पर उसकी नाबलिक लड़की को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट लेख कराई।

## लगातार बारिश के बीच जिला प्रशासन हाई अलर्ट पर

### कलेक्टर-एसपी ने संवेदनशील क्षेत्रों का किया निरीक्षण

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर



जिले में लगातार हो रही वर्षा और ताप्ती नदी सहित अन्य नदी-नालों के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए शुक्रवार को कलेक्टर हर्ष सिंह और पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी ने शहर और आसपास के संवेदनशील क्षेत्रों का व्यापक निरीक्षण किया।

कलेक्टर और एसपी सबसे पहले रेणुका झील पहुंचे। वहां झील के जलस्तर, जल निकासी और पानी के बहाव का सूक्ष्मता से अवलोकन किया। इसके बाद राजघाट पहुंचकर जलस्तर की स्थिति देखी और तैनात पुलिस बल से सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। कलेक्टर सिंह ने निर्देश दिए कि जलभराव वाले सभी क्षेत्रों में चौबीसों घंटे निगरानी रखी जाए और किसी प्रकार की लापरवाही न हो। नगरीय क्षेत्र में जल निकासी को लेकर नगर निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव से जानकारी ली और आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। अधिकारियों ने हतनूर पुल का भी निरीक्षण कर वहां जलभराव की स्थिति देखी और सुरक्षा उपाय तुरंत लागू करने को कहा। ताप्ती में जलस्तर बढ़ने के कारण नदी तटों और घाटों पर विशेष सतर्कता है।

## मंडी शुल्क 1.5 प्रतिशत करने के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन, निर्णय वापस लेने की मांग

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन



मध्य प्रदेश सरकार द्वारा मंडी शुल्क बढ़ाकर 1.5 प्रतिशत किए जाने के विरोध में शहर जिला कांग्रेस कमेटी के उद्योग एवं व्यापार प्रकोष्ठ ने शुक्रवार को आगर रोड स्थित कृषि उपज मंडी पहुंचकर प्रदर्शन किया। प्रकोष्ठ अध्यक्ष पं. वरुण शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं ने मंडी सचिव के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते हुए बढ़ा हुआ मंडी शुल्क तत्काल वापस लेने की मांग की। कांग्रेस ने चेतावनी दी कि यदि निर्णय वापस नहीं लिया गया तो प्रदेशभर में जनआंदोलन किया जाएगा।

ज्ञापन में कांग्रेस ने कहा कि सरकार ने व्यापारियों, किसान संगठनों और अन्य संबंधित पक्षों से चर्चा किए बिना मंडी शुल्क बढ़ाने का निर्णय लिया है। इससे कृषि उपज के व्यापार की लागत बढ़ेगी, जिसका असर किसानों को मिलने वाले दाम और आम उपभोक्ताओं तक पहुंचने वाली खाद्यान्न सामग्री की कीमतों पर पड़ेगा।

कांग्रेस का कहना है कि पड़ोसी राज्यों की तुलना में अधिक शुल्क होने से प्रदेश का व्यापार प्रभावित होगा और रोजगार के अवसर भी कम हो सकते हैं।

**सर्वसम्मति से नई नीति बनाने की मांग**

कांग्रेस नेताओं ने मांग की कि मंडी शुल्क बढ़ाने का फैसला तत्काल वापस लिया जाए। साथ ही व्यापारी संगठनों, किसान प्रतिनिधियों और संबंधित हितधारकों से चर्चा कर सर्वसम्मति से नई नीति बनाई जाए, ताकि किसी भी वर्ग पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ न पड़े।

**खाद्यान्न महंगा होने का अंदेशा**

इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष रवि राय ने कहा कि पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस के बाद अब सरकार खाद्यान्न पर भी अतिरिक्त बोझ डाल रही है। उनका आरोप है कि मंडी शुल्क बढ़ने से गेहूं, धान, सोयाबीन, मूंग सहित अन्य कृषि उत्पादों की कीमतों में बढ़ोतरी होगी, जिससे किसान, व्यापारी और आम उपभोक्ता सभी प्रभावित होंगे।

ज्ञापन सौंपने के दौरान नेता प्रतिपक्ष रवि राय सहित राजू खंडेलवाल, विशाल जायसवाल, मनोज मालवीय, उत्कर्ष जैन, नीलेश जैन, जगदीश गुलाटी, कमल चौरसिया, प्रभात पंड्या, योगेश नीमा, संजय बरैया, शैलेन्द्र जैन, विवेक जैन, मनीष शर्मा, आशीष लुहाड़िया, रोहित कीमती, बबलू खिंची, दीपेश जैन, हिमांशु शुक्ल, राजेश राणा

शिव लश्करी, राहुल लोट, कमल कौशल, अर्पित दुबे, चन्द्रभान सिंह चंदेल, संचित शर्मा, अर्पित यादव, रहीम लाला, असलम भाई, सुरेश गहलोत, सुनील कछवाय, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### 2 अगस्त को दिवस कालीन ब्लॉक नहीं

**उज्जैन।** रेलपथ, सिग्नलिंग तथा ऊपरी उपस्करों के रख-रखाव हेतु पश्चिम रेलवे द्वारा शनिवार/रविवार अर्थात 1-2 अगस्त, 2026 की मध्यरात्रि के दौरान मुंबई सेंट्रल एवं माहिम स्टेशनों के बीच जम्बो ब्लॉक लिया जाएगा। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, यह जम्बो ब्लॉक 2 अगस्त, को 25 बजे से 4.25 बजे तक अप एवं डाउन फास्ट लाइनों पर लिया जाएगा। ब्लॉक अवधि के दौरान फास्ट लाइन की सभी ट्रेनें चर्चगेट एवं सांताक्रुज स्टेशनों के बीच स्लो लाइनों पर चलाई जाएंगी।

### चेकडैम जीर्णोद्धार से बदली तस्वीर : लसुड़िया मंसूर में जल संरक्षण का अनुकरणीय उदाहरण

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन

जनपद महिदपुर की ग्राम पंचायत लसुड़ियामंसूर में च्पानी बचाओ झ किसान सशक्त बनाओज्ज अभियान के तहत निर्मित चेकडैम का सफल जीर्णोद्धार कर जल संरक्षण का एक जीवंत उदाहरण प्रस्तुत किया गया है। भैरूलाल शर्मा के खेत के पास 15वें वित्त आयोग की राशि से वर्ष 2025 में पंचायत स्तर पर स्वीकृत इस चेकडैम का निर्माण 7.76 लाख रुपये की लागत से किया गया था। वर्ष 2026 में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जनसहयोग से इसकी साफ-सफाई, दीवार लेखन एवं गाद निकासी (डिसिल्टिंग) का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया। इससे क्षेत्र के किसानों को सीधा लाभ मिलना शुरू हो गया है। भैरूलाल शर्मा, पैमा जी, रोजाराम, संजय, नागूलाल, सिद्धू एवं शिव जी के निजी कुओं में जल रीचार्ज होने से फसल उत्पादन क्षमता में वृद्धि होने के साथ-साथ उनकी आय में भी वृद्धि की संभावना प्रबल हो गई है। च्हर बूंद का सदुपयोग झ हर खेत तक समृद्धिज्ज की भावना को साकार करते हुए यह चेकडैम अब न केवल जल संरक्षण का प्रतीक बन गया है, बल्कि किसानों के लिए समृद्धि का माध्यम भी सिद्ध हो रहा है।

## डायरिया कैम्पेन सह दस्तक अभियान के तहत घर-घर पहुंच रही स्वास्थ्य टीमें

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन

जिले में 14 जुलाई से 31 अगस्त तक स्टॉप डायरिया कैम्पेन सह दस्तक अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त टीमें घर-घर जाकर पांच वर्ष तक के बच्चों के स्वास्थ्य की जांच कर रही हैं। अभियान का उद्देश्य बाल्यकालीन बीमारियों की समय रहते पहचान, त्वरित उपचार तथा जरूरत पड़ने पर रेफरल सुनिश्चित करना है।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल ने बताया कि डायरिया से होने वाली शिशु मृत्यु दर को कम करने के उद्देश्य से इस वर्ष अभियान "डायरिया की रोकथाम, सफाई और ओआरएस से रखें अपना ध्यान" थीम पर संचालित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत जन्म से पांच वर्ष तक के बच्चों में गंभीर कुपोषण, एनीमिया, निमोनिया, निर्जलीकरण एवं संक्रमण जैसी बीमारियों की पहचान कर उपचार किया जा रहा है। साथ ही बच्चों को विटामिन-ए की खुराक, ओआरएस के पैकेट और जिंक की गोलियां भी वितरित की जा रही हैं।अभियान में एएनएम, आशा कार्यकर्ता और आंगनवाड़ी कार्यकताओं की संयुक्त टीमें घर-घर जाकर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर रही हैं। छह माह से पांच वर्ष तक के बच्चों में गंभीर एनीमिया की जांच कर उपचार किया जा रहा है तथा आयरन सिरप पिलाया जा रहा है। वहीं नौ माह से पांच वर्ष तक के बच्चों को विटामिन-ए की अनुपूरक खुराक भी दी जा रही है।स्वास्थ्य विभाग द्वारा पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों में निमोनिया और दस्त रोग की शीघ्र पहचान कर आवश्यकतानुसार स्वास्थ्य संस्थानों में रेफर किया।

### प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम का वि.वि. में सामूहिक श्रवण वृक्षारोपण भी किया

**उज्जैन।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 137वें संस्करण का सामूहिक श्रवण रविवार को सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व अध्ययनशाला में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में विभाग के शिक्षक, विद्यार्थी एवं भारत विकास परिषद के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम प्रारंभ होने से पूर्व प्रातः लगभग 100 पौधों का वृक्षारोपण किया गया। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए भारत विकास परिषद के सदस्यों, विभागीय शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने संयुक्त रूप से पौधे रोपे और उनके संरक्षण का संकल्प लिया। प्रातः 11 बजे से आयोजित च्मन की बातज् के प्रसारण में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने पर्यावरण संरक्षण, पारंपरिक कौशल के संवर्धन, देशी हर्बल चाय, अंतरराष्ट्रीय ओलंपियाड में भारतीय विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन, बाऊल संगीत की समृद्ध परंपरा तथा आगामी गुरु पूर्णिमा एवं स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में लगभग 70 प्रतिभागियों ने सहभागिता की। विश्वविद्यालय की ओर से छात्र कल्याण संकायाध्यक्ष प्रो. सत्येंद्र कुमार मिश्रा उपस्थित रहे।

## न्यूज -कॉलम

### सारीबारी मोड पर अनियंत्रित हुई बाइक, 3 घायल

**उज्जैन।** भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के सारीबारी मोड पर शुक्रवार शाम तेजगति से दौडती बाइक अनियंत्रित हो गई। घटनाक्रम में 2 मासूम और उनके पिता घायल हो गये थे। चकरावदा टोल एम्बुलेंस को दुर्घटना की खबर मिली तो तत्काल मौके पर पहुंची। ईएमटी राम चौहान ने तीनों को प्राथमिक उपचार दिया और पायलेट भीम नरवरिया के साथ उन्हे चरक अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने तीनों को उपचार के लिये भर्ती किया है। बताया जा रहा है कि घायलों में लखन पिता मोहन 35 साल उसकी 11 साल की पुत्री राधिका और 13 साल का पुत्र मोहित निवासी सांवेर इंदौर के रहने वाले है। मोहन अपनी पुत्री और पुत्र के साथ उज्जैन आया था, जहां से वापस लौटते समय मोड पर रफ्तार पर नियंत्रण नहीं रख पाने की वजह से हादसा हुआ है।

### रात्रिगशत में शराब पीकर वाहन चलाते मिले 2 चालक

**उज्जैन।** रात्रि गश्त पर निकली माधवनगर थाना पुलिस सेठीनगर, लक्ष्मीनगर, देसाई नगर, वाल्मिकी कॉलोनी, पुलिस कंट्रोल रूम, घासमंडी चौराहा, शहीद पार्क और फ्रीगंज क्षेत्र में लगातार भ्रमण कर रही थी। इस दौरान तेजगति से वाहन चलाने वालों को यातायात सुरक्षा की दृष्टि से चैक किया जा रहा था। भ्रमण के दौरान टॉवर चौक की ओर से बिना नम्बर की रॉयल एनफिल्ड बुलेट तेजगति में आती दिखाई दी। पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया तो उस पर सवार चालक और उसके परिजनों ने महिला पुलिसकर्मियों से बहस शुरू कर दी। बुलेट चालक नशे की हालत में था। पूछताछ करने पर उसका नाम काईद पिता कासम दाउद खान 20 साल निवासी मौलाना आजाद मार्ग हेलावाडी सामने आया। पुलिस टीम ने चालक को मेडिकल परीक्षण के लिये चरक अस्पताल पहुंचाया, जहां वह शराब के नशे में होना सामने आया। उसके पास बुलेट के दस्तावेज भी नहीं पाये गये। पुलिस ने उसके खिलाफ धारा 185, 130/177(3), 51/177 मोटर व्हीकल एक्ट में चालानी कार्रवाई करते हुये बुलेट को जप्त कर लिया। रात्रिगश्त के दौरान पुलिस ने फ्रीगंज क्षेत्र से ही स्कूटी क्रमांक एमपी 13 डीवी 4231 की चालिका को रोका वह शराब के नशे में थी। पूछताछ करने पर उसका नाम अमतुल्ला उर्फ अमु पिता ओनअली बोहरा 18 साल निवासी बिलोटीपुरा सामने आया। पुलिस ने स्कूटी चालिका का मेडिकल परीक्षण कराया, जिसमें उसके शराब का नशा किया जाना सामने आया। पुलिस ने स्कूटी जप्त कर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा में प्रकरण दर्ज किया है और परिजनों को बुलाकर समझाईश दी गई।

### खंडवा पुलिस से संपर्क कर वृद्धा को परिजनों से मिलवाया



**उज्जैन।** खंडवा के ग्राम संगवाडा थाना शेगांव माखन की रहने वाली रमाबाई पति गजराजसिंह राजपूत 76 साल परिवार के साथ धार्मिक यात्रा पर उज्जैन आई थी। महाकाल दर्शन के बाद परिवार गढ़कालिका मंदिर पहुंचा था, जहां भीड की वजह से वृद्धा रमाबाई बिछड गई। उन्हे बदहवास हालत और आंखों में आंसू देख अंगारेश्वर मंदिर में पूजा करने आये श्रद्धालु श्याम शर्मा निवासी ग्राम लालाखेडी, थाना माकडोन ने देखा तो पूछताछ की। श्याम शर्मा ने अपने स्तर पर परिजनों की तलाश करने का प्रयास किया लेकिन नहीं मिले। वह वृद्धा को महाकाल थाना पुलिस के पास लेकर पहुंचा। थाना प्रभारी महाकाल गगन बादल द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए उपनिरीक्षकचंद्रभान सिंह एवं पुलिस टीम को तत्काल वृद्ध महिला के परिजनों की तलाश हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस टीम द्वारा महाकाल मंदिर क्षेत्र, आसपास के पार्किंग स्थलों एवं संभावित स्थानों पर खडी वाहनों की जांच एवं तलाश की गई। पूछताछ में वृद्ध महिला ने अपना नाम पता बताया था। उनके पास परिवार का मोबाइल नम्बर नहीं था। एसआई चौहान ने खंडवा स्थित शेगांव माखन थाना प्रभारी एस.एन. पांडे से संपर्क स्थापित किया गया। स्थानीय पुलिस के सहयोग से महिला के गांव एवं परिजनों से संपर्क कर उनके साथ आये परिजनों का मोबाइल नम्बर प्राप्त किया। करीब 5 घंटे बाद उज्जैन पुलिस ने वृद्धा के परिजनों को खोज लिया और थाने बुलाकर वृद्धा को उनके सुपुर्द किया। परिजनों का कहना था कि वह भी तलाश कर रहे थे।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 138-2 | 490-3 |
| मेन बाजार | 288-8 | 679-2 |
| कल्याण नाइट | 169-6 | 128-1 |
| मिलन डे | 126-9 | 236-1 |
| मिलन नाइट | 247-3 | 157-3 |
| मधुर डे | 337-3 | 246-2 |
| मधुर नाइट | 356-4 | 137-1 |
| शुभांक | 3 5 | 6 |

# हिरासत में आए बदमाश से खुला बाइक चोरी का राज

## अस्पतालों से करता था चोरी, खरीददार भी गिरफ्त में

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

बिना नंबर की बाइक से अवैध शराब का परिवहन करने वाले हिस्ट्रीशीटर बदमाश से बाइक चोरी की वारदात का खुलासा हुआ है। बदमाश अस्पतालों से बाइक चोरी करता था और कम कीमत में बेच देता था। पुलिस ने चोरी की बाइक खरीदने वाले को भी गिरफ्तार किया है।

झारडा थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह गरवाल ने बताया कि 30 जुलाई को बिना नंबर की बाइक से अवैध शराब का परिवहन होने की सूचना मिलने पर नरेन्द्र खेडा फंटा बमनई बायपास रोड पर घेराबंदी कर बिना नंबर की बाइक पर सवार जितेन्द्र सिंह पिता दरबार सिंह राजपूत 28 साल निवासी ग्राम घटिया साईंदास को पकड़ा गया था। उसके पास से प्लास्टिक की केन में भरी 8 लीटर कच्ची जहरीली शराब बरामद की गई। मामले में आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई और बाइक संबंधित दस्तावेज मांगे गए तो जितेंद्र राजपूत ने बाइक चोरी करना कबूल कर लिया। चोरी की बाइक से अवैध शराब का परिवहन किए जाने का मामला सामने आने के बाद उस सख्ती के साथ पूछताछ की गई तो उसने ग्रामीण क्षेत्र के शासकीय अस्पताल परिसरों से बाइक चोरी करने की वारदात करना बताया। चोरी की बाइक बरामद करने का प्रयास किया गया तो उसने कम कीमत में गोपाल पिता मांगुसिंह निवासी घाटपिपल्या को बेचना बताया। पुलिस में चोरी की बाइक बरामद करने के लिए गोपाल को हिरासत में लिया और उसकी निशानदेही पर खरीदी गई




दो चोरी की बाइक बरामद की गई। गोपाल को भी चोरी की बाइक खरीदने का आरोपी बनाकर गिरफ्तार किया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि बरामद की गई चोरी की तीन बाइक 1.50 लाख कीमत की है। थाना प्रभारी के अनुसार चोरी की बाइक बरामद करने में थाना टीम के साथ घट्टिया थाना आरक्षक रूपेश परले और कमल मालवीय का सहयोग रहा।

**आरोपी के खिलाफ पूर्व में दर्ज है प्रकरण–** थाना प्रभारी गरवाल ने बताया कि वाहन चोरी की वारदात में गिरफ्तार किये गये आरोपी के खिलाफ पूर्व में 10 अपराधिक प्रकरण दर्ज है। जिसमें वाहन चोरी के साथ आबकारी अधिनियम, मारपीट, चाकूबाजी मोटर व्हीकल एक्ट के प्रकरण शामिल है। चोरी की बाइक खरीने वाले के खिलाफ भी झारड़ा थाना में 3 प्रकरण दर्ज होना सामने आये है। फिलहाल दोनों को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

# शहर की ट्राफिक व्यवस्था देखने सड़क पर उतरे एसपी

### तीन बत्ती चौराहा से फ्रीगंज क्षेत्र का पैदल किया निरीक्षण



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर की ट्राफिक व्यवस्था का जायजा लेने के लिये शुक्रवार को एसपी प्रदीप शर्मा खुद सड़कों पर उतरे और तीन बत्ती चौराहा से फ्रीगंज क्षेत्र का पैदल निरीक्षण किया। उन्होने यातायात विभाग के अधिकारियों को व्यवस्था सुधारने के निर्देश जारी किये है।

कुछ समय से शहर की यातायात व्यवस्था काफी बाधित होती दिखाई दे रही है। जगह–जगह जाम के हालत बन रहे है। काफी प्रयास के बाद भी व्यवस्था में सुधार नहीं आ पा रहा है। जिसको देखते हुये एसपी प्रदीप शर्मा शुक्रवार को खुद मैदान में उतरे और उन्होने तीन बत्ती चौराहा से फ्रीगंज क्षेत्र का निरीक्षण किया। तीन बत्ती चौराहा पर नानाखेडा क्षेत्र से आने वाले वाहनों के चलते काफी अधिक व्यवस्था बिगडने पर उन्होने चौराहा का गंभीरता से जायजा लिया और कट पाइंट को लेकर दिशा निर्देश जारी किये। वहीं चौराहा के आसपास अवैध अतिक्रमण को हटाने के निर्देश जारी किये। एसपी के निरीक्षण के दौरान यातायात डीएसपी ट्रैफिक दिलीपसिंह परिहार, निरीक्षक राकेश तिवारी तथा निवेश मालवीय मौजूद थे। उन्होने क्षेत्र में पार्किंग व्यवस्था को बेहतर बनाने के निर्देश देते हुये स्पष्ट किया कि नो–पार्किंग में खड़े वाहनों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए तथा यातायात में बाधा बनने वाले अतिक्रमणों को तत्काल हटाया जाए। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों की सुविधा और शहर में सुगम यातायात बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकता है। एसपी के निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने क्षेत्र की व्यवस्थाओं का आंकलन कर आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने का आश्वासन दिया। शहरवासियों से भी यातायात नियमों का पालन करने और निर्धारित स्थानों पर ही वाहन पार्क करने की अपील की गई।


# हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत पर था जहरीला पदार्थ खाने वाला युवक

## दुष्कर्म में दर्ज हुआ था केस, नाबालिग के घर चलाई थी गोली

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

दुष्कर्म के मामले में अग्रिम जमानत पर रिहा युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया था। जिसकी गुरूवार रात मौत हो गई थी। शुक्रवार को पोस्टमार्टम के दौरान सामने आया कि जमानत मिलने के बाद वह नाबालिग के घर 15 दिन पहले हवाई फायर कर चुका था।

भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के धूलमहू में रहने वाले विकास पिता निर्भय आंजना 24 साल ने गुरूवार को जहरीला पदार्थ खा लिया था। उसने आत्मघाती कदम उठाने से पहले मोबाइल स्टेट्स पर पोस्ट भी अपलोड की थी। परिजनों ने उसे उपचार के लिये निजी अस्पताल में भर्ती किया था। रात में उसकी मौत हो गई थी। भैरवगढ़ थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर शुक्रवार को पोस्टमार्टम कराया। इस दौरान परिजनों ने बताया कि उसने नाबालिग युवती के प्यार में मौत को गले लगाया है। बताया जा रहा था कि ग्राम रणाहेड़ा में रहने वाली नाबालिग से उसकी सगाई हो चुकी थी, बाद में सगाई टूट गई थी। परिजनों



ने नाबालिग का रिश्ता दूसरी जगह कर दिया गया था। नाबालिग की शादी नागझिरी क्षेत्र में हुई थी। विकास सगाई टूटने के बाद भी नाबालिग से ही शादी करना चाहता था। लेकिन नाबालिग के परिजन तैयार नहीं थे। 3 माह पहले विकास नाबालिग को उसके ससुराल से लेकर भाग गया था। परिजनों की शिकायत पर विकास के खिलाफ दुष्कर्म और पास्को एक्ट का प्रकरण नागझिरी पुलिस ने दर्ज किया था। पुलिस विकास को गिरफ्तार कर पाती उससे पहले उसने हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत प्राप्त कर ली थी। 15 दिन पहले विकास पानबिहार चौकी क्षेत्र के ग्राम रणाहेडा पहुंचा था और नाबालिग के घर गोली चलाकर दहशत फैलाई थी। उसने परिजनों को धमकाया था कि नाबालिग की शादी दूसरी जगह की तो अच्छा नहीं होगा। नाबालिग के मामा ने विकास की शिकायत दर्ज कराई थी लेकिन विकास के परिजनों ने पुलिस को बताया था कि नाबालिग के परिजन झूठे मामले में फंसाना चाहते है, जिसके चलते उसकी अग्रिम जमानत निरस्त हो जाये। पानबिहार चौकी प्रभारी जयंत डामोर ने बताया कि जांच में गोली चलाने की पुष्टि होने पर विकास के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया था। उसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे थे। उससे पहले खबर सामने आई कि उसने जहरीला पदार्थ खा लिया है। इधर विकास की मौत होने पर भैरवगढ़ थाना एसआई डीएल रावत ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। परिजनों के बयान दर्ज किये जायेगें। संभवत– अग्रिम जमानत निरस्त होने के डर और नाबालिग के परिजनों द्वारा शादी के लिये तैयार नहीं होने पर उसने आत्मघाती कदम उठाया है। जांच और बयानों के बाद ही मामला स्पष्ट हो पायेगा।

# फांसी के फंदे पर लटका मिला युवक

**उज्जैन।** हामूखेड़ी में शुक्रवार देर शाम युवक ने फांसी लगा ली। परिजनों ने उसे फंदे पर लटका देखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल पहुंचाया है।

नागझिरी थाना पुलिस ने बताया कि देवासरोड हामूखेडी में रहने वाले लखन पिता बद्रीनाथ 22 साल के घर में फांसी लगाने की सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पहुंची थी। लखन का शव फंदे से उतारा गया और जांच शुरू की गई। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला।

परिजन भी फांसी लगाने का कारण स्पष्ट नहीं कर पाये। शव को पोस्टमार्टम के लिये चरक अस्पताल पहुंचाया गया और मर्ग कायम किया। पुलिस के अनुसार शनिवार सुबह पोस्टमार्टम कराने के बाद मामले की जांच शुरू की जायेगी।

### काल भैरव में वसूली व किसानों के मुद्दे पर युवा कांग्रेस ने की बैठक



**उज्जैन।** संगठन को मजबूत करने, मध्य प्रदेश में किसानों के साथ मंडी में वृद्धि और काल भैरव में 500 रुपए की वसूली के मुद्दे को लेकर जिला युवा कांग्रेस की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष अर्पित यादव के नेतृत्व में संपन्न हुई।

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ नेता सतीश मरमट उपस्थित रहे। साथ ही जिला प्रभारी वरेश जादौन एवं प्रदेश महासचिव राधा मालवीय ने भी विशेष रूप से उपस्थिति दर्ज कराई। इस दौरान युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने संगठन की मजबूती और प्रदेश तथा स्थानीय स्तर के ज्वलंत मुद्दों पर विस्तार से चर्चा कर आगे की रणनीति तैयार की। बैठक में विधानसभा अध्यक्ष यश जैन, हिमांशु शुक्ला, ब्लॉक अध्यक्ष नाजिम कुरेश, महेंद्र रंगवाल, हर्ष पटेल, पवन आंजना, मिलन, योगेश दायमा, बंटी राउत, अश्विन मावरी, अरुण सिसोदिया, आर्यन मालवीय, अरबाज कुरैशी, चेतन प्रजापत, रिजवान लाला, सोनू परमार, यशवंत मालवीय, अभी मालवीय, विक्की सिसोदिया, मनीष कीर, राजपाल बना, यश राज चावड़ा, मुकुंद कीर, मयूर तीनखेड़े, लोकेन्द्र शेखावत एवं युवा कांग्रेस के अन्य साथी उपस्थित रहे।

## चौड़ीकरण कार्यों में नागरिकों की मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चत करें

**उज्जैन** निगम आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा द्वारा शुक्रवार को सुबह गदा पुलिया से रविशंकर नगर, जयसिंह पुरा होते हुए लालपुल ब्रिज रोड तक चौडीकरण कार्य, बाबा महाकाल सवारी मार्ग छत्री चौक से ढाबा रोड हरसिध्दि पाल से रामघाट मार्ग चौडीकरण कार्यों का निरीक्षण किया एवं कार्य की समीक्षा कर प्रगति रिपोर्ट की जानकारी ली गई।

उल्लेखनीय है कि मार्ग चौडीकरण के अंतर्गत रविशंकर जयसिंह पुरा होते हुए लालपुल ब्रिज रोड तक जिसकी लंबाई 1.35 किलोमीटर चौडाई 24 मीटर एवं कार्य की लागत राशि 18.95 करोड की लागत से चौडीकरण किया जा रहा है निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा निरीक्षण के दौरान स्पष्ट निर्देश दिए कि नागरिकों की मूलभूत सुविधाएं जल प्रदाय, बारिश के दौरान जल भराव समस्या का निराकरण, नागरिकों के आवागमन आदि कार्यों को निर्बाध रूप से कराए। सम्बन्धित एजेंसी के द्वारा कार्य में धीमी गति एवं लापरवाही पाए जाने पर निगम आयुक्त द्वारा 2 लाख की पेनल्टी के निर्देश दिये, बाधक भवनों को हटाए जाने के साथ नाली निर्माण कार्य, पोल शिफ्टिंग, पेयजल लाइन के कार्यों को 7 अगस्त तक गुणवत्ता पूर्वक पूर्ण करने के निर्देश सम्बन्धित एजेंसी के प्रतिनिधि एवं अधिकारियों को दिए साथ ही नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आवागमन को सुचारु बनाने हेतु मार्ग पर एक साइड से सडक निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश सम्बन्धित एजेंसी को दिए निगम आयुक्त द्वारा एजेंसी के प्रतिनिधि को हिदायत दी गई कि चौडीकरण कार्य में लापरवाही किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी सम्बन्धित एजेंसी चौडीकरण कार्य में आवश्यक संसाधन बडाए एवं कार्य को शीघ्र पूर्ण करे। बाबा महाकाल सवारी मार्ग छत्री चौक से सत्यनारायण मंदिर एवं हरसिद्धि पाल से रामघाट मार्ग चौडीकरण कार्य का निरीक्षण निगम आयुक्त द्वारा किया गया सवारी मार्ग पर कमरी मार्ग चौराहे पर कोबल पत्थर का कार्य पूर्ण किया गया निगम आयुक्त द्वारा निर्देश दिए कि संपूर्ण सवारी मार्ग को विशेष सफाई टीम द्वारा सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करे मार्ग पर गिराऊ भवनों की गैलरी, छज्जे आदि की सतत मॉनिटरिंग भवन अधिकारी द्वारा की जाए, बाबा महाकाल सवारी के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा पैदल भ्रमण किया जाएगा समूर्ण सवारी मार्ग पर इस बात का विशेष ध्यान रखते हुए चौडीकरण के दौरान निर्माण सामग्री एवं मलबे की सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करे । हरसिध्दि पाल से रामघाट मार्ग पर सीमेंट कर्किट सडक निर्माण, एवं रिटर्निग वॉल का कार्य पूर्ण किया गया है।

# पुलिस टीम पर हमला करने वाला इनामी आरोपी गिरफ्तार

**उज्जैन।** आर्म्स एक्ट मामले में माकडोन आई बैतूल पर हमला कर आरोपी को छुड़ाने के मामले में फरार चल रहे 5 हजार के इनामी आरोपी को पुलिस ने 6 साल बाद गिरफ्तार कर लिया। जिसे कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है।

माकडोन थाना प्रभारी प्रदीपसिंह राजपूत ने बताया कि 20 अगस्त 2019 में बैतूल पुलिस आर्म्स एक्ट मामले में आरोपी को गिरफ्तार करने माकडोन के ग्राम सालाखेडी आई थी। उस दौरान आरोपी को छुडाने के लिये इन्द्र पिता नारायणसिंह ने अपने साथियों के साथ मिलकर लाठियों–पत्थरों से बैतूल पुलिस पर हमला कर दिया था और आर्म्स एक्ट के आरोपी को छुडाकर फरार हो गया था। बैतूल पुलिस की शिकायत पर मामले में प्राणघातक हमले और बलवा के साथ शासकीय कार्य में बाधा का प्रकरण दर्ज किया गया था। कुछ आरोपियों गिरफ्तार कर लिया गया था। इंद्र पिता नारायणसिंह फरार चल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी पर 5 हजार का इनाम घोषित किया गया था। 6 साल बाद मुखबीर से सूचना मिली कि फरार इनामी आरोपी गांव में आया हुआ है। जिसकी गिरफ्तारी के लिये आरक्षक कुन्दन सिंह, प्रकाश मेहता, संतोष पटेल, सुनील लिंबोदिया, सैनिक बहादुर अंबोदिया की टीम गठित की गई और घेराबंदी कर इनामी फरार आरोपी को गिरफ्तार किया गया। जिसे कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है।

### जनआंदोलन की चेतावनी

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश सरकार द्वारा मंडी शुल्क बडाकर 1.5 प्रतिशत किए जाने के विरोध में शहर जिला कांग्रेस कमेटी के उद्योग एवं व्यापार प्रकोष्ठ ने मोर्चा खोल दिया है। प्रकोष्ठ अध्यक्ष पं. वरुण शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं ने शुक्रवार को कृषि उपज मंडी सचिव के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इसमें बड़े हुए मंडी शुल्क को तत्काल प्रभाव से वापस लेने की मांग की गई है, मांग पूरी न होने पर उग्र जनआंदोलन की चेतावनी दी गई है। ज्ञापन में कांग्रेस ने आरोप लगाया कि सरकार ने व्यापारी वर्ग से पर्याप्त संवाद किए बिना यह अव्यावहारिक निर्णय लिया है। मंडी शुल्क में इस वृद्धि से कृषि उपज के व्यापार की लागत बडेगी। इसका सीधा नुकसान किसानों को मिलने वाले उचित मूल्य और आम उपभोक्ताओं तक पहुंचने वाली वस्तुओं की कीमतों पर पड़ेगा। व्यापार और रोजगार के पलायन का खतरा भी बढ़ गया है।

### रास्ते के विवाद मे 2 पक्षों के बीच चली लाठियां

**उज्जैन।** रास्ते का विवाद और नाली का पानी फैलने पर 2 पक्षों के बीच लाठियां चल गई। एक पक्ष से दादा–पोता घायल हो गये। मामला बडनगर थाना क्षेत्र के मिठीखेडी के रहने वाले मसूर पिता जहूर पटेल 45 साल और शेहजाद पिता दादू पटेल के बीच का है। दोनों के मकान पास–पास बने है। जिनका रास्ता एक है। रास्ते पर नाली का पानी भी बहता है। इसी बात पर बीती शाम दोनों का परिवार आमने–सामने हो गया। गाली–गलौच का मामला मारपीट में बदल गया। मंसूर पटेल के पिता जहूर हाजी 65 साल और पुत्र अफजल पटेल 21 साल घायल हो गये। जहूर हाजी को सिर में लाठी की चोंट लगने पर उपचार के लिये बडनगर से उज्जैन रैफर किया गया है। बडनगर थाना पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रास प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

## हमारी आत्मा के शिल्पकार



प्रेमचंद की स्वीकार्यता जन-सामान्य के बीच कबीर और तुलसीदास के बाद सबसे व्यापक है। वह आधुनिक भारत व भारतीय मन को गढ़ने वाले विरल साहित्यकारों में अग्रगण्य हैं। बीसवीं शताब्दी का नवजागरण किसी शून्य में नहीं पैदा हुआ था। वह दौर एक ओर महात्मा गांधी के अहिंसक आंदोलन और जन-जागरण से आलोकित था, तो दूसरी ओर बाबा साहेब आंबेडकर के समता और सामाजिक न्याय के कठोर सवालों से उद्वेलित था। प्रेमचंद अपने साहित्य में गांधी और आंबेडकर, दोनों महान विचारकों की चेतना को एक साथ साधते हैं। वह राष्ट्रीयता को पुनर्परिभाषित करते हुए लिखते हैं, ̧हम जिस राष्ट्रीयता का स्वप्न देख रहे हैं, उसमें तो जन्मजात वर्णों की गंध तक न होगी।

प्रेमचंद अपनी कहानियों और उपन्यासों में एक तरह से नए और स्वाधीन भारत का मानवीय संविधान रच रहे थे। उनकी कहानी पंच परमेश्वर में न्याय का अप्रतिम आदर्श दिखाई देता है। एक तरफ ताकतवर जुम्मन मियां हैं, तो दूसरी तरफ बेसहारा, कमजोर बूढ़ी खाला। प्रेमचंद कमजोर खाला के पक्ष में न्याय को खड़ा करते हैं। खाला का वह ऐतिहासिक वाक्य- ̧बेटा, क्या बिगाड़ के डर से ईमान की बात न कहोगे? आज भी हमारे नागरिक विवेक को झकझोरता है। अंग्रेजी और औपनिवेशिक मानसिकता ने भारत को केवल अतीतजीवी और आध्यात्मिक साबित करने की चेष्टा की, लेकिन प्रेमचंद ने भारत की पहचान उसकी मिट्टी, खेत-खलिहान, किसान, मजदूर, दलित और स्त्री की जिजीविषा में तलाशी। सद्गति में वह धर्म और कर्मकांड में छिपे अमानवीय तंत्र पर ठोकर मारते हैं, तो ठाकुर का कुआं में एक बीमार आदमी के लिए पानी तक न मिलने की सामाजिक क्रूरता को उजागर करते हैं। वहीं, रंगभूमि का सूरदास जब अपनी जली हुई झोंपड़ी के सामने खड़ा होकर कहता है, ̧हम हजार बार जलाए जाने पर भी हजार बार झोंपड़ी बनाएंगे, ̧तो वह भारत के आम जनमानस की अदम्य जिजीविषा का प्रतीक बन जाता है। गजानन माधव मुक्तिबोध ने ठीक ही लिखा था कि प्रेमचंद हमारी आत्मा के शिल्पी हैं। वह हमारे भीतर के पाखंड, कृत्रिमता और अहंकार को खारिज करके हमारे व्यक्तित्व को उन्नत करते हैं।

आज के इस नायक-विहीन समय में, जब मीडिया नकली नायकों को गढ़ने में लगा है, प्रेमचंद हमें सिखाते हैं कि असली लोक-नायकत्व किसी विशेषाधिकार में नहीं, बल्कि साधारणता के भीतर छिपी असाधारणता में निहित है। प्रेमचंद का साहित्य केवल अतीत का दर्पण नहीं, बल्कि भविष्य की दिशा-दृष्टि है। वह एक ऐसे सच्चे लेखक हैं, जो हर दौर में हमारी सोई हुई चेतना को झकझोरते रहेंगे और हमारी मनुष्यता को जगाते रहेंगे।



### सम्पादकीय

# पैलेट गन पर सुनवाई

बीती 20 जुलाई को दिल्ली में संसद की ओर मार्च कर रहे प्रदर्शनकारी छात्रों पर पुलिसिया कार्रवाई का मामला शांत होने का नाम नहीं ले रहा है और धीरे-धीरे इसकी परतें खुलती लग रही हैं। इस पर जारी सियासत से अलग सर्वोच्च न्यायालय में सुनवाई भी चल रही है। जाहिर है, इस मामले में सियासत से ज्यादा महत्वपूर्ण निर्णय न्यायालय का ही होगा। सवाल नया नहीं है, लेकिन बड़ा जरूर है। क्या पुलिस को पैलेट गन के इस्तेमाल का अधिकार है? फिलहाल, यह सरकार के लिए राहत की बात है कि सर्वोच्च न्यायालय ने घातक हथियारों पर प्रतिबंध लगाने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए पुलिस द्वारा पैलेट गन के इस्तेमाल को असामान्य हालात में जायज ठहराया है। अब दिल्ली पुलिस को साबित करना होगा कि हालात संगीन हो चुके थे। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली न्यायमूर्ति बागची व न्यायमूर्ति मोहना की पीठ ने उचित ही सरकार को निर्देश दिया है कि वह अपनी कार्रवाई के रिकॉर्ड दुरुस्त रखे और दिल्ली सरकार को कहा गया है कि वह घायलों का इलाज कराए। सर्वोच्च न्यायालय में दायर याचिका में पैलेट गन के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने के साथ ही 20 जुलाई की पुलिस कार्रवाई के पीड़ितों को मुआवजा देने की भी मांग की गई है।

अब इस पर सर्वोच्च न्यायालय से जो भी व्यवस्था आएगी, वह देश के लिए मील का पत्थर साबित होगी। ध्यान रहे, पुलिस से बल प्रयोग का अधिकार छीन लेने के अपने खतरे हैं। बेहतर तो यही होगा कि पुलिस उपद्रव नियंत्रण के नए सभ्य तरीके खोजे और आजमाए। याचिकाकर्ता ने प्रदर्शनकारियों और अन्य नागरिक सभाओं को तितर-बितर करने के लिए ̧पंप एक्शन राइफलों या प्रोजेक्टाइल एक्शन गन (पीएजी) के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। हालांकि, अदालत को यह मांग मंजूर करने में परेशानी है, तभी तो उसने विशेष हालात में पैलेट गन के इस्तेमाल को सही ठहराया है। संविधान के तहत पुलिस तंत्र को कुछ अधिकार मिले हुए हैं। अगर उससे ये अधिकार वापस लेने हैं, तो फिर नियमों में बदलाव की जरूरत पड़ेगी। यह प्रश्न व्यापक महत्व का है कि क्या हमारा देश इतना परिपक्व हो चुका है कि यहां पुलिस को बलहीन सरकारी महकमे में बदल दिया जाए? क्या हमारी पुलिस हमेशा बल प्रयोग करने लगी है? क्या पुलिस इतनी बेलगाम हो चुकी है कि उसके हाथों से अब हर तरह की बंदूकें वापस ले ली जाएं?

### हम सब करे दायित्वों का निर्वाह

# जवाबदेही केवल सत्ता की नहीं, समाज की भी होनी चाहिए



डॉ सत्यवान सौरभ
(दैनिक अवन्तिका)

लोकतंत्र में जवाबदेही का सबसे अधिक आग्रह सत्ता और पद पर बैठे लोगों से किया जाता है। किसी मंत्री के विभाग में भ्रष्टाचार हो जाए, किसी अधिकारी के क्षेत्र में अपराध बढ़ जाए, किसी शिक्षक के विद्यालय का परिणाम खराब आ जाए या किसी पुलिस अधिकारी के क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बिगड़ जाए, तो सबसे पहले उसी पदाधिकारी से जवाब मांगा जाता है। यह उचित भी है, क्योंकि अधिकार के साथ उत्तरदायित्व जुड़ा होता है। लेकिन प्रश्न यह है कि क्या समाज स्वयं अपनी जिम्मेदारियों से मुक्त हो सकता है? क्या हर अपराध का दोष केवल सरकार, प्रशासन और व्यवस्था पर डाल देना पर्याप्त है? क्या नागरिक होने के नाते हमारी कोई जवाबदेही नहीं बनती?

लोकतंत्र केवल सरकार का नाम नहीं है। लोकतंत्र सरकार और समाज की साझी व्यवस्था है। संविधान ने नागरिकों को जितने अधिकार दिए हैं, उतने ही मूल कर्तव्य भी सौंपे हैं। यदि हम केवल अधिकारों की बात करें और कर्तव्यों को भूल जाएँ, तो लोकतंत्र का संतुलन बिगड़ जाता है। यही कारण है कि आज अनेक सामाजिक समस्याओं के मूल में केवल प्रशासनिक विफलता नहीं, बल्कि नागरिक उत्तरदायित्व का अभाव भी दिखाई देता है। जब कोई व्यक्ति चोरी करता है, हत्या करता है, बलात्कार करता है, साइबर ठगी करता है, नशे का कारोबार करता है या संगठित अपराध का हिस्सा बनता है, तो वह केवल किसी एक व्यक्ति का नुकसान नहीं करता, बल्कि पूरे समाज की शांति और व्यवस्था को प्रभावित करता है। ऐसे अपराधों की रोकथाम के लिए कानून और न्यायालय हैं, जो अपराध की प्रकृति के अनुसार दंड निर्धारित करते हैं। लेकिन इसके साथ यह प्रश्न भी उठता है कि क्या अपराध सिद्ध होने के बाद राज्य द्वारा दी जाने वाली कुछ सुविधाओं पर भी पुनर्विचार होना चाहिए? इस विषय पर समय-समय पर बहस होती रही है, विशेषकर जघन्य अपराधों के संदर्भ में।

हालाँकि यहाँ एक अत्यंत महत्वपूर्ण संवैधानिक सिद्धांत को समझना आवश्यक है। भारत में प्रत्येक नागरिक को कानून के समक्ष समानता, न्यायिक प्रक्रिया और मानव गरिमा का अधिकार प्राप्त है। इसलिए किसी भी व्यक्ति को केवल आरोप के आधार पर नहीं, बल्कि विधिसम्मत न्यायिक प्रक्रिया के बाद ही दंडित किया जा सकता है। साथ ही, राज्य द्वारा मिलने वाली अनेक मूलभूत सुविधाएँ-जैसे शिक्षा, प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएँ और जीवनरक्षक सहायता-मानवीय और संवैधानिक दायित्वों से भी जुड़ी हैं। अतः किसी अपराध के कारण हर सरकारी सुविधा से आजीवन वंचित कर देना न तो व्यावहारिक है और न ही वर्तमान संवैधानिक व्यवस्था के अनुरूप माना जाएगा।

हाँ, यह अवश्य विचारणीय है कि जिन व्यक्तियों को गंभीर अपराधों में न्यायालय द्वारा दोषी ठहराया गया हो, उनके लिए कुछ वैधानिक परिणाम और कठोर हो सकते हैं। उदाहरण के लिए, चुनाव लड़ने की अयोग्यता, सरकारी नौकरी के लिए प्रतिबंध, हथियार लाइसेंस पर रोक, कुछ प्रकार के सरकारी पदों के लिए अयोग्यता, या अपराध की प्रकृति के अनुसार विशेष सरकारी योजनाओं में सीमाएँ-ऐसे विषय कानून बनाकर तय किए जा सकते हैं। लेकिन यह सब न्यायिक प्रक्रिया और संवैधानिक मर्यादाओं के भीतर ही होना चाहिए।

दूसरी ओर, समाज को भी यह स्वीकार करना होगा कि अपराध केवल पुलिस की विफलता से पैदा नहीं होते। परिवारों में संस्कारों का क्षरण, विद्यालयों में चरित्र निर्माण पर घटता ध्यान, सोशल मीडिया पर फैलती हिंसक और घृणास्पद सामग्री, नशे का बढ़ता प्रभाव और कानून तोड़ने को चालाकी समझने वाली मानसिकता भी अपराधों को जन्म देती है। यदि समाज इन कारणों पर मौन रहेगा, तो केवल सरकार बदलने से अपराध समाप्त नहीं होंगे।

आज हम अक्सर देखते हैं कि सड़क दुर्घटना हो तो लोग हेलमेट नहीं पहनते, फिर सरकार को दोष देते हैं। टैक्स चोरी स्वयं करते हैं, फिर विकास कार्यों की कमी पर शिकायत करते हैं। रिश्वत देने वाला और लेने वाला दोनों समाज से ही आते हैं। अवैध निर्माण नागरिक करते हैं और दोष प्रशासन को मिलता है। परीक्षा में नकल विद्यार्थी करते हैं, लेकिन पूरी शिक्षा व्यवस्था को कठघरे में खड़ा कर दिया जाता है। यह दृष्टिकोण अधूरा है।

जवाबदेही का अर्थ केवल दंड नहीं, बल्कि आत्मानुशासन भी है। यदि नागरिक स्वयं कानून का पालन करें, अपराध की सूचना दें, गवाह बनने से न डरें, सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा करें और अपने बच्चों को नैतिक शिक्षा दें, तो अपराधों की संख्या स्वाभाविक रूप से घट सकती है। एक जागरूक समाज किसी भी पुलिस बल से अधिक प्रभावी सुरक्षा कवच बन सकता है। इस संदर्भ में पुनर्वास की अवधारणा को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। सभी अपराध एक जैसे नहीं होते और सभी अपराधी भी एक जैसे नहीं होते। अनेक लोग परिस्थितियों, अपरिपक्वता या गलत संगति के कारण अपराध की ओर चले जाते हैं और बाद में सुधार भी करते हैं। आधुनिक न्याय व्यवस्था केवल दंड पर नहीं, बल्कि सुधार और पुनर्स्थापन पर भी बल देती है। यदि समाज किसी व्यक्ति को सुधार का अवसर ही न दे, तो उसके पुनः अपराध की ओर लौटने की संभावना बढ़ सकती है। इसलिए कठोरता और संवेदनशीलता के बीच संतुलन आवश्यक है। लोकतंत्र में यह सिद्धांत भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि राज्य का उद्देश्य केवल दंड देना नहीं, बल्कि एक सुरक्षित, न्यायपूर्ण और मानवीय समाज का निर्माण करना है। इसलिए नीतियाँ ऐसी होनी चाहिएँ जो अपराध को हतोत्साहित करें, पीड़ितों को न्याय दें, दोषियों को कानूनसम्मत दंड दें और जहाँ संभव हो, सुधार का अवसर भी उपलब्ध कराएँ।

इसी प्रकार पद पर बैठे व्यक्तियों की जवाबदेही भी कम नहीं हो सकती। यदि कोई अधिकारी अपने दायित्व का निर्वहन नहीं करता, कोई मंत्री भ्रष्टाचार को बढ़ावा देता है या कोई जनप्रतिनिधि अपने संवैधानिक कर्तव्यों की उपेक्षा करता है, तो उसके विरुद्ध भी कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। अधिकार और जवाबदेही का संबंध दोनों पक्षों पर समान रूप से लागू होता है-सत्ता पर भी और समाज पर भी। भारत को यदि वास्तव में अपराध-मुक्त, अनुशासित और उत्तरदायी राष्ट्र बनाना है, तो हमें ₹केवल सरकार जिम्मेदार है और ₹केवल जनता दोषी है जैसी अतिवादी सोच से आगे बढ़ना होगा। अपराध रोकना सरकार, न्यायपालिका, पुलिस, परिवार, विद्यालय, मीडिया और नागरिक-सभी की साझा जिम्मेदारी है। एक पक्ष की विफलता दूसरे पक्ष को दायित्व से मुक्त नहीं कर सकती।

## चाय की दुकान का आधा भरा कुल्हड़

शहर के सबसे व्यस्त चौराहे पर मन्नू की चाय की दुकान केवल एक गुमटी नहीं थी बल्कि उस पूरे इलाके की धड़कन थी जहाँ रोज सुबह से देर रात तक लोगों का तांता लगा रहता था। उस छोटी सी दुकान के कोने में लकड़ी की एक पुरानी बेंच रखी थी जहाँ हर शाम रामनाथ जी आकर बैठते थे। सफेद कुर्ता-पायजामा पहने और चेहरे पर एक अजीब सी खामोशी लिए रामनाथ जी जब भी आते तो मन्नू बिना कुछ पूछे मिट्टी के कुल्हड़ में कड़क अदरक वाली चाय उनके सामने रख देता था। रामनाथ जी चाय का केवल एक घूँट लेते और फिर उस आधे भरे कुल्हड़ को घंटे भर अपने हाथों में पकड़े टुकुर-टुकुर सामने की सड़क को निहारते रहते थे। मन्नू ने सालों से यह माजरा देखा था लेकिन उसने कभी उनसे इस बात का कारण पूछने की हिम्मत नहीं जुटाई थी। एक दिन जब दुकान पर ग्राहकों की भीड़ कुछ कम हुई तो मन्नू से रहा नहीं गया और वह हाथ में पोछा लिए उनके पास जाकर खड़ा हो गया। मन्नू ने बहुत ही सहेज कर अपनी बात रखते हुए पूछा बाबूजी आप रोज आते हैं और इतनी बढ़िया गरम चाय का बस एक घूँट पीकर छोड़ देते हैं, बाकी की पूरी चाय ठंडी होकर बेकार हो जाती है, क्या हमारी चाय का स्वाद आपको पसंद नहीं आता या फिर कोई और बात है? रामनाथ जी ने एक गहरी सांस ली और अपने कांपते हाथों से उस कुल्हड़ को सहलाते हुए मुस्कुराए। उनकी आँखों में एक अजीब सी चमक तैर गई और उन्होंने धीमी आवाज में कहा ₹मन्नू भाई इस कुल्हड़ की मिठास तो मुझे उस राह पर ले जाती है जहाँ मेरा पूरा संसार बसा हुआ है। रामनाथ जी की बात सुनकर मन्नू की उत्सुकता और बढ़ गई क्योंकि उसे लगा कि शायद किसी पुराने प्यार या खोए हुए रिश्ते की कहानी अब बाहर आने वाली है। उन्होंने आगे बोलना शुरू किया मन्नू तुम्हें शायद पता नहीं है कि यह आधा भरा कुल्हड़ मेरे लिए सिर्फ चाय का बर्तन नहीं बल्कि उम्मीद की वह आखिरी किरण है जो मुझे रोज जीने की वजह देती है।₹ तभी चौराहे पर तेज हॉर्न की आवाज हुई और रामनाथ जी ने अपनी निगाहें सड़क की ओर दौड़ा दीं जैसे वे किसी चमचमाती गाड़ी का इंतजार कर रहे हों।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 01 अगस्त 2026 शनिवार
सूर्योदय - 06:01 सूर्यास्त 19:05
श्रावण मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 09:00 से 10:30 तक
तिथि - तृतीया 23:07 उपरांत चतुर्थी
नक्षत्र - शतभिषा 20:45 उपरांत पूर्वाभाद्रपद
योग - शोभन 23:23 उपरांत अतिगंड
करण - वणिज
चन्द्रमा - दिन पूर्ण कुंभ में रहेगा।
मुस्लिम मास - सावान मास 17 तारिख

**मेष-** आज यात्रा लाभदायक रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। कोई बड़ी समस्या का हल सहज ही होगा। समय अनुकूल है।

**वृषभ-** स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

**मिथुन-** शेयर मार्केट, म्युचुअल फंड से मनोनुकूल लाभ होगा। बेरोजगारी के प्रयास सफल रहेंगे।

**कर्क-** आर्थिक उन्नति की योजना बनेगी। व्यापार लाभदायक रहेगा।

**सिंह-** कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है। नए उपक्रम प्रारंभ हो सकते हैं। कार्यसिद्धि होगी।

**कन्या-** प्रसन्नता में वृद्धि होगी। मान-सम्मान मिलेगा। जल्दबाजी से काम बिगड़ सकते हैं। थकान व कमजोरी रहेगी।

**तुला-** प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। व्यापार लाभदायक रहेगा। शत्रु पस्त होंगे।

**वृश्चिक-** वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**धनु-** जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। मानसिक बेचैनी रहेगी।

**मकर-** सभी तरफ से सफलता प्राप्त होगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। ऐश्वर्य के साधनों पर अधिक व्यय होगा।

**कुंभ-** व्यापार लाभदायक रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। ऐश्वर्य के साधनों पर खर्च होगा। घर-बाहर सुख-शांति रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा।

**मीन-** प्रमाद न करें। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। मेहनत का फल मिलेगा। मान-सम्मान मिलेगा।

### समसामयिक

# धर्मसंकट ; इनकी बात माने या उनकी बात माने ?



राजेंद्र बज
(दैनिक अवन्तिका)

राजनीतिक तथा सामाजिक क्षेत्रों में समय-समय पर विषय विशेष को लेकर अलग-अलग दृष्टिकोण से बयानबाजी की जाती है। अनवरत रूप से चलने वाला यह सिलसिला आम नागरिकों को किसी भी विषय पर अपना स्वतंत्र अभिमत बनाने नहीं देता। राजनेताओं द्वारा आरोप-प्रत्यारोप की प्रक्रिया को ही राजनीतिक धर्म मानते हुए सक्रिय राजनीति का पर्याय समझ लिया गया है। ऐसी स्थिति में आम नागरिकों का वास्तविकता से नाता टूटता जा रहा है। अलग-अलग संदर्भों में अलग-अलग तर्क, विषय विशेष को लेकर अलग अलग व्याख्या करते हैं । ऐसे में स्वाभाविक रूप से किसी भी विषय का सर्वमान्य प्रतिपादन कतई संभव नहीं होता। नतीजतन भ्रमित होना आम नागरिकों की नियति बन गई है। आज स्थिति यह है कि किसी भी विषय पर अलग-अलग विचारधाराएं अपने अलग-अलग पूर्वाग्रह के आधार पर किसी नतीजे पर पहुंचती है।

विषय विशेष को लेकर प्रामाणिकता के आधार को भी संदिग्ध करार दिया जाने लगा है। इन हालातों में हो यह रहा है कि हर एक आदमी महज अपने-अपने पूर्वाग्रह के आधार पर ही विषय विशेष को लेकर अपना अभिमत रखने को विवश है। राजनीति में तर्क-वितर्क का स्थान कुतर्क ने ले लिया है। वह समय अब नहीं रहा जब राजनीति में उच्चस्तरीय आदर्शों का परिपालन किया जाता रहा था। आए दिन राजनीतिज्ञों के उलजलूल बयानों से लोकतंत्र में राजनीतिक मर्यादाएं तार-तार होती जा रही है। अनर्गल प्रलापों का सिलसिला निरंतर जोर पकड़ता जा रहा है। राजनीति में शुचिता और पवित्रता बीते दौर की बात होती जा रही है। येन-केन-प्रकारेण सत्ताप्राप्ति की चाहत में नैतिक मूल्यों को ताक पर रख दिया गया है। निराधार आरोप तथा आधार सहित आरोप मैं कोई अंतर नहीं रह गया है।

हवा में तैरते आरोप हर एक को संदेह के दायरे में लिए हुए हैं।लगभग यही स्थिति सामाजिक जनजीवन में स्पष्ट तौर पर दिखाई देती है। अलग-अलग परंपराएं व रीति-रिवाजों को अपने अपने पूर्वाग्रह के आधार पर आकलित किया जा रहा है। राजनीति और समाज में विचारधाराएं भी अस्त-व्यस्त होती नजर आती है। व्यावहारिक धरातल पर आम नागरिकों का राजनीतिक दृष्टिकोण जातीय तथा क्षेत्रीय आधार पर निर्धारित हो रहा है। राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नागरिकों का इतना ध्यान केंद्रित नहीं है कि वह बड़ी सोच को लेकर चल सके। ऐसे में छोटे-छोटे कारण ही बड़े परिवर्तन के जनक सिद्ध होते रहे हैं। जो जिसका नेतृत्व करता है, वह उसे अपने तौर तरीके से हांक रहा होता है। उथली सोच के आधार पर नेतृत्व का चयन, राजनीति में उच्चस्तरीय आदर्शों की स्थापना में बाधक सिद्ध हो सकता है।

ऐसे में राजनीतिज्ञों द्वारा आए दिन बोले जा रहे अनर्गल बोलो पर लगाम लगाना अत्यंत आवश्यक प्रतीत होता है। अन्यथा आरोप-प्रत्यारोप का ही सिलसिला चलता रहा तो आम नागरिकों से वास्तविकता का टूटता नाता नकारात्मक परिस्थिति का कारक सिद्ध हो सकता है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के चलतेअनर्गल प्रलापों का सिलसिला निरंतर विस्तार पाता जा रहा है। स्वस्थ राजनीति एवं समाज की संरचना में मतभिन्नता बाधक होकर अनावश्यक विवाद की जनक सिद्ध हो रही है विकसित भारत की परिकल्पना को साकार सिद्ध करने के लिए राजनीति का शुद्धिकरण समय की मांग है। इन दिनों राजनीति में सच को झूठ और झूठ को सच सिद्ध करने की होड़ सी चल रही है। ऐसे वैसे-चाहे जैसे जनमत का समर्थन पाना राजनेताओं का परम लक्ष्य बन गया है। लक्ष्य को पाने के लिए नैतिक-अनैतिक का भेद नहीं किया जाता।

# रिसर्च में दिल की धड़कन को लेकर चौंकाने वाला खुलासा

स्वस्थ लोगों की धड़कन में भी गड़बड़ी हो सकती है। यह बात एक शोध में सामने आई है। दरअसल, भारतीय शोधार्थियों ने खुद को स्वस्थ बताने वाले 1,029 लोगों के सैंपल की जांच की। जीनोम सीक्वेंसिंग के जरिये पता चला कि इनमें से एक फीसदी लोगों में कार्डिएक चैनलोपैथी के अलग-अलग वैरिएंट मौजूद हैं जो सीधे तौर पर इन स्वस्थ लोगों की धड़कन पर असर डाल रहे हैं।

शोधार्थियों के अनुसार, हृदय सेल्स प्रोटीन में आनुवंशिक असामान्यताएं कार्डियक चैनलोपैथी होती हैं। ये हार्ट इलेक्ट्रिकल गतिविधियों को नियंत्रित करती हैं और इसलिए यह स्थिति हृदय गति में गड़बड़ी का कारण बन सकती है। मेडिकल जर्नल ह्यूमन जीनोमिक्स में प्रकाशित इस अध्ययन में शोधार्थियों ने आशंका व्यक्त की है कि भारत के स्व-घोषित स्वस्थ व्यक्तियों में से लगभग एक फीसदी आबादी कार्डियक चैनलोपैथी के जोखिम में है।



#### ये हैं कारण

डॉक्टरों का कहना है कि जागरूकता की कमी, लोगों की बिगड़ती जीवनशैली, नशा और व्यायाम नहीं करना इसके प्रमुख कारण हैं लेकिन शोधार्थियों का यह अध्ययन आनुवंशिक स्थिति को लेकर है, जिसमें स्वस्थ लोगों को यह पता ही नहीं कि उनके दिल की गति प्रभावित हो रही है। 470 तरह के वैरिएंट अलग किए गए जिनकी वजह से रहती है कार्डियक अरेस्ट की आशंका होती है।

#### क्या कहते हैं आंकड़े

नई दिल्ली स्थित सीएसआईआर-आईजीआईबी के शोधार्थियों ने 1029 लोगों में कार्डियक चैनलोपैथी के उन 36 जीन्स के आधार पर वैरिएंट की जांच शुरू की जिनकी वजह से कार्डियक अरेस्ट होने की आशंका रहती है। शोधार्थियों ने बताया कि विश्लेषण में 1,86,782 वैरिएंट का पता चला, जिनमें से 470 को अलग किया गया। इनमें से लगभग 26 फीसदी (470 में से 124) नए थे, क्योंकि इनके बारे में वैश्विक स्तर पर अन्य कोई आंकड़ा या रिपोर्ट मौजूद नहीं है।

#### बड़े स्तर पर अध्ययन की जरूरत

अध्ययन के मुख्य शोधार्थी डॉ. विनोद स्कारिया और डॉ. श्रीधर शिबाशुबु ने कहा है कि इस तरह का अध्ययन भारतीय आबादी में बड़े स्तर पर होना चाहिए, जिससे बड़े समूह के लिए नीति निर्धारण व अन्य चीजों में मदद मिल सके। दक्षिण-एशियाईऔर प्रवासी

#### 10 साल में 2.50 लाख की हार्ट अटैक से मौत

भारत में हर साल लाखों लोग दिल की बीमारियों से पीड़ित मिल रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, भारत में बीते 10 साल में करीब 2.50 लाख लोगों की हार्ट अटैक से मौत हुई है। इनमें कई मामले ऐसे भी हैं, जिनकी आयु 30 से 40 वर्ष के बीच थी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़े बताते हैं कि साल 2016 में 21,914, 2017 में 23,249, 2018 में 25,764 और 2019 में 28,005 लोगों की हार्ट अटैक से मौत हुई है।

### धर्म-आस्था

# आस्था की भव्यता अब प्रकृति को बोझ बनाती जा रही है



प्रो. आर.के. जैन
(दैनिक अवन्तिका)

उत्सव कभी केवल मनुष्य के आयोजन नहीं थे; वे प्रकृति के साथ हमारी मौन आत्मीयता के प्रतीक थे। हमारी सांस्कृतिक परंपरा ने सिखाया कि आनंद तभी पूर्ण है, जब उसमें धरती, जल, वायु और समस्त जीवन के प्रति सम्मान हो। पर आज उत्सव जितने भव्य हुए हैं, उनका पर्यावरणीय बोझ भी उतना ही बढ़ा है। रोशनी, रंग और उल्लास के बीच प्लास्टिक की थैलियां, डिस्पोजेबल बर्तन और कृत्रिम सजावट हर पर्व का सामान्य हिस्सा बन चुके हैं। उत्सव समाप्त होते ही यही कचरा सड़कों, नालों, नदियों और सार्वजनिक स्थलों पर बिखर जाता है। सबसे बड़ी विडंबना यह नहीं कि प्लास्टिक बढ़ रहा है, बल्कि यह है कि जिस प्रकृति ने उत्सव को संभव बनाया, वही सबसे अधिक उपेक्षित रह जाती है। प्रश्न केवल प्लास्टिक का नहीं, उस सांस्कृतिक चेतना का है, जिसमें कभी उत्सव और प्रकृति एक-दूसरे के पूरक थे।

सभ्यताएँ त्योहार बदलने से नहीं, उनके स्वभाव बदलने से बदलती हैं। कभी पर्वों की तैयारी मिट्टी, पत्तों, बांस, कपास और प्राकृतिक रेशों से होती थी। पूजा, प्रसाद और सजावट-सब कुछ प्रकृति से आता था और अपना उद्देश्य पूरा कर उसी में सहज विलीन हो जाता था। आज सुविधा, चमक और क्षणिक आकर्षण ने उस स्वाभाविक संतुलन को विस्थापित कर दिया है। परिणामस्वरूप, त्योहारों के दौरान शहरों में सामान्य दिनों की तुलना में कई गुना अधिक प्लास्टिक कचरा पैदा होता है। यही कचरा नदियों में बहकर, मिट्टी में दबकर और वातावरण में फैलकर सूक्ष्म प्लास्टिक कणों में बदल जाता है। यह प्रदूषण दिखाई नहीं देता, पर धीरे-धीरे जल, भूमि, वायु और पूरे जीवन चक्र को विषाक्त करता रहता है। सुविधा ने जीवन सरल अवश्य किया है, पर उसके पर्यावरणीय मूल्य का लेखा-जोखा आज भी अधूरा है।

समाधान भविष्य की प्रयोगशालाओं में नहीं, हमारी सांस्कृतिक स्मृति में है। भारतीय परंपरा ने प्रकृति को कभी संसाधन नहीं, बल्कि जीवन का सहचर माना। इसलिए प्राकृतिक बर्तन, सजावट और पैकेजिंग केवल उपयोग की वस्तुएँ नहीं थीं, बल्कि ऐसी जीवन-दृष्टि का हिस्सा थीं, जिसमें उपभोग और संरक्षण साथ चलते थे। आज जब कुछ समुदाय सूती बैनरों, बागास की प्लेटों, प्राकृतिक रेशों और पर्यावरण-अनुकूल विकल्पों को अपना रहे हैं, तो वे केवल पुराने साधन नहीं, बल्कि उस सांस्कृतिक विवेक को पुनर्जीवित कर रहे हैं, जिसने सदियों तक प्रकृति और समाज का संतुलन बनाए रखा। यह परिवर्तन सिद्ध करता है कि उत्सव की भव्यता और पर्यावरण संरक्षण विरोधी नहीं, पूरक हैं। आधुनिकता तभी सार्थक है, जब वह परंपरा की आत्मा को सुरक्षित रखते हुए नए साधनों का विवेकपूर्ण चयन करे।

आस्था की सबसे बड़ी पहचान उसकी भव्यता नहीं, बल्कि उसके बाद बचने वाली स्वच्छता है। प्रत्येक धार्मिक और सांस्कृतिक उत्सव पवित्रता, स्वच्छता और सामूहिक अनुशासन का संदेश देता है। इसलिए यदि उत्सव स्थल प्लास्टिक मुक्त हों, प्रसाद वितरण में प्राकृतिक विकल्प अपनाए जाएँ और आयोजन के बाद सफाई को केवल कर्तव्य नहीं, बल्कि सांस्कृतिक संस्कार माना जाए, तो पर्वों का उद्देश्य और अधिक सार्थक हो जाएगा। अनेक समुदाय इस दिशा में प्रेरक उदाहरण बन चुके हैं। उन्होंने सिद्ध किया है कि आधुनिक सुविधाओं के साथ भी पर्यावरण के प्रति संवेदनशील रहा जा सकता है। जब श्रद्धा के साथ पर्यावरण-बोध जुड़ता है, तब उत्सव केवल परंपरा का निर्वाह नहीं करते, बल्कि समाज के लिए आदर्श आचरण भी गढ़ते हैं।

प्लास्टिक ने केवल पर्यावरण को ही नहीं, हमारे कारीगरों की आजीविका को भी गहरी चोट पहुंचाई है। मिट्टी के बर्तन बनाने वाले, बांस के शिल्पकार तथा सूत और प्राकृतिक रंगों से जुड़े कारीगर कभी त्योहारों की पहचान थे। प्लास्टिक आधारित वस्तुओं की बढ़ती निर्भरता ने उनकी उपयोगिता और रोजगार, दोनों को सीमित कर दिया। यदि प्राकृतिक सामग्रियों से बने उत्पादों को फिर प्राथमिकता मिले, तो स्थानीय उद्योगों को नई ऊर्जा, रोजगार को विस्तार और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। साथ ही प्लास्टिक कचरा घटने से नगर निकायों और अपशिष्ट प्रबंधन कर्मियों पर पड़ने वाला दबाव भी कम होगा।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 6300 से 6350 विशाल 6050 से 6150 मसूर 6000 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 9500 से 9900 उड़द गर्मी 8800 से 9500 ग्रेविटी क्लीन 10000 से 10200 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7200 से 8500 काबुली रशियन 5800 बिटकी 5200 से 5300 सरसों निमाड़ी 7800 से 8100 रायडा 7000 से 7100 करंज 5000 से 5200 सोयाबीन 7200 अलसी 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2500 से 2550 लोकवन 2750 से 2800 पूर्णा 2550 से 2600 मालवराज 2600 से 2650 मक्का 1975 से 2000 चना दाल 7700 से तुअर दाल 7400 से 7600 मूंग दाल 8800 से 8900 बेस्ट 9000 से 9100 मूंग मोगर 10900 से 11000 बेस्ट 11100 से 11200 उड़द दाल 10800 से 11000 बेस्ट 11100 से 11200 उड़द मोगर 12000 से 12300 बेस्ट 12400 से 12700 मसूर दाल 7950 से 8050 बेस्ट 8150 से 8250 रुपए प्रति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 13500 से 14000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारीक 4000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2462-2946, काबली- 5130-8211, बड़ा- 4570-5600, मसूर- 5801-7271, सरसो- 7050-7601, सोयाबीन 3536-7381, तुवर- 4250-4250, तिल्ली- 10491-11001, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्र्ड- 1,41,700 रवा- 1,41,400 चांदी- टंच- 2,23,000 पाट- 2,22,500।

## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल 75 से 78, चना दाल 72 से 80 ।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com

## एमपीईबी कार्यालय में कनिष्ठ यंत्री से मारपीट

**शुजालपुर।** शुजालपुर मंडी स्थित एमपीईबी कार्यालय में कनिष्ठ यंत्री के साथ कार्यालय में घुसकर मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार फ रियादी मनोहर अचाले निवासी कंचन विहार कॉलोनी शुजालपुर मंडी ने बताया कि एमपीईबी में कनिष्ठ यंत्री के पद पर पदस्थ हैं। गुरुवार दोपहर विशाल राजपूत निवासी बडबेली ने नए बिजली कनेक्शन के संबंध में फ ोन किया था। बाद में वह शाम करीब 4.30 बजे एमपीईबी कार्यालय पहुंचा, जहां शासकीय कार्य के दौरान उसने गाली-गलौज शुरू कर दी। फरियादी ने पुलिस को शिकायत में कहा कि विरोध करने पर आरोपी विशाल राजपूत ने थप्पड़ मारकर मारपीट की तथा शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाई।

## कॉलेज छात्रा ने जहर खाया, इलाज के दौरान मौत

**देवास।** खरगोन जिले की 19 वर्षीय कॉलेज छात्रा की कथित तौर पर जहर का सेवन करने के बाद उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना के समय छात्रा घर पर अकेली थी, जबकि परिवार के सदस्य खेत पर काम करने गए थे। जहर पीने के बाद वह घर से कुछ दूरी पर जाकर गिर गई। ग्रामीणों ने उसे देखा और परिजनों को सूचना दी। इसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी जान नहीं बच सकी। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार घटना के समय छात्रा घर पर अकेली थी। परिवार के अन्य सदस्य खेत पर काम करने गए हुए थे। इसी दौरान उसने कथित तौर पर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। इसके बाद वह घर से कुछ दूरी पर जाकर गिर गई।

## खुले नाले में गिरा गोवंश, सुरक्षित निकाला

**आगर मालवा।** नई हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में शुक्रवार को एक गोवंश खुले नाले में गिर गया। सूचना मिलने पर नगर पालिका की टीम मौके पर पहुंची और जेसीबी की सहायता से गोवंश को सुरक्षित बाहर निकाला। घटना के बाद कॉलोनी के निवासियों ने एक बार फिर खुले नाले को जल्द से जल्द ढंकने की मांग की है। स्थानीय निवासी नितिन जादमे ने बताया कि वे पिछले एक साल से नगर पालिका से नाले की सफाई और उसे ढंकने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने आशंका जताई थी कि यह खुला नाला कभी भी किसी बड़े हादसे का कारण बन सकता है। जादमे के अनुसार, पिछले वर्ष भी एक बछड़ा इसी नाले में गिर गया था, जिसे नगर पालिका कर्मचारियों ने कॉलोनीवासियों की मदद से सुरक्षित बाहर निकाला था। घटना के बाद नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी कुशाल सिंह ने स्वच्छता दल को तत्काल नाले की सफाई के निर्देश दिए।

## भुट्टा विक्रेताओं ने शिप्रा ब्रिज पर किया चक्काजाम

**देवास।** देवास के शिप्रा ब्रिज पर गुरुवार को भुट्टा विक्रेताओं ने चक्काजाम कर दिया। पुलिस की समझाइश के बावजूद ठेले हटाने से इनकार करने पर यह स्थिति बनी। सूचना मिलने पर औद्योगिक और ट्रैफिक पुलिस मौके पर पहुंची, जाम खुलवाया और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने इस मामले में प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, बरसात के मौसम में शिप्रा ब्रिज पर बड़ी संख्या में भुट्टा विक्रेता ठेले लगाते हैं। यहां खरीदारी करने आने वाले लोग अक्सर अपनी गाड़ियां सड़क पर ही खड़ी कर देते हैं, जिससे यातायात बाधित होता है और अक्सर जाम लग जाता है। इससे दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ जाती है।

## पौने दो इंच वर्षा सोयाबीन फसल को लाभ

**महिदपुर।** गुरुवार की रात 8 व 9 बजे नगर में तेज वर्षा का दौर शुरू हुआ जो तहसील के वर्षा मापक यंत्र में 44 मीमी. (पौन दो इंच) नापा गया। अभी तक 428 मीमी. (सवा सौलह इंच) वर्षा हो चुकी है जबकि गत वर्ष 313 मी.मी. (साढ़े बारह इंच) हुई थी। शुक्रवार को भी रुक रुक कर वर्षा हुई। सोयाबीन फसल को इस वर्षा से काफी लाभ हुआ है। किसानो ने चर्चा में बताया कि अभी तक सोयाबीन की फसल के हिसाब से अच्छी वर्षा हो रही है।

### नर्स से दुष्कर्म-ब्लैकमेल का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

# पीड़िता की बुर्के वाली तस्वीरें मिली, धर्मांतरण एंगल की भी जांच होगी, आरोपी बड़नगर का निवासी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

जिले के लालघाटी थाना क्षेत्र में तंत्र-मंत्र के बहाने एक नर्स के साथ दुष्कर्म, ब्लैकमेल और धोखाधड़ी करने वाले मुख्य आरोपी साकिर उर्फ राजू शाह (44) को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

बड़नगर निवासी आरोपी को रिपोर्ट दर्ज होने के महज 15 घंटे के भीतर ही पकड़ा या। पुलिस को उसके कब्जे से 4.46 लाख रुपए नकद, स्कूटी, मोबाइल और पीड़िता का ड्राइविंग लाइसेंस मिला है। मामले का एक अन्य आरोपी फिलहाल फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है।

पुलिस के मुताबिक, 3 जुलाई को ट्रेन यात्रा के दौरान पीड़िता की



मुलाकात आरोपी से हुई थी। साकिर ने खुद को तंत्र-मंत्र का जानकार बताकर महिला को उसके परिवार पर भारी अनिष्ट होने का डर दिखाया और झांसे में ले लिया।

इसके अगले ही दिन आरोपी शाजापुर में पीड़िता के किराए के मकान पर पहुंचा और धार्मिक क्रिया-कर्म के बहाने उसके साथ दुष्कर्म किया। बाद में आरोपी ने ब्लैकमेल करते हुए बार-बार दुष्कर्म किया और अपने साथी से भी पीड़िता का शोषण करवाया।

### अश्लील वीडियो बनाकर ऐंठ लिए लाखों रुपये और गहने

आरोपी ने पीड़िता का अश्लील वीडियो बना लिया था और उसे वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने लगा। उसने महिला से करीब 4.10 लाख रुपए नकद, सोने का मंगलसूत्र और उसकी स्कूटी भी हड़प ली। इतना ही नहीं, उसने पीड़िता की दो महिला सहकर्मियों को भी झांसे में लेकर उनके साथ अश्लील हरकत की कोशिश की, हालांकि वे वहां से भाग निकलीं।

लालघाटी थाना प्रभारी अर्जुन सिंह मुजाल्दे ने बताया कि आरोपी के पास से पीड़िता की बुर्के वाली तस्वीरें भी मिली हैं, जिसके बाद मामले में धर्म परिवर्तन से जुड़े पहलुओं की जांच शुरू कर दी गई है।

### क्या कहती है पुलिस?

शाजापुर एसपी प्रियंका शुक्ला ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है। मुख्य आरोपी शकीरा शाह उर्फ राजू (जो गुड्डू के नाम से भी जाना जाता है) को गिरफ्तार कर लिया गया है। वह उज्जैन के बड़नगर का रहने वाला है और पेशे से बस ऑपरेटर है। आरोपी शादीशुदा है और उसके तीन बच्चे हैं। पुलिस फिलहाल आरोपी से पूछताछ कर रही है और मामले में शामिल उसके दोस्त की तलाश जारी है।

पुलिस ने मामले में धाराएं बढ़ा दी हैं और फरार दूसरे आरोपी की तलाश के साथ-साथ पूरे घटनाक्रम की गहराई से तफ्तीश कर रही है।

# देवास में देह व्यापार के अड्डे से आठ लोगों को किया गिरफ्तार

### ग्राहक बनकर पहुंची पुलिस ने की दबिश, नेटवर्क खंगाला जा रहा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

देवास के औद्योगिक थाना पुलिस ने गुरुवार को बालगढ़ क्षेत्र की अंबे नगर कॉलोनी में चल रहे एक देह व्यापार के अड्डे का भंडाफोड़ किया। पुलिस ने इस कार्रवाई में छह युवकों, एक युवती और पूरे नेटवर्क का संचालन करने वाली महिला को गिरफ्तार किया है।

पुलिस को लंबे समय से इस अड्डे के बारे में शिकायतें मिल रही थीं। सूचनाओं के सत्यापन के बाद पुलिस ने एक सुनियोजित योजना बनाई। टीम के एक सदस्य को ग्राहक बनाकर संचालिका से संपर्क कराया गया। मोबाइल पर सौदा तय होने के बाद पुलिसकर्मी ग्राहक बनकर मौके पर पहुंचा।

औद्योगिक थाना प्रभारी शशिकांत चौरसिया ने बताया कि



### छह युवक, एक युवती, संचालिका को पकड़ा

जैसे ही अंदर से पूर्व निर्धारित संकेत मिला, बाहर पहले से तैनात पुलिस टीम ने तत्काल दबिश दी। छापे के दौरान मकान से छह युवक, एक युवती और संचालिका को मौके से पकड़ा गया। पुलिस ने संचालिका का मोबाइल भी जब्त किया, जिसका उपयोग ग्राहकों से संपर्क और सौदे तय करने के लिए किया जाता था। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, पकड़े गए सभी युवक देवास के निवासी हैं।

इस मामले में प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। जब्त मोबाइल और अन्य साक्ष्यों की जांच की जा रही है। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि यह नेटवर्क कब से संचालित हो रहा था और इसमें अन्य कौन-कौन लोग शामिल हैं। मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई जारी है।

# गांजा तस्करी में दो आरोपियों को 20 साल की कैद, दो अन्य बरी

अवन्तिका ▸▸ आगर मालवा

आगर मालवा में 290.76 किलोग्राम गांजा तस्करी के मामले में विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस न्यायालय ने गुरुवार को फैसला सुनाया है। कोर्ट ने दो आरोपियों को 20-20 साल की जेल और एक-एक लाख रुपये जुर्माना लगाया है। सह-आरोपियों को साक्ष्यों के अभाव में बरी कर दिया गया।

मामला 9 अगस्त 2024 का है। कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बड़ौद चौराहे पर नाकाबंदी की थी। पुलिस ने राजस्थान नंबर के आयशर ट्रक को रोककर तलाशी ली। ट्रक की बॉडी के नीचे बने गुप्त चैम्बर से 15 प्लास्टिक की बोरियों में छिपाकर रखा गया 290.76 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ।

पुलिस ने मौके से दोनों मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया। ट्रक, दो मोबाइल फोन और अन्य संबंधित सामग्री जब्त की। जब्त किए गए गांजे की अनुमानित कीमत लगभग 1.74 करोड़ रुपये बताई गई थी।

विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस न्यायालय आगर में इस प्रकरण की सुनवाई हुई। अभियोजन पक्ष की ओर से एजीपी अशोक गवली ने पैरवी की। न्यायालय ने सभी उपलब्ध साक्ष्यों और गवाहों के बयानों के आधार पर मुख्य आरोपी गोवर्धन सूर्यवंशी (निवासी असाड़ी, उज्जैन) और ईश्वरलाल चंद्रवंशी (निवासी तनोडिया, आगर मालवा) को एनडीपीएस एक्ट के तहत दोषी पाया।

न्यायालय ने दोनों को 20-20 वर्ष के सश्रम कारावास और एक-एक लाख रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। वहीं, सह-आरोपी संतोष और ईश्वर को साक्ष्यों के अभाव में दोषमुक्त कर दिया गया।

# मोहन बड़ोदिया गैस गोदाम में हुई चोरी का खुलासा

### तीन गिरफ्तार, एक लाख का सामान बरामद

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

शाजापुर जिले की मोहन बड़ोदिया थाना पुलिस ने गैस गोदाम में हुई चोरी का खुलासा किया है। पुलिस ने इस मामले में शुक्रवार दोपहर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक लाख रुपए कीमत का चोरी का सामान बरामद किया है। आरोपियों को न्यायालय में पेश कर आगे की कानूनी कार्रवाई की गई।

पुलिस के अनुसार, यह चोरी 10-11 जून की रात हुई थी। फरियादी देवकरण मालवीय निवासी पुराना चौमा ने 11 जून 2026 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अज्ञात बदमाशों ने देवशक्ति एचपी गैस ग्रामीण वितरण एजेंसी के गोदाम का ताला तोड़ दिया।

चोरों ने गोदाम से पांच भरे हुए एचपी गैस सिलेंडर, गोदाम के बाहर खड़ी एक पल्सर मोटरसाइकिल और पास की गुमटी पर सो रहे सिद्धनाथ मालवीय का वीवो कंपनी का मोबाइल फोन चुरा लिया था। इस संबंध में बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। आरोपियों के पास से चोरी के पांच गैस सिलेंडर, मोटरसाइकिल और मोबाइल सहित कुल एक लाख रुपये का मशरूका बरामद किया गया। इस कार्रवाई में मोहन बड़ोदिया थाना पुलिस और साइबर सेल की टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### इनको किया गिरफ्तार

पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया, सीसीटीवी फुटेज खंगाले और साइबर सेल की तकनीकी सहायता भी ली। इसके साथ ही मुखबिर तंत्र को भी सक्रिय किया गया। जांच के दौरान पुलिस ने शिवनारायण उर्फ शिवा (24) निवासी शिव पहाड़ी, अंबाराम (20) निवासी बोरखेड़ी और अजय (21) निवासी शिव पहाड़ी, थाना कानड़, जिला आगर-मालवा को गिरफ्तार किया।


### दो दिवसीय अभियान के बाद भी समस्या बरकरार

# निराश्रित पशुओं के कारण परेशानी, मार्गो पर जमावड़े से आवागमन होता है प्रभावित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

शहर में स्वछंद विचरण करने वाले निराश्रित पशुओं के कारण आमजन परेशान हो रहे है, साथ ही आए दिन दुर्घटनाएं भी हो रही है। नगर पालिका अमले ने इस परेशानी से निजात दिलाने के लिए पिछले दिनों दो दिनों तक लगातार अभियान चलाते हुए शाजापुर नगर पालिका से मंगाए गए विशेष वाहन के माध्यम से 70 निराश्रित पशुओं को क्षेत्र की दो अलग-अलग गौशालाओं में भेजा था, हालांकि नगर में प्रमुख मार्गो सहित आंतरित मार्गो पर मौजूद रहने वाले पशुओं की संख्या के अनुपात में यह 10 प्रतिशत ही है।

सिटी मंडी फोरलेन मार्ग सहित एमजीरोड, टेम्पों चौराहा, लोहिया मार्ग, सिटी क्षेत्र के अन्य मार्गो के अलावा कॉलोनियों में भी निराश्रित पशुओं से परेशानी हो रही है। बता दे नगर पालिका शुजालपुर के पास ना तो गौशाला है ना ही



पशुओं को परिवहन करने के लिए व्यवस्थित इंतजाम, जिसके चलते आसपास की गौशालाओं के भरोसे रहना पड़ता है। निराश्रित पशुओं की भागादौड़ी में कई लोग घायल हो चुके है, साथ ही गंभीर घटनाएं भी शहर में हो चुकी है। स्वप्रसिटी कॉलोनी निवासी भेरूलाल उज्जलिया ने बताया कि मुख्य मार्ग के अलावा कॉलोनियों में भी इस तरह के पशुओं की परेशानी है। स्वप्रसिटी कॉलोनी में सड़क पर घुमते सांडों के कारण आमजन परेशान है और इनकी मौजूदगी के कारण मार्ग से निकलना खतरों भरा रहता है। उधर फ्रीगंज निवासी वरिष्ठ नागरिक बालमुकुंद सोनानिया ने कहा कि सड़कों पर विचरण करने वाले कुछ सांड काफी हिंसक हो चुके है वे मार्ग पर से निकलने वाले लोगों पर हमला करते है। इसके अलावा उक्त पशु भी कई बार वाहनों की चपेट में आ जाते है। वर्षाकॉल में यह परेशानी ज्यादा बढ़ जाती है, कांक्रीट व डामरीकृत सड़कों के कारण निराश्रित मवेशी मार्गो पर अपना जमावड़ा बनाते है। नागरिकों ने शुजालपुर नगर से इस तरह के पशुओं को हटाने तथा इनके निवास के लिए उपयुक्त स्थल पर भेजने की मांग की।




## नि:शुल्क शिविर में 117 मरीजों की हुई नेत्र जांच 70 मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित

**शुजालपुर।** अंधत्व एक अभिशाप है, दृष्टि है तो सृष्टि है की भावना को साकार करने के उद्देश्य से सेवा सदन नेत्र जांच केंद्र द्वारा निरंतर निशुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आयोजित शिविर में 117 मरीजों की नेत्र जांच की गई। नेत्र विशेषज्ञ डॉ. जसवंत यादव, नेहा सोनी एवं शुभम मीणा ने मरीजों का परीक्षण किया। जांच के दौरान 70 मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयन किया गया, जबकि 15 मरीजों को चश्मे के नंबर बताए गए। 25 मरीजों की आंखें सामान्य पाई गईं। ऑपरेशन के लिए चयनित सभी मरीजों को सेवा सदन की बस से चिकित्सालय रवाना किया गया। वहां उनके ऑपरेशन के साथ दवाइयों, आवास एवं भोजन सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं निशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। शिविर संयोजक डॉ. सुशील कुमार गहलोत ने स्वर्गीय देवेंद्र कुमार गहलोत की स्मृति में मरीजों के लिए भोजन के पैकेट, शुद्ध पेयजल एवं चाय की व्यवस्था कराई। शिविर के सफ ल आयोजन में जिला प्रभारी खुशीराम आचार्य, हरिनारायण परमार, गंगाधर शर्मा, सतीश चौधरी एवं रमेश परमार का विशेष सहयोग रहा।

## जिजाऊ ब्रिगेड की बैठक में संगठन विस्तार पर हुई चर्चा, नई कार्यकारिणी घोषित



**शुजालपुर।** मराठा सेवा संघ प्रणीत जिजाऊ ब्रिगेड मध्यप्रदेश शाजापुर जिला की संगठनात्मक बैठक प्रदेशाध्यक्ष एडवोकेट कोमल ताई देशमुख की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में संगठन विस्तार, महिला सशक्तिकरण, समाज सेवा एवं आगामी गतिविधियों को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान संगठन की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। प्राजक्ता ताई देशमुख को मध्यप्रदेश संगठक नियुक्त किया गया। वहीं शाजापुर जिला इकाई में वर्षा ताई देशमुख को जिला अध्यक्ष, छाया ताई जाधव को जिला उपाध्यक्ष, मनीषा ताई जाधव को जिला सचिव, संध्या ताई पवार को जिला कार्याध्यक्ष तथा मधुलिका ताई देशमुख को जिला संगठक बनाया गया। शुजालपुर नगर इकाई में चित्रा ताई देशमुख को नगर अध्यक्ष, माधवी ताई देशमुख को नगर उपाध्यक्ष, पूजा ताई देशमुख को नगर सचिव, मीना ताई पिसाल को नगर कार्याध्यक्ष एवं गौरी ताई देशमुख को नगर संगठक की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में नवनियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान किया गया। साथ ही महिला जागरूकता, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण, रक्तदान एवं सामाजिक सेवा के कार्यों को प्राथमिकता से संचालित करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम का

## युवती की जहर खाने से मौत:गुरु पूर्णिमा पर बिगड़ी तबीयत, इलाज के दौरान दम तोड़ा

**देवास।** देवास के इटावा क्षेत्र में 22 वर्षीय एक युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवती ने कथित तौर पर जहर का सेवन किया था, जिसके बाद उपचार के दौरान उसकी जान चली गई। सिविल लाइन थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतका की पहचान इटावा निवासी सपना परमार (22) के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, गुरु पूर्णिमा के दिन पूजा और भोजन के बाद शाम को सपना की तबीयत अचानक बिगड़ गई थी। परिजन उसे तुरंत जिला अस्पताल ले गए। वहां चिकित्सकीय जांच में जहर सेवन की आशंका सामने आई, जिसके बाद गंभीर हालत में उसे उज्जैन रोड स्थित एक निजी अस्पताल में रेफर किया गया। गुरुवार को उपचार के दौरान सपना की मौत हो गई। मामले को लेकर परिजनों ने घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी देने से इनकार किया है। उन्होंने सिर्फ इतना बताया कि पूजा और भोजन के बाद सपना की तबीयत खराब हुई थी और अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। गुरुवार को जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। सिविल लाइन थाना पुलिस का कहना है कि मौत के सही कारणों का पता लगाने के लिए सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के निष्कर्षों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने राकेश गोयल पिता श्री बाबूलालजी गोयल निवासी-सी 14/47, एम आय जी ऋषि नगर, योजना उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य का लीज होल्ड राईट्स का भवन क्रमांक-सी 14/47, श्रेणी एम आय जी, जिसका कुल क्षेत्रफल 155.85 वर्गमीटर स्थित उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन की ऋषि नगर, योजना उज्जैन (म.प्र.) जिसके उत्तर/पूर्व में-9.00 मीटर चैड़ी सड़क सी-14, दक्षिण/पश्चिम में-भवन क्रमांक के-21 एम.आय.जी., पश्चिम/उत्तर में-भवन क्रमांक सी-14/45 एम.आय.जी. एवं पूर्व/दक्षिण में-भवन क्रमांक सी-14/49 एम.आय.जी. है, जो कि, वर्तमान में एल.आय.सी. हाऊसिंग फायनेंस लिमिटेड में बंधक है, को क्रय करने का सौदा किया होकर बयाना राशि का भुगतान भी उनको कर दिया है यदि उक्त संपूर्ण भवन को विक्रय या अंतरित किए जाने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त संपत्ति पर एल.आय.सी. हाऊसिंग फायनेंस लिमिटेड के अतिरिक्त किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 07 (दिवस) दिवस के भीतर सप्रमाण मुझे कार्यालयीन समय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र पंजीकृत करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नही होगी। सो सूचित हो ।
दिनांकः 31.07.2026

**विवेक गुप्ता, एडवोकेट**
**11/1, घटकरपर मार्ग, फ्रीगंज, उज्जैन म.प्र.**
**मोबाईल नंबर- 9827228461**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार RBL BANK LIMITED से महेश पिता श्री रामचंद्र निवासी-55/2, जयसिंहपुरा, उज्जैन (म.प्र.) द्वारा उनके स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य का भवन क्रमांक 2514, 2515 का भाग होकर वार्ड नंबर 33, स्थित कस्बा उज्जैन, जयसिंहपुरा गली नंबर 01, उज्जैन (म.प्र.) जिसका कुल क्षेत्रफल 1260.00 वर्गफीट अर्थात 117.05 वर्गमीटर है, जिसके पूर्व दिशा में-मूलचंद का मकान, पश्चिम दिशा में-ओमप्रकाश पिता बाबू माली की जमीन (अशोक चौधरी का मकान), उत्तर दिशा में-मूलचंद का मकान एवं दक्षिण दिशा में-सरकारी गली मिली है, को बंधक रखकर ऋण सुविधा हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है, उक्त भवन को रामचंद्र पिता श्री पूनम चंद माली निवासी-जयसिंहपुरा, उज्जैन (म.प्र.) द्वारा अपने पुत्र महेश पिता श्री रामचंद्र को विधिवत पंजीकृत दान पत्र लेख दस्तावेज क्रमांक MP17IGR18842026A100422424 दिनांक 31.03.2026 के माध्यम से दान में प्रदान किया है, उक्त भवन को बंधक किये जाने में अन्य किसी भी हितबद्ध व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या उक्त मूल दस्तावेज किसी व्यक्ति के पास बंधक या गिरवी हो तो, वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर सप्रमाण मुझे कार्यालयीन समय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त संपत्ति को मेरी पक्षकार RBL BANK LIMITED द्वारा बधंक कर लिया जावेगा । तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं होगी । सो सूचित हो । दिनांकः- 31.07.2026

**विवेक गुप्ता, एडवोकेट**
**11/1, घटकरपर मार्ग, फ्रीगंज, उज्जैन म.प्र.**
**मोबाईल नंबर- 9827228461**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण आम जन को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री जितेन्द्र पित रामचन्द्र जी जाति खाती निवासी ग्राम अजनोद जिला इन्दोर द्वारा ग्राम रुपाहेडा स्थित कृषि भुमि सर्वे न- 491/1 रकबा 0.70 हे. भूमि स्वामी रतनबाई विधवा चेना, केलाशचन्द्र भवरलाल, टिकम, व झन्नाबाई पेपाबाई पिता चेना जी जाति बागरी व भुमि स्वामी लाखन पिता शकरलाल जी जाति चमार निवासी जहागीरपुर कृषक ग्राम रुपाहेडा तहसील बडनगर जिला उज्जैन से उक्त वर्णीत भूमि को क्रय करने का सौदा भुमि स्वामी से कर बयाना राशी प्रदान कर दी तथा एक सौदा चिठठी भी उपरोक्त भुमि स्वामी द्वारा मेरे पक्षकार के पक्ष मे सम्पदीत कर दी गई जल्द ही उक्त भुमि का विक्रय पत्र मेरे पक्षकार के पक्ष मे सम्पादित होना है उक्त भुमि के सबंध में किसी व्यक्ति, बैंक सस्था निकाय का ऋण भार बकाया हो अथवा भुमि किसी के पक्ष मे रहन हो या किसी प्रकार का कोई अनुबंध पत्र, या मुख्त्यारनामा आम मुख्त्यारनामा खास अथवा उक्त भूमि पर भुमि स्वामी के अतिरिक्त किसी अन्य का हक, अधिकार, स्वत्व होतो इस जाहीर सुचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय मे मय लेखी दस्तावेजीय प्रमाण के आपत्ति दर्ज करावे अवधि व्यतित होने के पश्चात कोई भी आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हो- दिनांक- 31/07/2026

**रवि रावल**
**सर्विस प्रोवाईडर बडनगर जिला उज्जैन म प्र**
**मोबा. 9981226537**

## जाहिर सूचना

एदत द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार ने श्री प्रहलाद लिम्बा पिता श्री फुन्दीलालजी लिम्बा, जाति प्रजापत (कुम्हार), निवासी 319, अम्बिकापूरी, मेन एयरपोर्ट रोड, बिजासन-रोड इन्दौर, मध्यप्रदेश से उनके एकमेव स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नं0 324/2 रकबा 0.010 हेक्टेयर, सर्वे नं0 336/2 रकबा 0.600 हेक्टेयर, 'सर्वे नं0 334/1 रकबा 0.660 हेक्टेयर, सर्वे नं0 345/2 रकबा 0.030 हेक्टेयर व सर्वे नं० 336/1 रकबा 0.600 हेक्टेयर, कुल किता 5, जुमला रकबा 1.900 हेक्टेयर, लगानी रैटवारी, ग्राम दौतलपुर, तहसील बडनगर, जिला उज्जैन को कय करने का सौदा करके बयाने की राशी अदाकर श्री प्रहलाद लिम्बा ने मेरे पक्षकार के पक्ष में दिनांकः 23/09/2024 को विधिवत विकय-अनुबंध-पत्र गवाहों के समक्ष सम्पादन किया गया हैं तथा विक्रय-अनुबंध-पत्र अनुसार श्री प्रहलादजी लिम्बा ने मेरे पक्षकार के कहे अनुसार मेरे पक्षकार की पत्नि के पक्ष में कृषि भूमि सर्वे नं0 324/2 रकबा 0.01 हेक्टेयर, सर्वे नं0 336/2 रकबा 0.60 हेक्टेयर में से रकबा 0.20 हेक्टेयर, बरूख उत्तर दिशा की, सर्वे नं0 334/1 रकबा 0.66 हेक्टेयर व सर्वे नं० 345/2 रकबा 0.03 हेक्टेयर, कुल किता 4, जुमला रकबा 0.90 हेक्टेयर, लगानी रैटवारी, ग्राम दौतलपुर, तहसील बडनगर, जिला उज्जैन का विधिवत विक्रय-पत्र दिनांकः 18/03/2026 को निष्पादन कर दिया गया हैं। **विक्रय-अनुबंध-पत्र दिनांक :- 23/09/2024 अनुसार शेष कृषि भूमि सर्वे नं0 336/1 रकबा 0.600 हेक्टेयर व सर्वे नं0 336/2 रकबा 0. 600 हेक्टेयर में से रकबा 0.400 हेक्टेयर, बरूख दक्षिण दिशा की, कुल किता 2, जुमला रकबा 1.000 हेक्टेयर, लगानी रैटवारी, स्थित ग्राम दौतलपुर, तहसील बडनगर, जिला उज्जैन का बिक्री-पत्र मेरे पक्षकार के पक्ष में होना शेष हैं।** इसलिये इस जाहीर सूचना के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि उपरोक्त कृषि भूमि को कोई भी व्यक्ति क्रय करने का सौदा नहीं करें और नहीं बयाने की राशी का भुगतान ही करें और उपरोक्त कृषि भूमि के संबंध में किसी भी प्रकार का कोई भी व्यवहार ही करें और उपरोक्त कृषि भूमि के संबंध में किसी भी प्रकार का कोई भी दस्तावेज इत्यादि ही निष्पादन करावें। यदि इसके बावजूद भी उपरोक्त कृषि भूमि के संबंध में कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार का कोई भी व्यवहार करता हैं तो उसका जवाबदार वह स्वयं ही होंगा तथा संबंधित व्यक्ति को उपरोक्त कृषि भूमि में किसी भी प्रकार के प्रकार के कोई भी मालकाना हक, स्वत्व, हित, अधिकार किसी भी प्रकार से प्राप्त नहीं होंगे तथा लेख मेरे पक्षकार के मुकाबले शून्यवत एवं निष्प्रभावी माना जावेंगा तथा उक्त लेख मेरे पक्षकार पर किसी भी प्रकार से बंधनकारक नहीं रहेंगा।

दिनांक :- 31/07/2026,

**पुष्पेन्द्र सिंह सोलंकी एडव्होकेट**
**16, पंढरीनाथ चौक बडनगर, जिला उज्जैन (म.प्र.)**
**मोब. 9893739313,**

# एनएफआर भारत स्काउट्स एंड गाइड्स ने बाढ़ प्रभावित परिवारों की मदद को बढाया हाथ

**मालीगांव।** मानवीय सेवा और सामुदायिक कल्याण के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता दिखाते हुए, पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के सदस्यों ने हाल ही में असम में आईबाढ़ से प्रभावित लोगों की मदद के लिए बाढ़ राहत सामग्री इकट्ठा करने और वितरण करने की एक विशेष पहल शुरू की है।

इस अभियान के तहत, 27 से 31 जुलाई, 2026 तक मालीगांव स्थित रेलवे मुख्यालय में एक बाढ़ राहत संग्रह और वितरण बूथ स्थापित किया गया। राहत सामग्री इकट्ठा करने के इस अभियान का औपचारिक उद्घाटन 27 जुलाई, 2026 को एनएफआरके प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी ने किया, जिसमें अन्य वरिष्ठ अधिकारी और भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के सदस्य भी मौजूद थे। इसपहल में रेल कर्मचारियों और सदस्यों ने पूरे दिल से हिस्सा लिया और बाढ़ प्रभावित परिवारों के लिए आवश्यक राहत सामग्री का उदारतापूर्वक योगदान दिया।





एनएफआरभारत स्काउट्स एंड गाइड्स, मारियानी डिस्ट्रिक्ट एसोसिएशन के सदस्यों ने राहत सामग्री इकट्ठा करने के काम को आगे बढ़ाते हुएशिवसागर और जोरहाट जि़लों के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत सामग्रियाँ बांटी। टीम ने बाढ़ प्रभावित परिवारों तक ज़रूरी राहत सामग्री पहुंचाई और मुश्किलों का सामना कर रहे लोगों को समय पर मदद और नैतिक सहयोग प्रदान किया। स्वयंसेवकों ने स्थानीय लोगों से बातचीत की और यह सुनिश्चित किया कि राहत सामग्री ज़रूरतमंदों तक पहुंचे। इससे स्काउट्स एंड गाइड्स की सेवा के मुख्य मूल्यों - समाज के प्रति सेवा, करुणा और निस्वार्थसमर्पण की झलक दिखी। एनएफआर न केवल अपने यात्रियों, बल्कि ज़रूरत के समय पूरे क्षेत्र के समुदायों की सेवा करने के लिए भी प्रतिबद्ध है। एनएफआरभारत स्काउट्स एंड गाइड्स की यह पहल सामाजिक जि़म्मेदारी और सामूहिक सेवा की भावना का उत्तम उदाहरण है, जो जरूरत पड़ने पर हर स्थान पर मदद पहुँचाने के संगठन के आदर्श वाक्य को और अधिक मज़बूत करती है। ऐसे सार्थक मानवीय प्रयासों के ज़रिए, प्राकृतिक आपदाओं के दौरान पूर्वोत्तर के लोगों के साथ एनएफआर एकजुटता के साथ खड़ा है और राहत, समुदाय की सहनशक्ति बढ़ाने में अपना अहम योगदान देता है।

## कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत को जूडो में पहला गोल्ड




**ग्लासगो।** कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत को जूडो का पहला गोल्ड मिला है। अस्मिता डे ने शुक्रवार को विमेंस 48 द्यद्द वेट कैटेगरी के फाइनल में कनाडा की खिलाड़ी को हराया। तय समय तक यह मुकाबला 1-1 की बराबरी पर था। उसके बाद विजेता का फैसला गोल्डन स्कोर से हुआ। थोडी देर में हर्ष और यामिनी के गोल्ड मेडल मैच होंगे। इसके अलावा, 5 भारतीय मुक्केबाजों ने बॉक्सिंग के फाइनल में पहुंचकर कम से कम सिल्वर मेडल पक्के कर लिए हैं। इनसे भी गोल्ड मेडल की उम्मीद है। ग्लासगो में शुक्रवार को गेम्स के आठवें दिन जादुमणि सिंह ने पुरुषों की 55 द्यद्द वेट कैटेगरी में नामीबिया के खिलाडी को फिलिप हाउसेब को हराया। इससे पहले अंकुश पंघाल, अरुंधति चौधरी, जैस्मीन लम्बोरिया और प्रीति पवार ने गोल्ड मेडल मैच में जगह बनाई। जूडो में हर्ष सिंह पुरुष 60 किग्रा वर्ग के फाइनल में पहुंच गए, जबकि महिलाओं में अस्मिता डे (48 किग्रा) और यामिनी मौर्या (57 द्यद्द) ने के फाइनल में जगह बनाकर पदक पक्का कर लिया।भारत अब तक 17 पदक जीत चुका है, जिसमें 3 गोल्ड, 9 सिल्वर और 5 ब्रॉन्ज शामिल हैं। देर रात 12.45 बजे जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा का फाइनल होगा। उनके साथ भारत के रोहित यादव और यशवीर सिंह भी चुनौती पेश करेंगे।

## सीएम शुभेंदु की रेकी कर रहा है जैश का आतंकी गिरफ्तार

**कोलकाता।** बंगाल पुलिस ने पूर्वी बर्धमान जिले से जैश-ए-मोहम्मद के संदिग्ध आतंकी को गिरफ्तार किया है। स्पेशल टास्क फोर्स ने हामिम मंडल नाम के इस शख्स को गुरुवार देर रात एक हाउसिंग कॉम्प्लेक्स से पकडा है। पुलिस के मुताबिक मंडल के मोबाइल और घर से मिले दस्तावेजों से पता चला है कि वह मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के बारे में जानकारी जुटा रहा था। पुलिस यह भी कह रही है कि हामिम पुलवामा अटैक के मास्टरमाइंड सज्जाद भट का करीबी है। 14 फरवरी 2019 को पुलवामा अटैक में 40 जवान शहीद हो गए थे। हामिद को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे 14 दिन की पुलिस कस्टडी में भेज दिया ।

## मेटा की ग्लोबल टीम से पूछताछ करेगी सरकार

**हैदराबाद/नोएडा।** हैदराबाद साइबर क्राइम पुलिस ने मेटा इंडिया के हेड अरुण श्रीनिवास समेत कई सोशल मीडिया अकाउंट हैंडलर्स के खिलाफ स्नद्बक्र दर्ज की है। मामला पीएम मोदी के मॉर्फ्ड वीडियो से जुड़ा है, जिसे जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के दौरान शेयर किया गया था। पुलिस ने भाजपा कार्यकर्ताओं की शिकायत पर दो अलग-अलग मामले दर्ज किए हैं। श्रीनिवास को दोनों मामलों में सह-आरोपी बनाया गया है। सोशल मीडिया अकाउंट्स से वीडियो शेयर करने वालों को भी आरोपी बनाया गया है। पुलिस मॉर्फ्ड वीडियो बनाने वाले, सबसे पहले अपलोड करने और वायरल करने वालों की जांच कर रही है। साथ ही फेसबुक और इंस्टाग्राम पर फर्जी कंटेंट रोकने वाले मेटा के सिस्टम और सुरक्षा उपायों की भी जांच की जा रही है।मामले को लेकर केंद्र सरकार मेटा की ग्लोबल टीम से पूछताछ करने वाली है। सूत्रों के मुताबिक, मेटा की टीम से एल्गोरिदम में पक्षपात, एल्गोरिदम की कार्यप्रणाली और पब्लिक ऑर्डर में कंपनी की भूमिका पर सवाल पूछे जाएंगे। मेटा की ग्लोबल टीम अगले हफ्ते दिल्ली आएगी।

## राज्य निर्वाचन आयोग की लिस्ट में 5 .67 करोड़ वोटर्स

**भोपाल।** चुनाव आयोग द्वारा कराई गई स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन की प्रोसेस के बाद एमपी में मतदाताओं की संख्या में 27.40 लाख की वृद्धि हुई है। मतदाताओं की संख्या में यह बढ़ोतरी राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार कराई गई मतदाता सूची की रिपोर्ट में सामने आई है। चूंकि अगले साल एमपी में नगर निगम, नगरपालिका और पंचायतों के चुनाव होने वाले हैं, इसलिए राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार कराई गई मतदाता सूची चर्चा में है। इस मतदाता सूची में शहरी के मुकाबले ग्रामीण मतदाताओं की संख्या काफी अधिक है। चूंकि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा 2027 में कराए जाने वाले नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव 31 दिसंबर 2026 की स्थिति में तैयार वोटर लिस्ट के आधार पर होंगे। इसलिए इस मतदाता सूची में आने वाले समय में बदलाव होना भी तय है।

## चीता प्रोजेक्ट डायरेक्टर को सूचना आयोग का तलब

**भोपाल-** दो साल पहले 2024 में चीतों को बेहोश करने की अनुमति, ब्लड टेस्ट, घायल चीतों की सर्जरी के बाद की रिपोर्ट और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट समेत कई जानकारियां नहीं देने के मामले में राज्य सूचना आयोग ने चीता प्रोजेक्ट के डायरेक्टर उत्तम शर्मा को तलब किया है। कूनो नेशनल पार्क में निर्माण कार्यों में इस्तेमाल खनिज सामग्री, चीता प्रोजेक्ट पर बनी डॉक्यूमेंट्री की अनुमति और चीता अस्पताल में उपलब्ध संसाधनों व डॉक्टरों की जानकारी से जुड़े मामलों की भी सुनवाई हुई।राज्य सूचना आयुक्त राजेश भट्ट ने एक्टिविस्ट अजय दुबे की शिकायत पर सुनवाई की। सुनवाई के दौरान चार में से तीन मामलों में चीता प्रोजेक्ट के डायरेक्टर उत्तम शर्मा को आयोग के समक्ष उपस्थित होने के निर्देश दिए गए।

## हाजी चौक कर्नलगंज में हुआ नशा छोड़ो अभियान का भव्य कार्यक्रम

**गुना।** समाज को नशामुक्त बनाने और शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी द्वारा 30 जुलाई को मुस्लिम समाज एवं अल्पसंख्यक वर्ग के लोगों को जोड़कर ़फ़नशा छोड़ो अभियाऩफ़ के अंतर्गत हाजी चौक, कंडेलगंज में एक भव्य एवं सफल जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक श्रीमती हीतिका वासल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) महोदय, नअधीक्षक (सीएसपी) महोदय तथा सिटी कोतवाली थाना प्रभारी रामकुमार शर्मा सहित पुलिस प्रशासन का समस्त अमला उपस्थित रहा।

कार्यक्रम के दौरान समाज में शिक्षा, एकता, सामाजिक विकास तथा बच्चों को शिक्षा के माध्यम से आगे बढ़ाने पर सार्थक विचार-विमर्श किया गया। साथ ही नशे से दूर रहकर स्वस्थ, सुरक्षित एवं सम्मानजनक जीवन जीने का प्रेरणादायक संदेश दिया गया। पुलिस अधीक्षक श्रीमती हीतिका वासल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) महोदय एवं नगर पुलिस अधीक्षक (सीएसपी) महोदय ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए नशे के दुष्परिणामों से विस्तारपूर्वक अवगत कराया। इसके पश्चात नगर पुलिस अधीक्षक (सीएसपी) महोदय ने सभी को नशा छोड़ने की शपथ दिलाई तथा समाज को पूर्णत: नशामुक्त बनाने के लिए सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर नीट परीक्षा में गुना जिले से सफलता प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं का मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी एवं पुलिस प्रशासन द्वारा सम्मान किया गया। सभी प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को पुलिस अधीक्षक श्रीमती हीतिका वासल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) महोदय एवं नगर पुलिस अधीक्षक (सीएसपी) महोदय के करकमलों से शील्ड प्रदान की गई तथा मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी द्वारा प्रशंसा-पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

कार्यक्रम में मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी के जिला अध्यक्ष अब्दुल रशीद साहब, लियाकत भाई, अनवर भाई हाजी। समाजसेवी राजी क भाई राशिद भाई, हामिद भाई, तोहर कमेटी अध्यक्ष आसिफ भाई, पप्पू भाई, मुकीम भाई, ताजि़या कमेटी अध्यक्ष युसूफ भाई, अध्यक्ष, मंसूरी समाज विक्की भाई, इरफान भाई, समाजसेवी रियाजुद्दीन कुरैशी, हाफिज़ तारिक साहब, मुफ्ती सादिक साहब, रईस भाई, डॉ. फरहीन हसन एवं डॉ. शब्बीर हसन सहित समाज के अनेक गणमान्य नागरिक तथा सोसायटी के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम

## गुना में हनुमान टेकरी से लौट रही युवती के साथ कथित सामूहिक दुष्कर्म और बर्बरता

**गुना।** मध्य प्रदेश के गुना जिले के धरनावदा थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे-46 के पास एक 26 वर्षीय युवती के साथ कथित सामूहिक दुष्कर्म और बर्बरता का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश के लिए कई टीमें तथा एक विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित किया है।

पुलिस के अनुसार, घटना गुरुवार रात करीब 8 बजे की बताई गई है। पीड़िता अपने साथी के साथ हनुमान टेकरी मंदिर से दर्शन कर एनएफएल विजयपुर लौट रही थी। आरोप है कि रास्ते में बाइक सवार कुछ युवकों ने पंक्चर होने का बहाना बनाकर उनकी बाइक रुकवाई। इसके बाद युवती को जबरन सड़क किनारे जंगल की ओर ले जाया गया। पीडिता का आरोप है कि जंगल में अन्य आरोपियों को भी बुलाया गया और उसके साथ बारी-बारी से दुष्कर्म किया गया। उसने यह भी आरोप लगाया कि विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ गंभीर शारीरिक हिंसा की और अमानवीय यातना देने की कोशिश की, जिससे वह घायल हो गई। बताया गया है कि पीडिता के साथी के साथ भी मारपीट किए जाने और दोनों से मोबाइल, पर्स तथा बाइक लूटने का आरोप है। इसी दौरान शोर-शराबा सुनकर किसी राहगीर ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस के मौके पर पहुंचने से पहले आरोपी फरार हो गए। घायल पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। धरनावदा थाना पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस जंगल और आसपास के क्षेत्रों में आरोपियों की तलाश कर रही है।

गुना पुलिस अधीक्षक हितिका वासल ने बताया कि सूचना मिलते ही डायल-112 और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और पीडिता को सुरक्षित थाने लाया गया। उनका मेडिकल कराया गया है। मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए 4-5 पुलिस टीमें और एक एसआईटी गठित की गई है। फि़लिहाल मामले में जांच जारी है।

## वन विभाग द्वारा वन परिक्षेत्र गुना उत्तर की अगरा बीट में तेन्दुए का अवैध शिकार

**गुना।** वन मण्डलाधिकारी अक्षय राठौर ने बताया हैं कि दिनांक 30 जुलाई 2026 को वनपरिक्षेत्राधिकारी गुना उत्तर को क्षेत्र में अगरा बीट में मृत तेन्दुए के शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई। तदुपरांत सूचना मिलते ही वन परिक्षेत्राधिकारी गुना उत्तर अपने वन अमले के साथ बीट अगरा के कक्ष क्रमांक पी.एफ. 251 में मौके पर पहुंचे। घटनास्थल एवं उसके आसपास सघन तलाश करने पर दो स्थानों से कुछ अवशेष प्राप्त हुए हैं। प्रारंभिक निरीक्षण के आधार पर तेन्दुए का शव लगभग 5-6 दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। जिस स्थान पर तेन्दुए का शव मिला, उसके आसपास सावधानीपूर्वक निरीक्षण करने पर किसी प्रकार का फंदा अथवा अन्य शिकार संबंधी उपकरण नहीं मिला। वन विभाग द्वारा तेन्दुए के शव को अपनी अभिरक्षा में लेकर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। घटना के संबंध में वन अपराध प्रकरण क्रमांक 4764/10, दिनांक 30 जुलाई 2026 अवैध शिकार के प्रकरण में पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही है। शासन द्वारा जारी एसओपी अनुसार डॉग स्क्वाड की सहायता लेकर क्षेत्र में व्यापक सर्चिंग अभियान चलाया जा रहा है।

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी ( राजस्व ) अनुभाग घट्टिया, जिला उज्जैन ( म.प्र. )

**प्रकरण क्रमांक 0021 / अपील / 2026-27**

**सूचना पत्र**

**घनश्याम पिता स्व. मेघाजी आदि-8 निवासी व कृषक ग्राम माधवगढ, तहसील घट्टिया .............अपीलार्थीगण**

**विरूद्ध**

**नरेन्द्र पिता स्व. हजारी आदि 10 निवासी ग्राम माधवगढ, तहसील घट्टिया ............प्रत्यर्थीगण**

बनाम-
1. नरेन्द्र पिता स्व. हजारी निवासी ग्राम माधवगढ़ तहसील घट्टिया
2. शोभा पिता स्व. हजारी पति सीताराम निवासी दुर्गा कॉलोनी आगर रोड उज्जैन
3. लक्ष्मी पिता स्व. हजारी पति रूगनाथ निवासी ग्राम बंदका तहसील घट्टिया
4. सविता उर्फ चंदा पिता स्व. हजारी पति नंदकिशोर निवासी मझानिया तहसील व जिला शाजापुर
5. रेखा पिता स्व. हजारी पति ईश्वर निवासी ग्राम पुरीखेडा उन्हेल रोड तहसील घट्टिया
6. शारदाबाई विधवा. हजारी
7. आशा पुत्री स्व. हजारी
8. उषा पुत्री स्व. हजारी
9. सीमा पुत्री स्व. हजारी
10. राहुल पिता स्व. हजारी
11. जसवंत पिता स्व. हजारी निवासीगण कृष्णा कॉलोनी, डी-मार्ट के सामने इंदौर रोड, उज्जैन

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि अपीलार्थी घनश्याम पिता स्व. मेघाजी आदि-9 निवासी व कृषक ग्राम माधवगढ़, तहसील घट्टिया द्वारा अपर तहसीलदार टप्पा पानबिहार, तहसील घट्टिया के न्यायालयीन नामांतरण पंजी क्रं. 04 आदेश दिनांक 22.10.2014 से असंतुष्ट होकर अपील प्रस्तुत की गई है।

अत: इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 05/08/2026 को प्रात: 11:00 बजे स्थान न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी घट्टिया पर की जावेगी। सुनवाई के दौरान आप स्वयं या अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होवे।

**अनुविभागीय अधिकारी ( राजस्व )**
**अनुभाग घट्टिया, जिला उज्जैन ( म.प्र. )**

### जाहिर सूचना का प्रतिवाद ( खंडन )

(भूमि सर्वे क्रमांक-753/6 रकबा 0.209 हे0 कुल किता 01 रकबा 0.209 हे. भूमि स्थित ग्राम उंडासा माधोपुरा वार्ड नं. 40 मे है के संबंध में दैनिक समाचार पत्र दैनिक अंवतिका के दिनांक 24/07/2026 के अंक में प्रकाशित जाहिर सूचना के संबंध में,) एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 24.07.2026 को दैनिक समाचार पत्र दैनिक अंवतिका में दस्तावेज लेखन गोविंद सिंह देवडा (श्री महादेव सर्विस प्रोवाईडर) कार्यालय सी-1/1 महाकाल वाणिज्य केन्द्र उज्जैन द्वारा भूमि सर्वे क्रमांक-753/6 रकबा 0.209 हे. कुल किता 01 रकबा 0.209 हे.भूमि स्थित ग्राम उंडासा माधोपुरा वार्ड नं. 40 को विक्रय करने की जाहिर सूचना प्रकाशित करवाई गयी थी, उक्त जाहिर सूचना का मेरे पक्षकार की और से खंडन किया जाता है कि उक्त सोदा अनुबंध-पत्र असत्य आधारो पर वास्तविक स्थिति को छुपाते हुवे किया गया है जो कि मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नही है क्योकि उक्त कृषि भूमि में मेरे पक्षकार का हित है। अत: इस जाहिर सूचना के खंडन के माध्यम से आप महोदय के पक्षकार को सूचित किया जाता है कि उक्त भूमि के संबंध में आगामी ऐसे कोई कार्यवाही या दस्तावेज का संपादन नही करे, क्योकि उक्त अनुबंध पत्र मेरे पक्षकार के हितो के मुकाबले शुन्य है।

इति दिनांक 31/07/2026 स्थान उज्जैन

**शेख गुलाम रसूल ( शहजादा ) एडव्होकेट**
**ऑफिस-न्यु हरिफाटक महाकाल मार्ग बेगमबाग चौराहा**
**उज्जैन मो. 92295-65313**

### जहिर सूचना

सर्व साधारण सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के द्वारा 1. इंदरसिंह पिता बलवंत, 2. सुहागबाई पिता बलवंत, 3. सजनबाई बेवा बलवंत, 4. भगवानसिंह पिता बलवंत एवं 5. जयराम पिता बलवंत सर्वगण जाति बलाई, निवासीगण ग्राम मुंजाखेड़ी, तहसील व जिला उज्जैन के संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य का कृषि भूमि खाता भूमि सर्वे क्रमांक 746 रकबा 1.7100 हेक्टेयर, सर्वे क्रमांक 747 रकबा 0.0700 हेक्टेयर, कुल कीता 2 कुल रकबा 1.7800 हेक्टेयर एवं भूमि सर्वे क्रमांक 748 रकबा 0.4200 हेक्टेयर, कुल सर्वे क्रमांक 1 कुल रकबा 0.4200 हेक्टेयर जो कि भगवानसिंह पिता बलवंत के ओकल स्वामित्व एवं आधिपत्य की होकर ग्राम मुंजाखेड़ी, तहसील व जिला उज्जैन में स्थित है। उपरोक्त उल्लेखित कृषि भूमि में से जयराम पिता बलवंत सिंह के हिस्से में आई कृषि भूमि जो कि 1.78 हेक्टेयर में से 1/5 हिस्से की भूमि अर्थात 0.3560 हेक्टेयर भूमि को छोड़कर शेष संपूर्ण कृषि भूमि को क्रय करने का इकरार मेरे पक्षकार ने टोकन राशि अदा कर किया है तथा शिघ्र ही कृषि भूमि की विक्रय मुल्य की 25 प्रतिशत् राशि देकर अनुबंध का संपादन मेरे पक्षकार विक्रेतागण से करवायेंगे एवं अनुबंध में उल्लेखित शर्त अनुसार विक्रय पत्र का संपादन मेरे पक्षकार करवा लेंगे। उपरोक्त उल्लेखित कृषि भूमि पर किसी भी व्यक्ति अथवा वित्तदायी संस्था का कोई हित-अधिकार स्वत्व कब्जा, इत्यादी अथवा किसी बैंक या वित्तदायी संस्था का कोई भार-बोझ हो अथवा उक्त संपत्ति पर किसी न्यायालय या कार्यालय में कोई कार्यवाही विचाराधिन हो तो ऐसा व्यक्ति जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भितर मेरे कार्यालय में कार्यालयिन समय प्रात: 10 से संध्या 6 बजे के मध्य संपर्क कर मय दस्तावेजी प्रमाण के अपनी आपत्ति दर्ज करा देवे। बाद गुजरने मियाद किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं की जवेगी तथा मेरे पक्षकार विक्रय पत्र का संपादन अपने पक्ष में कराने हेतु स्वतंत्र हो जायेंगे।

सूचित हो। दिनांक 31.07.2026

**कलीम एहमद खान, एड्व्होकेट**
**कार्यालय 123 सी-21 रेस्कोम, फस्ट फ्लोर, नानाखेड़ा,**
**उज्जैन मो. 9926027099**

### जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार ए.यू. स्मॉल फायनेंस बैंक लिमिटेड श्रीमाया स्क्वेयर 62 क्षपणक मार्ग माधवनगर अस्पताल के सामने उज्जैन की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भूखण्ड जो भूमि सर्वे क्रमांक 226/12/1/2 का दक्षिण दिशा का भाग होकर ग्राम चिंतामण जवासिया तहसील व जिला उज्जैन म.प्र. मे स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 95.36 वर्गमीटर है। जिसके पूर्व में- नगजी की भूमि, पश्चिम में- रोड़, उत्तर में- भवन ईश्वरलाल पांचाल तथा दक्षिण में- भवन मंजु बाई पति अनोखीलाल का स्थित हैं। तथा उक्त संपत्ति लीलाबाई पति बद्रीलाल ने इसके पूर्वस्वामी रेखा पति चंद्रनारायण उपाध्याय सें रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक 1617 दिनांक 14/09/2010 के माध्यम से क्रय कि। एवं लीलाबाई का स्वर्गवास दिनांक 08/05/2021 को हो जाने के पश्चात उक्त संपत्ति के स्वामी ईश्वरलाल, राजाराम, एवं किशोरीलाल पिता स्व. बद्रीलाल एवं सीमा पति अनोखीलाल, शुभम एवं रोहित पिता अनोखीलाल हुये। तथा ईश्वरलाल आदि ने उक्त संपत्ति रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी 432022022ए11119378 दिनांक 10/11/2022 को मधुबाई पति नवनीत जायसवाल को विक्रय कि। एवं मधुबाई ने उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु ए.यू. स्मॉल फायनेंस बैंक लिमिटेड उज्जैन में आवेदन किया हैं तथा मेरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति बंधक करने जा रहे हैं, अत: सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति कही पर बंधक हो या उक्त संपत्ति के संबंध में कोई विवाद हो या कोई न्यायालीन विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से 07 दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत् रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर ए.यू. स्मॉल फायनेंस बैंक लिमिटेड उज्जैन द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार ए.यू. स्मॉल फायनेंस बैंक लिमिटेड उज्जैन का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी ।

सूचित हो। दिनांक 31/07/2026

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3**
**तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन**
**मो. 9301860352**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि भूमि आराजी सर्वे नंबर-387/1/2 रकबा 0.2000 हेक्टेयर ग्राम गुनाया तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित हैं, उपरोक्त वर्णित सर्वे नंबर-387/1/2 रकबा 0.2000 हेक्टेयर इस प्रकार कुल किता 1-एक कुल रकबा 0.2000 हेक्टेयर ग्राम गुनाया तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) को मेरे पक्षकार ने भूमिस्वामी आजाद शाह पिता श्री हमीद शाह, निवासी-खलाना जिला उज्जैन (म.प्र.) से क्रय करने का अनुबंध कर टोकन राशि भू-स्वामी को अदाकर दी है, जल्द ही बयाना राशि/शेष सौदा राशि अदा कर अनुबंध-पत्र / विक्रय-पत्र का निष्पादन करवाया जाना हैं। उक्त भूमि पर किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढी, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था आदि का किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व, हित व अधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बख्शीश, क्लेम आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 7 दिन में अपनी आपत्ति या क्लेम मय प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त संपत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेंगे व उक्त अवधि गुजर जाने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई क्लेम, आपत्ति मान्य नहीं होगी। इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के पश्चात उक्त भूमि के संबंध में कोई भी व्यक्ति उक्त भूमि क्रय करने का व्यवहार नही करे।

इति दिनांक-31/07/2026

**दीपिका सावरकर, एडवोकेट**
**कार्यालय-दुकान संख्या-ए-17**
**भरतपुरी कॉम्प्लेक्स, उज्जैन ( मध्य प्रदेश )**
**मो. 98272-99159**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार 1-अजय चौहान पिता श्री संतोष चौहान निवासी एल आई जी सी/131, न्यू देवास, जोन 2, भोपाल रोड़, देवास (म.प्र.) 2-अंकीत दुबे पिता श्री दिलीप दुबे निवासी-118, प्रेम नगर पार्ट 2. गार्डन के पास, देवास (म.प्र.) ने श्रीमती हुसेन बानू पति अताह मोहम्मद जाति-मुसलमान (शेख नायता) निवासी-2/5 लक्ष्मीबाई मार्ग गली नं. 5. उज्जैन (म.प्र.) कृषक ग्राम पालखन्दा तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वामित्व स्वत्व एवम आधिपत्य की कृषि आराजी भूमि सर्वे नम्बर-428/1/3 रकबा 0.03 हैक्टर लगानी बरूऐट स्थित ग्राम पालखन्दा पटवारी हल्का नम्बर-45/84 तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में हैं, को क्रय करने का अनुबन्ध किया गया होकर बयाना राशि अदा कर दी हैं, अब शेष विक्रय धन अदाकर विक्रय-पत्र का पंजीयन करवाना शेष हैं. यदि उक्त सम्पत्ति को लेकर किसी प्रकार का कोई लेन देन अथवा किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, या किसी वित्तीय संस्थान आदि का कोई बकाया हो या किसी का क्रय अनुबन्ध हो अथवा किसी का कोई स्वत्व, हित, अधिकार या सुखाधिकार हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन की दिनांक से अवधि सात (7) दिन में अपनी आपत्ति सप्रमाण लिखित में मेरे कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर पेश करें अन्यथा बाद गुजरने अवधि मेरा पक्षकार अपने हित में विक्रय-पत्र का पंजीयन करवा लेंगे तथा पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बन्धनकारक नहीं होगी, सूचित हो ।

दिनांक-31.07.2026

**कु. मनोहरसिंह राणावत सर्विस प्रोवाइडर**
**सी-10 भरतपुरी काम्पलेक्स उज्जैन**
**मो. 98268.87494**

# मंदसौर में महिलाओं ने उखाड़े स्मार्ट मीटर, किया चक्काजाम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मन्दसौर



जिले में लगातार बढ़ते बिजली बिलों और स्मार्ट मीटरों की गड़बड़ी को लेकर स्थानीय निवासियों का गुस्सा फूट पड़ा है। 31 जुलाई को जिला पंचायत सदस्य दीपक सिंह गुर्जर के नेतृत्व में किटियानी, हाजी कॉलोनी और सत्य साईं कॉलोनी सहित विभिन्न क्षेत्रों में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं और स्थानीय नागरिकों ने अपने घरों के बाहर लगे स्मार्ट मीटरों को निकालकर एकत्रित किया और उन्हें विद्युत विभाग कार्यालय में जमा कराने की मुहिम शुरू की।

शुक्रवार की शाम को दीपकसिंह गुर्जर, मनजीतसिंह मनी, सुरेश भाटी सहित कई लोगों ने अपने घरों से निकाले गये स्मार्ट मीटरों हाथों में लेकर स्थानीय बीपीएल चौराहा पर चक्काजाम कर दिया। जिस पर पुलिस मौके पर पहुंचकर प्रदर्शनकारियों को वहां से हटाने के लिये प्रयास किये। स्थानीय महिलाओं ने प्रशासन और विद्युत विभाग पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि स्मार्ट मीटर लगने से पहले उनका मासिक बिजली बिल करीब 500 रुपये आता था, लेकिन अब यह बढ़कर 3 से 5 हजार रु. तक पहुँच गया है। अत्यधिक बिल आने से गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों का घरेलू बजट पूरी तरह बिगड़ गया है, जिससे लोगों के लिए बच्चों का लालन-पालन और घर का राशन चलाना कठिन हो गया है।

प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे दीपक सिंह गुर्जर ने सरकार और स्थानीय जनप्रतिनिधियों पर अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि आम जनता की समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आम उपभोक्ताओं पर तो जबरन बिल वसूली का दबाव बनाया जा रहा है, जबकि बकाया न चुकाने वाले सरकारी कार्यालयों पर कार्रवाई नहीं की जाती।

विद्युत विभाग द्वारा बिना अनुमति स्मार्ट मीटर उखाड़ने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दिए जाने के बावजूद ग्रामीणों का आंदोलन जारी रहा। प्रदर्शन कारियों ने कहा कि वे मीटरों को नुकसान नहीं पहुँचा रहे हैं, बल्कि केवल उन्हें निकालकर विभाग को वापस सौंप रहे हैं।

## न्यूज-कॉलम

### कांग्रेस नेता पटेल की माताजी का निधन

**नीमच।** नीमच जिले के जावद विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी रहे वरिष्ठ कांग्रेस नेता समंदर पटेल की पूज्य माताजी, स्वर्गीय श्रीमती भागवंती देवी पटेल का निधन हो गया। उनके निधन से कांग्रेस परिवार एवं शुभचिंतकों में शोक की लहर है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सोशल मीडिया के माध्यम से गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि समंदर पटेल की माताजी के स्वर्गवास का समाचार अत्यंत पीड़ादायक है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोकाकुल परिवार को इस असीम दुःख को सहन करने की शक्ति दें।

### नपा ने तीन स्थानों पर हाई मास्ट लाइटों का लोकार्पण किया

**मन्दसौर।** नगर पालिका परिषद द्वारा शहर में बेहतर प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से तीन प्रमुख स्थानों पर हाई मास्ट लाइटें लगाई गई हैं। नए स्थापित हाई मास्ट का लोकार्पण भाजपा जिलाध्यक्ष पं. राजेश दीक्षित और नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर ने संयुक्त रूप से किया। ये लाइटें वार्ड क्र. 17 में माहेश्वरी धर्मशाला के सामने नयापुरा रोड, वार्ड क्र. 18 में भारत माता चौराहा तथा वार्ड क्र. 23 स्थित नई सब्जी मंडी प्रांगण में स्थापित की गई हैं। लोकार्पण के इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष कारूलाल सोनी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रियंका गोस्वामी, क्षेत्रीय पार्षदों और नपा सभापतियों सहित कई स्थानीय जनप्रतिनिधि व नागरिक उपस्थित रहे।

### पांच खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन

**मन्दसौर।** वेदांत स्कूल में अध्ययनरत 5 खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय आईसीएससी रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता के लिए हुआ है। भोपाल में आयोजित होने जा रही इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी प्रियांशी सरतलिया, खुशी राया, दिव्यांशी प्रजापत, पूर्वी सरतलिया और वैदिक सिंह ठाकुर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। एसोसिएशन अध्यक्ष कपिल भंडारी, सचिव राकेश श्रीवास्तव, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी वर्णिका उपाध्याय तथा अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों व अभिभावकों ने खिलाड़ियों का पुष्पमालाओं से स्वागत किया।

### शासकीय महाविद्यालय में मुंशी प्रेमचंद की जयंती मनाई

**मन्दसौर।** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर में हिंदी विभाग और सृजन क्लब के संयुक्त तत्वाधान में महान कथाकार मुंशी प्रेमचंद की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मुख्य वक्ता संस्कृत विभाग के डॉ. पंकज शर्मा ने प्रेमचंद के साहित्य को भारतीय समाज की यथार्थ परिस्थितियों का सजीव दस्तावेज बताते हुए विद्यार्थियों को उनके साहित्य में निहित मानवीय संवेदनाओं और सामाजिक समानता के मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं भूविज्ञान विभाग की डॉ. विनीता कुलश्रेष्ठ ने कहा कि प्रेमचंद की रचनाएं आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं जितनी उनके समय में थीं। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष डॉ. ललिता लोधा, डॉ. ज्योति डोसी, डॉ. सीमा जैन और छात्र नरेश व्यास ने भी विचार व्यक्त किए। इस साहित्यिक आयोजन में महाविद्यालय के कई प्राध्यापक व बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### महाविद्यालय में नशा मुक्ति अभियान-2026 का समापन

**पिपलिया मंडी।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार 15 जून से 30 जुलाई 2026 तक संचालित नशा मुक्ति अभियान-2026 के अंतर्गत पंडित अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय महाविद्यालय, पिपलिया मंडी में विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। अभियान के दौरान विद्यार्थियों में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता लाने एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने के उद्देश्य से नशा मुक्ति शपथ, निबंध लेखन प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, जनजागरूकता रैली, पोस्टर निर्माण तथा जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

## जनोन्मुखी और सुलभ प्रशासन के लिए होगा प्रशासनिक इकाइयों का पुनर्गठन- एस. एन. मिश्रा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर



मध्य प्रदेश राज्य प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग जनोन्मुखी तथा सुलभ प्रशासन के उद्देश्य से प्रशासनिक इकाइयों के पुनर्गठन की दिशा में तेजी से कार्य कर रहा है। इसी क्रम में आयोग द्वारा मंदसौर में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता आयोग के अध्यक्ष एस. एन. मिश्रा ने की, जिसमें आयोग के सदस्य मुकेश शुक्ला, सचिव अक्षय कुमार सिंह, कलेक्टर दिव्यांकसिंह, जिला पंचायत सीईओ अनुकूल जैन भी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान प्रशासनिक पुनर्गठन एवं युक्तिकरण के संबंध में उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को विस्तृत जानकारी दी गई और उनसे आवश्यक सुझाव प्राप्त किए गए। यह बैठक दो सत्रों में आयोजित की गई थी, जिसमें पहले सत्र में जिला स्तरीय अधिकारियों और दूसरे सत्र में तहसील स्तरीय अधिकारियों के साथ गहन विचार-विमर्श हुआ।

आयोग के अध्यक्ष श्री मिश्रा ने बताया कि आयोग का मुख्य उद्देश्य नई प्रशासनिक इकाइयों के गठन के साथ-साथ आम नागरिकों को सरल, त्वरित और पारदर्शी प्रशासन उपलब्ध कराना है।

इसके तहत तहसील, विकासखंड तथा अन्य प्रशासनिक इकाइयों की सीमाओं, मुख्यालयों और पद संरचना का पुनरीक्षण किया जा रहा है। इस पुनर्गठन में भौगोलिक दूरी, आवागमन की सुविधा, जनसंख्या घनत्व, आदिवासी क्षेत्र, प्राकृतिक सीमाओं और शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली व पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं को मुख्य आधार बनाया जाएगा।

आयोग के सदस्य श्री मुकेश शुक्ला ने बताया कि इस पूरी प्रक्रिया में जनभागीदारी सुनिश्चित करने के लिए एक ऑनलाइन पोर्टल और ऑनलाइन प्रश्नावली की व्यवस्था शुरू की गई है। आयोग के सचिव अक्षय कुमार सिंह ने जानकारी दी कि प्रशासनिक युक्तियुक्तकरण से सरकारी सेवाओं की पहुंच ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों तक बेहद सुगम हो जाएगी।



## कंगना रनौत के बयान पर हंगामा, महिला कांग्रेस ने पुलिस से झड़प के बीच फूंका पुतला

**मंदसौर।** स्थानीय गांधी चौराहे पर सांसद कंगना रनौत के आपत्तिजनक व विवादित बयानों को लेकर महिला कांग्रेस ने प्रदर्शन किया। प्रदेश महासचिव राखी सत्रावाला के नेतृत्व में आयोजित इस प्रदर्शन के दौरान कार्यकताओं ने जमकर नारेबाजी की। जंतर-मंतर छात्र आंदोलन से जुड़े कंगना के बयान से आक्रोशित महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच प्रतीकात्मक पुतला ोदहन को लेकर काफी तनातनी देखने को मिली। पुलिस ने पानी की बौछार और फायर ब्रिगेड की मदद से पुतला दहन रोकने का प्रयास किया तथा दो पुतले जब्त भी किए, लेकिन कार्यकर्ता तीसरा पुतला लाकर उसे प्लास्टिक बैनर से ढककर जलाने में सफल रहीं। इस दौरान जलता हुआ पुतला लेकर भागती कार्यकताओं के पीछे पुलिस दौड़ती नजर आई। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए प्रदेश महासचिव राखी सत्रावाला ने कहा कि जनप्रतिनिधि पद पर बैठी महिला से संवेदनशीलता की उम्मीद होती है,लेकिन कंगना लगातार महिलाओं व संघर्षशील युवाओं का अपमान कर रही हैं। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इष्टा भाचावत और नपा नेता प्रतिपक्ष रफत पयामी ने भी उनके बयान को महिला-युवा विरोधी मानसिकता करार देते हुए सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की।



## नवागत कलेक्टर ने पिपलिया मंडी के ट्रेंचिंग ग्राउंड का किया निरीक्षण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ पिपलियामंडी

31 जुलाई 2026 को नवागत कलेक्टर श्री दिव्यांक सिंह ने शुक्रवार को पिपलियामंडी स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने ट्रेंचिंग ग्राउंड की साफ-सफाई, कचरा प्रबंधन, बगीचे एवं अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।

व्यवस्थाओं से संतुष्ट होकर उन्होंने ट्रेंचिंग ग्राउंड की सराहना की तथा संबंधित अधिकारियों को विकास कार्यों में तेजी लाने और आवश्यक व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। यहाँ वृक्षारोपण भी किया गया,

निरीक्षण के दौरान नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सुनील देवरिया ने कलेक्टर का नगर परिषद की ओर से मोमेंटो (प्रतीक चिन्ह) भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर नगर परिषद उपाध्यक्ष भारत सिंह सोनगरा, जनपद पंचायत मल्हारगढ़ के सीईओ निर्देशक शर्मा, नगर परिषद सीएमओ प्रवीण सेन, सहायक यंत्री शशांक रमन, इंजीनियर राजेश उपाध्याय, लेखापाल महावीर जैन सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पुलिस विभाग में लंबी सेवा के बाद सेवानिवृत्त सात पुलिस अधिकारियों को विदाई दी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम



पुलिस महकमे के 7 पुलिस अधिकारी निरीक्षक बंशीलाल हटीला, उपनिरीक्षक श्री रामनारायण सिंह, सहायक उप निरीक्षक श्री नंदकिशोर, सहायक उप निरीक्षक अशोक कुमार शर्मा, सहायक उप निरीक्षक ओमप्रकाश ढाकरवाल, प्र आर नन्हेलाल पंवार, प्र आर सुभाष सिंह द्वारा सेवानिवृत्ती की आयु पूर्ण करने पर दिनांक 31 जुलाई को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में विदाई सामारोह का अयोजन किया गया।इस मौके पर पुलिस अधीक्षक रतलाम श्री अमित कुमार द्वारा शासकीय सेवकों की सेवा की सराहना की।

पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा सातों पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के अच्छे स्वास्थ्य की कामना करते हुए उनके भावी जीवन की शुभकामनाएं दी। पुलिस अधीक्षक श्री अमित कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतलाम ग्रामीण श्री विवेक कुमार लाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतलाम शहर श्री राकेश पन्द्रो द्वारा पुष्पमाला पहनाकर श्री फल, शॉल एवं स्मृति चिन्ह देकर सेवानिवृत्ति की बधाई दी। साथ ही परिवार की जानकारी लेते हुए अच्छे स्वास्थ्य एवं आगामी जीवन की शुभकामना भी दी गई। विदाई समारोह कार्यक्रम का संचालन मुख्य लिपिक श्रीमती अर्चना आमेरिया द्वारा किया गया।

विदाई समारोह के अवसर पर रक्षित निरीक्षक श्री मोहन भर्रावत, मुख्य लिपिक श्री मति अर्चनाआमेरिया, पुलिस पेंशनर्स संघ के सदस्य पुलिस अधीक्षक कार्यालय का समस्त स्टाफ एवं परिजन उपस्थित रहे।

## अमरनाथ यात्रीयों की बस दुर्घटना में नीमच जिले के 13 श्रद्धालु घायल

**नीमच।** अमरनाथ यात्रा से लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी बस मंगलवार सुबह जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बालटाल से श्रीनगर जा रही बस 'रंगा मोड़' के पास अनियंत्रित होकर लगभग 50 फीट गहरी खाई में जा गिरी। इस दर्दनाक हादसे में मध्यप्रदेश और राजस्थान के करीब 40 श्रद्धालु घायल हुए हैं, जिनमें नीमच जिले की जावद तहसील के सुवाखेड़ा और मनासा के खजूरी गांव के 13 यात्री शामिल हैं।

## न्यूज कालम



### स्थानीय कन्या शाला संकुल से शिक्षक का सेवानिवृत्ति कार्यक्रम संपन्न

**पिपलिया मंडी।** संकुल कार्यालय शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिपलिया मंडी के अंतर्गत आने वाली शाला शासकीय प्राथमिक विद्यालय काचरिया कदमाला में पदस्थ श्री बाबूलाल मालवीय पदनाम सहायक शिक्षक एवं शासकीय प्राथमिक विद्यालय सोकडी में पदस्थ श्री धर्मेन्द्र कुमार गौड़ पदनाम सहायक शिक्षक की अद्धिवार्षिकी आयु पूर्ण कर 31 जुलाई 2026 को सेवानिवृत्त हो गये उनके सम्मान में शासकीय प्राथमिक विद्यालय काचरिया कदमाला और शासकीय प्राथमिक विद्यालय सोकडी में सेवानिवृत्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधि और संकुल कार्यालय शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिपलिया मंडी के प्राचार्य श्री उमाशंकर पांडेय और लेखा शाखा प्रभारी श्री राकेश शर्मा एवं संकुल शाला से व्याख्याता श्री कन्हैयालाल पाटीदार एवं मल्हारगढ़ ब्लॉक के अन्य शाला के शिक्षक साथी और परिवार जन उपस्थित रहे ! कार्यक्रम का संचालन शिक्षक श्री जसवंत सिंह चौहान ने किया और आभार व्यक्त किया।

### सीमेंट फैक्ट्री में मजदूर की अचानक तबीयत बिगड़ी, मौत

**नीमच।** शहर के नसीराबाद हाईवे रोड स्थित, गोल्ड कास्ट फैक्ट्री में सोमवार अब एक मजदूर की अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद मौत हो गई। घटना के बाद फैक्ट्री परिसर में अफरा-तफरी मच गई। साथी मजदूर तत्काल उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार मृतक देवानंद राम पिता छेदीराम उम्र 53 वर्ष निवासी गोपालगंज बिहार सोमवार सुबह फैक्ट्री परिसर में बने कमरे में ड्यूटी पर जाने के लिए तैयार हो रहा था। इसी दौरान उसके पेट में अचानक तेज दर्द उठा और उसकी तबीयत बिगड़ गई। साथी मजदूरों ने बिना देर किए उसे जिला चिकित्सालय पहुंचाया। लेकिन चिकित्सको ने जांच की उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलने पर संबंधित पुलिस में आवश्यक कार्रवाई शुरू कर शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। पुलिस ने पंचनामा बनाकर शव का पोस्टमार्टम कराया और आगे की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक तौर पर मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

### लायंस डायनामिक ने गुरुकुल के विद्यार्थियों का सम्मान किया



**मन्दसौर।** श्रावण माह के शुभारंभ के अवसर पर लायंस क्लब मंदसौर डायनामिक ने गुरुकुल में अध्ययनरत लगभग 50 संस्कृत विद्यार्थियों को सम्मानित किया। क्लब सदस्यों द्वारा विद्यार्थियों को तौलिया, स्वल्पाहार और दक्षिणा भेंट की गई। इसके साथ ही पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के उद्देश्य से गुरुकुल परिसर में पौधरोपण भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान क्लब अध्यक्ष लायन सुमित्रा चौधरी ने कहा कि गुरुकुल के विद्यार्थी वेद, शास्त्र और भारतीय संस्कृति के ज्ञान को आगे बढ़ा रहे हैं, अतः उनका सम्मान करना हमारी अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का सम्मान है। इस सेवा कार्य में लायन चित्रा मंडलोई, सीमा जैन, नीलम जैसवानी सहित क्लब की कई महिला सदस्य उपस्थित रही।


**पश्चिम रेलवे – रतलाम मंडल**

**ई- निविदा सूचना**

क्रम संख्या 1: • **निविदा संख्या:** EL/TRD/58/2026-27/15 • **कार्य का नाम:** सिंहस्थ 2028 के संबंध में UJN एवं PLW के मध्य नए "बी" श्रेणी स्टेशन "पावासा" के प्रावधान हेतु टीआरडी कार्य • **अनुमानित लागत:** ₹3,58,94,461.00/- • **बयाना राशि (EMD):** ₹7,17,900.00/- • **समापन अवधि:** 18 माह • **निविदा दस्तावेज़ राशि:** शून्य •**ऑनलाइन बिडिंग बंद होने की दिनांक एवं समय:** 24.08.2026 को 15:00 बजे • **निविदा की वैधता:** निविदा खोलने की तिथि से 60 दिन • **वेबसाइट:** www.ireps.gov.in • **नोटिस बोर्ड:** वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर, कर्षण वितरण, रतलाम मंडल, पश्चिम रेलवे के कार्यालय के प्रवेश द्वार के सामने V/0180

Like us on: facebook.com/WesternRly


## विधानसभा को मिली दो बालिका छात्रावासों की सौगात, 6.30 करोड रुपए हुए स्वीकृत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ जावरा



विधानसभा क्षेत्र को शिक्षा का हब बनाने के उद्देश्य से विधायक डॉ राजेन्द्र पांडेय ने प्रारम्भ से प्राथमिकता से कार्य किया। जिसके फलस्वरूप सफलता भी मिलती जा रही है। मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप बालिका छात्रावास सुजापुर और ढोढर में भवन निर्माण की सौगात मिल गई है।दोनों भवनों के लिए लगभग सवा छः करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत हुई है।

उल्लेखनीय है कि विधायक डॉ पांडेय लम्बे समय से क्षेत्र में भवनविहीन स्कूल व छात्रावासो के लिए भवन की स्वीकृति का प्रयास कर रहे है। प्रयासो के चलते बीते दिनों नगर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को भी प्राथमिकता से अवगत कराया गया था।जिस पर मुख्यमंत्री डॉ यादव ने बालिका छात्रावास सुजापुर व ढोढर के लिए भवन निर्माण की घोषणा की थी।इस घोषणा के बाद विधायक डॉ पांडेय ने दोनों स्थानों पर भवन निर्माण के लिए प्रक्रिया पूर्ण करवाने का प्रयास किया। विभागीय कार्यवाही के अलावा मुख्यमंत्री डॉ यादव एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदयप्रताप सिंह से भेंट कर बालिकाओ की कठिनाइयों से अवगत कराया। इन प्रयासों के फलस्वरूप राज्य शिक्षा केन्द्र ने 50 सीटर नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय बालिका छात्रावास ढोढर एवं 100 सीटर बालिका छात्रावास सुजापुर के लिए छः करोड़ 30 लाख रु की स्वीकृति जारी कर दी है।इन भवनों से क्षेत्र की सैंकड़ो बालिकाओं को बेहतर शिक्षा मिल सकेगी।

उक्त स्वीकृति से क्षेत्र में हर्ष का वातावरण है।विधायक डॉ पांडेय ने विधानसभा क्षेत्र में दो सांदीपनि स्कूल ,दो औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,दो महाविद्यालय के साथ ही दो बालिका छात्रावास की सौगात दिलाकर विधानसभा क्षेत्र को शैक्षणिक हब बनाने की दिशा में अभूतपूर्व कार्य किया है। आगामी समय मे जिला स्तरीय दिव्यांग छात्रावास का नवीन भवन भी विधानसभा क्षेत्र के पिपलौदा में बनाया जाएगा।जिसकी भी घोषणा मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की है। जिसकी स्वीकृति की प्रक्रिया अंतिम चरण में है।

विधायक डॉ पांडेय क्षेत्र में सभी भवन विहीन हाईस्कूल व हायर सेकेंडरी स्कूलों के भवन निर्माण की स्वीकृति के लिए भी प्रयासरत है। जिसकी प्रक्रिया भी प्रारम्भ हो गई है।

जावरा विधानसभा क्षेत्र को दो बालिका छात्रावासो की बड़ी सौगात मिलने पर भाजपा जिला महामंत्री महेश सोनी, मण्डल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह देवड़ा, मांगीलाल पांचाल, दिनेश पाटीदार, राजेश शर्मा,रितेश जैन, अजय पांडेय, अमित पाठक, बालाराम मालवीय, जगदीश माली, राकेश चौहान सहित विभिन्न पदाधि कारियो ने क्षेत्रवासियों को बधाई देते हुए मुख्यमंत्री डॉ यादव,शिक्षा मंत्री उदयप्रताप सिंह व विधायक डॉ पांडेय के प्रति आभार व्यक्त किया है।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद जावरा जिला रतलाम (म.प्र.)**

**क्रमांक/2468/स्वास्थ्य शाखा/ई-टेण्डर/2026** **जावरा, दिनांक 31.07.2026**

**ई-निविदा सूचना**

निम्न लिखित कार्यो हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारो से आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्र. जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ईएमडी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD 525737_1 31/07/2026 | वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु आवारा कुत्तों के बधियाकरण एवं टीका करण कार्य हेतु (तृतीय ई-निविदा) | वित्तीय वर्ष 2026-27 एवं 10.00 लाख | 2000/- एवं 10,000/- | 07.08.2026 |
| 2. | 2026_UAD 525731_1 31/07/2026 | शा.प्रा.वि. तालनाका स्कूल में अतिरिक्त कक्ष एवं बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य। | 04 माह वर्षाकाल सहित एवं 14,33,291/- | 2,000/- एवं 11,466/- | 29.08.2026 |
| 3. | 2026_UAD 525733_1 31/07/2026 | वार्ड क्रं. 07 तेली गली में दोनों ओर आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 02 माह वर्षाकाल सहित एवं 3,96,002/- | 2,000/- एवं 3660/- | 15.08.2026 |
| 4. | 2026_UAD 525736_1 31/07/2026 | वार्ड क्रं. 09 सागर मोती परिसर में आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 02 माह वर्षाकाल सहित एवं 3,37,055/- | 2,000/- एवं 3371/- | 15.08.2026 |
| 5. | 2026_UAD 525734_1 31/07/2026 | वार्ड क्रं. 10 में अनवर भाई के मकान से सुनील देवड़ा के मकान तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 02 माह वर्षाकाल सहित एवं 6,46,161/- | 2,000/- एवं 6462/- | 15.08.2026 |

**नोट-** निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के सशोधन का प्रकाशन आनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**(चंद्रशेखर सोनिस)**
**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद जावरा**

## दिल्ली में सेवादल मुख्य संगठक को दी जानकारी

**जगोटी।** अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल के नवनियुक्त मुख्य संगठक बी वी श्रीनिवास से दिल्ली स्थित कार्यालय में उज्जैन जिला कांग्रेस सेवादल ग्रामीण के पदाधिकारियों ने गत दिवस ग्रामीण अध्यक्ष डा. चैनसिंह चौधरी की अगुवाई में स्वागत करते हुए विगत दो वर्षों से सेवादल की विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराया एवं उज्जैन आगमन का आमंत्रण दिया। इस अवसर पर यंग ब्रिगेड अध्यक्ष डा. विजय बोडाना, बड़नगर ब्लाक कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष नीलेश शर्मा, तराना ब्लाक अध्यक्ष विनोद जायसवाल,, शहर अध्यक्ष पुरुषोत्तम ठाकुर, सेवादल नेत्री सीमा पटेल, लीला बाई चौहान, हेमंत पंवार, सोहिल खान, हुकुम सिंह आंजना, विजय कसाना, शेर खान ने उन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान किया। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी हेमंत कोली ने दी।

## श्रावण के पहले दिन शिव मंदिरों में पहुंचे श्रद्धालु

**महिदपुर रोड।** नगर में श्रावण मास की पहले दिन गुरुवार से ही शिव मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धा भगवान शिव की पूजा अर्चना करने पहुंचे नगर के रेल्वे स्टेशन परिसर स्थित त्रिभुवन नाथ मंदिर, पुलिस थाना परिसर स्थित शिव मंदिर, गोगापुर तालाब किनारे स्थित गुप्तेश्वर महादेव मंदिर के अलावा झरावदा के झरादेश्वर मंदिरों में स्थित भगवान शिव की प्रतिमाओं का आकर्षक ऋंगार किया गया ब्रह्म मुहूर्त से ही पंडितों ने अभिषेक के साथ पूजा अर्चना संपन्न करवाई मंदिरों में रांगोली के साथ रंग बिरंगी रोशनी से मंदिर को आलौकित किया गया है श्रावण मास से ही कावड़ यात्रा का सिलसिला भी प्रारंभ होने जा रहा है। श्रद्धालु अपने सामर्थ्य अनुसार समूह में कावड़ धारण कर झरावदा, मनुनिया महादेव तथा बाबा महाकाल को जल चढ़ाने पैदल यात्रा कर इन स्थानों पर पहुंचेंगे।

## श्री भोमिया महाराज का किया पूजन

**तनोड़िया।** नगर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी आषाढ़ मास की पूर्णिमा के पावन पर्व पर श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर मे विराजमान श्री भोमिया महाराज की पूजन कर महाआरती कर तनोड़िया व क्षैत्र की सुख समृद्धि में अच्छी वर्षा बारिश हो। खरीब की बेहतर फसल, और रोग से मुक्त हो नगरवासियों और सुख शान्ति की मंगल कामनाएं की गई। इसके बाद महाप्रसादी का वितरण किया गया।इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिक नरेन्द्र सिंह राठौर , सत्यनारायण बैरागी, दिनेश तिवारी, इंदर सिंह, भंवर सिंह, पाल सिंह, नारायण सिंह यादव,लक्ष्मण सिंह ,भारत सिह,गोपाल परमार व नगर के सेकड़ों भक्तो ने बढ चढकर हिस्सा लिया।

## दर्जी समाज ने गुरुदेव का चल समारोह निकाला

**खाचरौद।** नगर में गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर जुना गुजराती दर्जी समाज द्वारा आराध्य गुरुदेव श्री श्री 1008 टेंकचंद महाराज के जन्मोत्सव वो गुरु पूजन कर दर्जी से भव्य चल समारोह निकाला गया। चल समारोह में ध्वज धारण कर घुड़सवार, बैंड ओर ढोल तथा रथ बग्गी पर गुरु जी को विराजित किया गया। समाज की महिलाएं सिर पर कलश धारण कर कतारबद्ध चली। पुरुष वर्ग भी वेषभूषा धारण कर गुरुदेव के जयघोष के साथ निकले। चल समारोह दर्जी गली से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से निकला।

## गुन्दीकलां हाईस्कूल में गुरु पूर्णिमा उत्सव मना

**तनोडिया।** समीपस्थ ग्राम गुन्दीकलां में स्थित शासकीय हाई स्कूल में गुरु पूर्णिमा उत्सव बड़े श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। यहाँ इस शुभ अवसर पर संक्षिप्त में विवरण दिया गया है। गुरु वंदना व पूजनः कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने अपने मार्गदर्शक गुरुजनों—डॉ. संदीप शर्मा, ईश्वर सिंह राठौड़, कमल सिंह राठौड़, उमराव चौधरी, रामभक्त मेघवाल, भूपेंद्र सिंह राठौड़, गोविंद मालवीय एवं राजनंदिनी सक्सेना का तिलक लगाकर एवं पूजन कर पूरे आदर भाव से सम्मान किया। इसी के साथ वृक्षारोपण गुरु पूर्णिमा के इस पावन पर्व पर पर्यावरण संरक्षण से जोड़ते हुए विद्यालय परिसर में पौधारोपण पौधारोपण भी किया गया, जो बच्चों को प्रकृति से जोड़ने और पर्यावरण बचाने का एक सुंदर संदेश देता है।

शेख नायता समाज के छात्र-छात्राओं का सम्मान कार्यक्रम संपन्न

# समाज की आधारभूत उन्नति के लिए होनहार छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करना जरूरी- डीईओ

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ मक्सी/देवास**

किसी भी समाज की आधारभूत उन्नति के लिए होनहार छात्र-छात्राओं को लगातार प्रोत्साहित करना जरूरी है। यें ही प्रतिभाशाली विद्यार्थी, आगे जाकर एक उच्च और आदर्श समाज की नींव तैयार करते हैं। ये बातें जिला शिक्षा अधिकारी राजीव सूर्यवंशी ने मुख्य अतिथि के रूप में, शेख नायता समाज के होनहार विद्यार्थियों के सम्मान कार्यक्रम में कहीं।

कार्यक्रम में विशेष अतिथि के तौर पर पूर्व नगर निगम नेता प्रतिपक्ष हॉजी हारून शेख ने छात्र-छात्राओं की कड़ी मेहनत से पाई सफलता पर उन्हें बधाई दी। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ शिक्षक आदिल खान पठान ने उपस्थित बच्चों को कैरियर संबंधित मार्गदर्शन दिया। अंतरराष्ट्रीय कोच एवं खेल संगठन पदाधिकारी अबरार अहमद शेख ने विद्यार्थियों को खेलों से जुड़ाव रखनें के लिए प्रेरित किया और मेरिट सूची में लड़कों की लगातार गिरती संख्या पर चिंता व्यक्त की। कार्यक्रम की आयोजक नायता नौजवान कमेटी के अध्यक्ष हारिस गजधर ने बताया कि समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों ने भी विभिन्न विषयों पर अपने सारगर्भित विचार जाहिर किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व डीईओ लईक गजधर ने समाज द्वारा प्रदान की जा रही स्कॉलरशिप योजना पर अपनी बातें रखीं। इस मौके पर समाज के कक्षा दसवीं और बारहवीं के उच्च अंक प्राप्त विद्यार्थियों को समाज की ओर से प्रोत्साहन राशि के चेक और प्रतिक चिन्ह भेंट किए गए। शिक्षा, चिकित्सा और मैकेनिकल इंजीनियरिंग क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त करने वाले समाजजनों को विशिष्ट सम्मान से नवाजा गया।



### ये रहे मौजूद रहे

अवसर पर नजर शेख, डॉ.अंजुम गजधर,आसिफ शेख, मुकीम शेख, हॉजी शाहिद शेख, तसलीम शेख, ईमरान शेख एलाइड, फारूक शेख इंजीनियर,शरीफ शेख, हॉजी जब्बीर भाई, तनवीर शेख सर, असलम शेख गामा, रमीज शेख, हॉजी नौशू भाई, फारूक शेख यूनिक, आशिम मोदी, डॉ.इमरान शेख, तबरेज शेख, अकरम शेख, काविश गजधर, मुजीब शेख,इकबाल शेख, परवेज शेख, दानिश शेख, शकील शेख, हमीद शेख आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सलीम शेख सर ने किया और आभार जाहिद खान ने व्यक्त किया।

## पेपर लीक के विरोध में सर्व समाज ने शांति मार्च निकाल 22 दिवंगत विद्यार्थियों को दी श्रद्धांजलि

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ महिदपुर**

बिरसा अंबेडकर फूले समाज कल्याण समिति एवं सर्व समाज संगठन महिदपुर के संयुक्त तत्वावधान में पेपर लीक के विरोध में मंगलवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर प्रतिमा स्थल से एक शांतिपूर्ण मौन रैली एवं शांति मार्च निकाला गया। मार्च में बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता, युवा, छात्र-छात्राएं एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। प्रतिभागियों ने हाथों में पेपर लीक के विरोध तथा दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग वाली तख्तियां लेकर प्रदर्शन किया। साथ ही सरकार से यह मांग भी की गई कि पेपर लीक की घटनाओं से निराश होकर अपनी जान गंवाने वाले विद्यार्थियों के प्रत्येक परिवार को एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाए।

शांति मार्च का समापन विजय स्तंभ पर हुआ, जहां पेपर लीक के कारण मृत्यु को गले लगाने वाले 22 विद्यार्थियों को मोमबत्तियां जलाकर एवं दो मिनट का मौन रखकर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर बेटियों और बेटों ने भी श्रद्धासुमन अर्पित कर दिवंगत विद्यार्थियों को याद किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से डोमा परिसंघ के प्रदेश महासचिव जे. के. मालवीय, डीएआर व्हायएस के प्रदेश अध्यक्ष राहुल बालेचा, बिरसा अंबेडकर फूले समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष दिनेश चैहान, उपाध्यक्ष विक्रम सोलंकी, कोषाध्यक्ष अरुण परमार, एल.मालवीय, सहसचिव अनिल दावरे, नरेंद्र परमार, सरपंच तूफानसिंह चौहान, आशाराम गहलोत, दिनेश राठी, नगजी, मदन मोहन, राजाराम परमार ,राजू भाई ,बालूसिंह वर्मा, राजाराम परमार, पायल मालवीय, उर्मिला रॉव, आरती परमार, सलोनी परमार, यशराज परमार, रानी सोलंकी, रामचन्द्र जोगचन्द्र बागला सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। अंत में नरेंद्र परमार ने सभी का आभार व्यक्त किया।




## क्षेत्र में बारिश की लंबी खेंच से बढ़ी किसानों की चिंता

### पिछले साल से 203 मिमी कम वर्षा

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ सुसनेर**

मानसून की शुरूआत भले ही अच्छी रही हो लेकिन जुलाई के अंतिम सप्ताह में बारिश की लंबी खिंच ने किसानों के साथ-साथ आमजन की चिंता भी बढ़ा दी है। क्षेत्र में पिछले कई दिनों से उल्लेखनीय वर्षा नहीं होने के कारण खेतों की मिट्टी तेजी से सूखने लगी है। फसलों को इस समय लगातार नमी की आवश्यकता है। लेकिन बारिश का दौर थम जाने से सोयाबीन, मक्का, उड़द और अन्य फसलें प्रभावित होने लगी हैं। किसान अब हर दिन आसमान की ओर उम्मीद भरी नजरों से देख रहे हैं कि कब मानसून फिर सक्रिय होगा और राहत की बारिश होगी। प्राप्त वर्षा आंकड़ों के अनुसार 1 जून से 30 जुलाई 2026 तक सुसनेर क्षेत्र में 392.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में 595.0 मिमी वर्षा हुई थी। इस प्रकार इस वर्ष अब तक 203 मिमी कम बारिश दर्ज की गई है। पिछले वर्ष की तुलना में वर्षा का यह अंतर क्षेत्र में मानसून की कमजोर स्थिति को दशार्ता है। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि फसलों के लिए जुलाई का अंतिम सप्ताह और अगस्त का पहला पखवाड़ा सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है।

### तालाबों, छोटे जलाशयों और कुओं अपेक्षित जलभराव नहीं हो पाया

बारिश की कमी का असर केवल खेती तक सीमित नहीं है। तालाबों, छोटे जलाशयों और कुओं में भी अपेक्षित जलभराव नहीं हो पाया है। यदि अगले कुछ दिनों तक यही स्थिति बनी रही तो सिंचाई के साथ-साथ पेयजल की समस्या भी गहरा सकती है। ग्रामीण क्षेत्रों में लोग भी अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे हैं ताकि जल स्त्रोतों में पर्याप्त पानी पहुंच सके।



## म.प्र.शिक्षक संघ की झारड़ा तहसील की कार्यकारिणी घोषित

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ महिदपुर**

कार्य विस्तार एवं आगामी कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए मध्यप्रदेश शिक्षक संघ की झारड़ा तहसील की कार्यवाहक कार्यकारिणी का गठन दिनांक 30 जुलाई को पुर्व तहसील कार्यकारिणी को यथावत रखते हुए किया गया। मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के प्रान्ताध्यक्ष क्षत्रवीरसिंह राठौर के निदेर्शानुसार झारड़ा तहसील की कार्यवाहक कार्यकारिणी का गठन जिला अध्यक्ष शैलेंद्रसिंह डोड़िया, संभागीय सचिव दिग्विजयसिंह चैहान, जिला सचिव महेश पाटीदार के नेतृत्व में किया गया जिसके अनुसार झारड़ा तहसील अध्यक्ष ईश्वरसिंह राजपूत, तहसील सचिव वक्तावरसिंह सोलंकी तथा कोषाध्यक्ष कैलाश खादिवाल को मनोनीत किया गया। तीनो नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संघ के कार्य को निरन्तर प्रगति देने का तथा इस वर्ष अधिकतम सदस्यता करवाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष मदनलाल पांचाल, बाबूलाल आसोडिया, विकासखंड सचिव मेहरबानसिंह चैहान ,संदिप पटेल, अर्जुनसिंह गुर्जर, मुकेश रघुवंशी, पप्पूलाल वर्मा आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## गुरु पूर्णिमा उत्सव का सफल आयोजन

**बडौद।** नवीन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, आम्बा बडौद में दिनांक 29 जुलाई को श्रद्धा एवं उत्साह के साथ गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि राजेंद्र जैन (सी.बी.ई.ओ., डग) एवं विशिष्ट अतिथि श्याम विश्वकर्मा (उच्च माध्यमिक शिक्षक, उत्कृष्ट विद्यालय बडौद) थे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती एवं माँ भारती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पण के साथ हुआ। तत्पश्चात विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों द्वारा मुख्य अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं माल्यार्पण कर आत्मीय स्वागत किया गया। उद्बोधन में श्याम विश्वकर्मा ने गुरु सांदीपनि की प्रेरणादायक कथा के माध्यम से विद्यार्थियों को गुरु-शिष्य परंपरा का महत्व समझाया तथा जीवन में गुरु के मार्गदर्शन का अनुसरण करने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि राजेंद्र जैन ने गुरु पूर्णिमा के आध्यात्मिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।



## अवन्तिका के पितृपुरुष दा साहब की जयंती पर औषधीय पौधे लगाए

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ जगोटी।**

दैनिक अवन्तिका के पितृ पुरुष, समाजसेवी स्व गोवर्धनलाल मेहता दा साहब की जन्म जयंती पर जगोटी से छः किलोमीटर पश्चिम में गांगी नदी के तट पर स्थित प्राचीन श्री बिल्वकेश्वर महादेव मंदिर परिसर में औषधीय गुणों के पौधे लगाते हुए उपस्थित गणमान्य नागरिकों ने पौधे के संरक्षण का संकल्प लिया। अतिथि जिला कांग्रेस सेवादल ग्रामीण अध्यक्ष डा चैनसिंह चौधरी ने दा साहब के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके जीवन को प्रेरणादाई बताया। इस अवसर पर श्री बिल्वकेश्वर महादेव मंदिर सेवा समिति अध्यक्ष श्री भेरूसिंह आंजना महूडी ने बताया कि मंदिर परिसर में पौधों की सुरक्षा व संरक्षण की पर्याप्त व्यवस्था की गई है तथा परिसर में आंवला, रूद्राक्ष, नीम, पीपल, शम्मी, बड, जामुन, अश्वगंधा के पौधे विकसित हो रहे हैं। इस अवसर सामाजिक कार्यकर्ता रमेशचंद्र जाट, जगदीश डाबिया, आजाद शाह रामप्रसाद खुरचनिया प्रताप, रणछोड़ मालवीय, कमल सूर्यवंशी पूर्व उपसरपंच शिवनारायण चौहान सहित गणमान्य नागरिक गण मौजूद थे। संचालन व आभार अनंत शर्मा ने व्यक्त किया।

## दस्तक अभियान के तहत बच्चों को विटामिन-ए की खुराक पिलाई

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर।**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित दस्तक अभियान के तहत वार्ड क्रमांक 8 स्थित बजरंग कॉलोनी में 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों की स्वास्थ्य जांच की गई। साथ ही 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन-ए की खुराक पिलाई गई तथा परिवारों को ओआरएस के पैकेट वितरित किए गए।



अभियान के दौरान आंगनवाडी कार्यकर्ता ममता शर्मा ने क्षेत्रवासियों को मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए जागरूक करते हुए स्वच्छ एवं छानकर पानी पीने की सलाह दी। वहीं आशा कार्यकर्ता मीणा त्रिपाठी ने घरों के आसपास एवं नालियों में पानी जमा नहीं होने देने की समझाइश दी, ताकि मच्छरजनित बीमारियों से बचाव किया जा सके। इस अवसर पर आंगनवाडी कार्यकर्ता बबीता मालवीय, सहायिका कविता सूर्यवंशी, देवकला चंदेल, एएनएम खुशबू तथा सुपरवाइजर मंजू व्यास सहित स्वास्थ्य एवं महिला-बाल विकास विभाग का अमला उपस्थित रहा।

## गुरु पूर्णिमा के अवसर पर संकल्प लेकर गुरु भक्तों ने लगाए पौधे

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर**

गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर मां बिजासन धाम भैंसवामाता पर स्थित गुरु गोरक्षनाथ अखाडा धुनी परिसर में परम पूज्य गुरुदेव धमार्चार्य सोमेश परसाई जी दीक्षा प्राप्त गुरुभक्तो द्वारा आम आंवला के पौधे लगाए गए। इसी अवसर पर सभी ने पर्यावरण संरक्षण एवं माताजी की विशाल पहाडी को आच्छादित करने के लिए पौधारोपण करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर समाजसेवी ओम प्रकाश पाठक, लीलाधर पटेल, राजेश भंडारी, हरिओम सेठ, गोपाल राठौर, प्रेम गुर्जर, दिनेश बामनिया जन अभियान परिषद, दीपक गुर्जर, एलम सिंह गुर्जर, मांगीलाल भिलाला, ओम भिलाला सहित सैकडों गुरुभक्त शामिल हुए।

# कपिलेश्वर राम नाम बैंक में प्रति दिन लिख रहे राम नाम

### 5 करोड से अधिक राम नाम जमा

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर।**

सारंगपुर कपिलेश्वर तीर्थ विकास एवं भजन मंडल द्वारा कपिलेश्वर तीर्थ स्थल पर अखंड रामायण गौशाला एवं पर्यावरण को लेकर वृक्षारोपण के साथ ही राम नाम बैंक प्रारंभ की गई।

भगवान आदि देव भूत भावन श्री कपिलेश्वर की असिन कृपा एवं मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम के अनुग्रह एवं संकट मोचन हनुमान जी महाराज की अनुपम कृपा से कपिलेश्वर तीर्थ धाम की महिमा लगातार मालवा क्षेत्र सहित संपूर्ण भारत वर्ष में बढती गई। कपिलेश्वर तीर्थ क्षेत्र पुण्य क्षेत्र के रूप में परिवर्तित हो रहा है। इसी श्रृंखला में कपिलेश्वर तीर्थ पर स्थित रामायण मंदिर में राम नाम बैंक की स्थापना की गई अभी तक बैंक में 5 करोड से अधिक राम नाम जमा हो चुके हैं और यह सिलसिला प्रतिदिन चल रहा है भक्त प्रतिदिन आते हैं और राम नाम लिखकर बैंक में जमा करते हैं।

समिति अध्यक्ष कुमेर सिंह सोलंकी ने बताया कि सतत राम नाम का लेखन शुरू है अब तक करोडों राम नाम इस बैंक में जमा हो चुके हैं। वहीं कपिलेश्वर तीर्थ विकास समिति के सचिव कैलाश शर्मा ने कहा है कि कलयुग में केवल राम नाम ही एक सहारा है रामायण में भी तुलसीदास जी ने लिखा है कलयुग केवल नाम आधारा, सुमरी सुमरी नर उतरही पारा, इसलिए खाते पीते सोते जागते राम का नाम ले और फुर्सत के समय में राम नाम लिखकर राम- नाम बैंक में जमा करें।



## सफाई कर्मचारियों एवं वाल्मीकि समाज द्वारा 11सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा

**खाचरोद।** राष्ट्रीय वाल्मीकि सेना मार्शल कौम संयुक्त यूनियन मोर्चा के बैनर तले संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री ई. संतोष जी कल्याणे के नेतृत्व में मध्यप्रदेश के समस्त सफाई कर्मचारियों की प्रमुख एवं न्यायोचित मांगों को लेकर विगत 17 जुलाई से भूख हड़ताल एवं आमरण अनशन जारी है। इसी आंदोलन के समर्थन में संगठन के आह्वान पर पूरे मध्यप्रदेश में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन एवं मांग-पत्र सौंपने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी क्रम में आज खाचरौद इकाई द्वारा समस्त सफाई कर्मचारियों एवं वाल्मीकि समाज के साथ मिलकर 11 सूत्रीय मांग-पत्र मुख्य नगर पालिका अधिकारी, खाचरौद को सौंपा गया। इस दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने मांग-पत्र प्राप्त कर शासन तक समस्त मांगों को पहुंचाने तथा उनके निराकरण हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर समस्त वाल्मीकि समाज के वरिष्ठजन, युवा साथि संगठन के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में महिला सफाई कर्मचारी उपस्थित रही

## नगर में अतिक्रमण हटाने की मुहिम जारी, जेसीबी के माध्यम से हटाया अतिक्रमण



**तनोडिया।** गत दिनों जिला पंचायत सीईओ द्वारा नगर भ्रमण के दौरान अतिक्रमण व गंदगी हटाने के निर्देश दिए गए थे। जिस पर स्थानीय ग्राम पंचायत को बार बार अतिक्रमण की शिकायत दर्ज हो रही थी। जिस पर स्थानीय प्रशासन द्वारा संनातन चौक पर स्थित मांगलिक भवन से आजीविका मिशन कार्यालय तक गुमटियां व मुरम को जेसीबी के माध्यम से हटाया गया है। इस मुहिम में सचिव गुलाबसिंह राठौर, उपसरपंच प्रतिनिधि मुकेश परमार, सत्यनारायण बैरागी , मुकेश राठौर,चौकीदार गोपाल जाधव सहित पंचायत कर्मी सहित शामिल थे। पंचायत सचिव गुलाबसिंह राठौर ने बताया कि यह मुहिम पुरे नगर में जारी रहेगी। बस स्टैंड,पिपलोन चौपाटी,माकडोन मार्ग,आगर रोड आदि स्थानों पर भी अतिक्रमण मुहिम चलेंगी।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ महिदपुर द्वारा नगर मे गुरूपूजन उत्सव आयोजित



**महिदपुर।** बुधवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नगर महिदपुर के द्वारा गुरु पूर्णिमा उत्सव अंतर्गत गुरु पूजन नगर के प्रांत की रचना अनुसार नगर की पाचो बस्ती में गुरु पूजन सम्पन्न हुआ । जिसमे शिवाजी बस्ती- श्रीराम मन्दिर औदीच्य ब्राम्हण समाज धर्मशाला। माधव बस्ती- श्री गोपाल धर्मशाला पुराना बस स्टैंड। मधुकर बस्ती- स्नेह सिटी कॉलोनी गार्डन, मन्दिर परिसर। केशव बस्ती- आंजना धर्मशाला बिनपुरा रोड़। बजरंग बस्ती- श्री मेवाडा माली समाज धर्मशाला भीमाखेड़ा । आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठजनों द्वारा बौद्धिक में व्यक्ति-पूजा से मुक्ति और तत्वनिष्ठा पर प्रकाश डाला गया । संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने यह स्पष्ट किया था कि कोई भी व्यक्ति कितना भी महान क्यों न हो, उसमें मानवीय सीमाएं या अपूर्णता हो सकती है, और व्यक्ति समय के साथ बदल सकता है। इसके विपरीत, तत्व और उसके प्रतीक हमेशा शाश्वत व अटल होते हैं। इतिहास और संस्कृति का प्रतीक भगवा रंग हमारी संस्कृति, त्याग, शौर्य, ज्ञान और बलिदान का प्रतीक रहा है। छत्रपति शिवाजी महाराज, गुरु गोबिंद सिंह और महाराणा प्रताप जैसे महापुरुषों ने इसी ध्वज को अपने आदर्श और प्रेरणा का स्त्रोत माना था।

## उत्कृष्ट उमावि में महर्षि सांदीपनि श्रद्धा पर्व एवं नि:शुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम संपन्न




**बडौद।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर सांदीपनि शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़ोद में महर्षि सांदीपनि श्रद्धा पर्व एवं निशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ !कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक मधु गहलोत , ओम मालवीय भाजपा जिला अध्यक्ष एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता भारत सिंह सोलंकी एसएमसी अध्यक्ष ,विशिष्ट अतिथि सचिन लववंशी नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि ,सुरेंद्र सिंह परिहार भाजपा मंडल अध्यक्ष, सूरज सिंह परिहार, राधे ठाकुर, चंद्रेश शर्मा एल्डरमैन, शंकर सिंह नारेला पारस जैन मंडल महामंत्र ,विपिन चौहान मंडल महामंत्री ,भरत प्रजापति भाजपा मंडल अध्यक्ष आगर, रतनलाल परमार आदि जनप्रतिनिधि एवं विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिका एवं अभिभावक उपस्थित थे ! अतिथियों ने मां शारदा एवं महर्षि सांदीपनि के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया सरकार की महत्वपूर्ण योजना अंतर्गत छात्र-छात्राओं को साइकिल वितरण किया साइकिल पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे साथ ही गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा के अंतर्गत कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चों को भी पुरस्कृत किया गया।



# आपकी ये आदतें बच्चे को बना रही हैं जिद्दी, तुरंत बदलें अपना तरीका

**अक्सर माता-पिता की कुछ अनजानी आदतें ही बच्चों को जिद्दी बना देती हैं, जैसे जरूरत से ज्यादा विकल्प देना या 'ना' कहने के बाद उनकी मांग पूरी कर देना। ये पेरेंटिंग गलतियां बच्चों को सिखाती हैं कि जिद करने और रोने से उनकी हर बात मानी जा सकती है, जिससे उनका स्वभाव अड़ियल हो जाता है।**



हर माता-पिता चाहते हैं कि उनके बच्चे में अच्छी आदतें आएं। लेकिन परवरिश के इस सफर में, पेरेंट्स अक्सर अनजाने में कुछ ऐसी गलतियां कर बैठते हैं, जिससे बच्चे स्वभाव से जिद्दी होने लगते हैं। अगर आपका बच्चा भी बात-बात पर अड़ जाता है, अपनी मर्जी चलाता है, चिल्लाता है या आपकी बात बिल्कुल नहीं सुनता, तो यह थोड़ा रुककर सोचने का वक्त है। मुमकिन है कि बच्चे के इस व्यवहार के पीछे आपकी ही कुछ आदतें हों। आइए जानते हैं माता-पिता की उन आम आदतों के बारे में, जो धीरे-धीरे बच्चों को जिद्दी बना देती हैं।

आज के दौर में पेरेंट्स बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें खुश रखने के लिए हर छोटी-बड़ी चीज में चॉइस देने लगते हैं। बच्चों को चॉइस देना अच्छी बात है, लेकिन जरूरत से ज्यादा ऑप्शन बच्चों को कन्फ्यूज कर देते हैं। जब बच्चों को हमेशा अपनी मर्जी चलाने की आदत हो जाती है, तो उन्हें लगता है कि हर फैसले के मालिक वही हैं। ऐसे में जब असल जिंदगी में उन्हें अपनी पसंद की चीज नहीं मिलती, तो वे उसे बर्दाश्त नहीं कर पाते और जिद करने लगते हैं।

## ना कहने के बाद मान जाना

यह लगभग हर घर की कहानी है। किसी खिलौने या चॉकलेट के लिए पेरेंट्स पहले तो साफ ना कह देते हैं, लेकिन जैसे ही बच्चा रोना शुरू करता है, पैर पटकता है या मॉल के बीच में तमाशा करता है, पेरेंट्स शर्मिंदगी या सिरदर्द से बचने के लिए उसे वह चीज दिला देते हैं। इससे बच्चे को समझ आता है कि अगर वह ज्यादा जोर से रोएगा या जिद करेगा, तो उसकी बात मान ली जाएगी। बच्चा इसे हथियार बनाकर अपनी सारी बातें मनवाता है।

## कोई फिक्स रूटीन न होना

एक फिक्स रूटीन होने से बच्चों को पता होता है कि आगे क्या होने वाला है। इससे उनका मन शांत रहता है और वे सुरक्षित महसूस करते हैं, लेकिन जब कोई फिक्स रूटीन नहीं होता, तो बच्चे कन्फ्यूज होने लगते हैं। बिना रूटीन के जब पेरेंट्स अचानक बच्चों को कोई काम करने के लिए कहते हैं, तो बच्चे उसका विरोध करते हैं। जिसे पेरेंट्स जिद समझ लेते हैं, वह असल में बच्चे का कन्फ्यूजन या इनसेक्योरिटी होती है।

## एक ही बात को बार-बार दोहराना

अगर आप बच्चों को एक ही बात बार-बार बोलते हैं, तो बच्चे को समझ आ जाता है कि पहली, दूसरी या तीसरी बार में काम करने की कोई जरूरत नहीं है। वे जान जाते हैं कि जब तक मम्मी या पापा गुस्सा नहीं होंगे या चिल्लाएंगे नहीं, तब तक कोई कदम उठाने की जरूरत नहीं है। यह आदत बच्चों को बात टालने और जिद्दी बनने की ट्रेनिंग देती है। इसलिए हमेशा क्लीयर ऑर्डर दें और एक बात को एक या दो बार से ज्यादा न बोलें।

## सबके सामने बच्चों को डांटना सही नहीं

बच्चों की छोटी-छोटी गलतियों पर उन्हें डांटना लगभग हर माता-पिता की आदत होती है। इसमें खुद में कुछ गलत नहीं है, लेकिन अक्सर हम एक जरूरी बात भूल जाते हैं कि जब हम बच्चे को डांट रहे होते हैं, उस समय आस-पास कौन लोग मौजूद हैं। भीड़-भाड़ वाली जगह, रिश्तेदारों के सामने या स्कूल में डांटना बच्चे के मन पर बुरा असर डाल सकता है। एक पैरेंट के तौर पर आपको उस वक्त शायद कुछ खास फर्क नजर न आए, लेकिन सच यह है कि ऐसी बातें बच्चे के दिल में गहरी छाप छोड़ जाती हैं। यह छाप धीरे-धीरे उसके आत्मविश्वास और सोच पर असर डालने लगती है। सबके सामने डांटना सिर्फ उस पल की बात नहीं होती, बल्कि यह बच्चे के कोमल मन पर लंबे समय तक रहने वाले भावनात्मक घाव छोड़ सकता है।

### बच्चों की सेल्फ-रिस्पेक्ट होती है कम

जब बच्चे को सबके सामने डांटा जाता है, तो उसे बहुत बुरा लगता है। उसे लगता है कि उसकी इज्जत दूसरों के सामने कम हो गई है। धीरे-धीरे वह खुद को कम समझने लगता है। उसके अंदर शर्म और डर बैठ जाता है। यही चीज आगे चलकर उसके आत्मविश्वास को कमजोर कर देती है और वह हर काम में खुद पर शक करने लगता है।

**बच्चे छिपाने लगते हैं अपनी गलतियां-** बार-बार पब्लिक में डांट खाने से बच्चा सीखने की बजाय बचने की कोशिश करता है। उसे लगता है कि अगर गलती बताई तो फिर सबके सामने डांट पड़ेगी।

**बच्चों के स्वभाव में आ जाता है गुस्सा या डर-** ऐसे बच्चों के व्यवहार में बदलाव दिखने लगता है। कुछ बच्चे बहुत चुप और डरपोक हो जाते हैं, तो कुछ जल्दी गुस्सा करने लगते हैं। उन्हें लोगों के बीच जाने से भी डर लग सकता है। ये बदलाव उनके दोस्ती, पढ़ाई और रोजमर्रा की जिंदगी पर असर डालते हैं।



## नैनो न्यूज

- **कार्तिक आर्यन ने असम बाढ़ राहत के लिए 1 करोड़ दान किए-** अभिनेता कार्तिक आर्यन ने असम बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष में 1 करोड़ का योगदान दिया। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने उनके इस कदम की सराहना की।
- **'बंटवारा 1947' का फर्स्ट लुक पोस्टर जारी-** करण देओल और कनिका कपूर अभिनीत फिल्म 'बंटवारा 1947' का पहला पोस्टर रिलीज हो गया है। पोस्टर देखने के बाद सोशल मीडिया पर कई प्रशंसकों ने कनिका कपूर की तुलना कियारा आडवाणी से की।
- **प्रियंका चोपड़ा ने फैंस से मांगी माफी-** एयरपोर्ट पर अपने छोटे बच्चे के साथ होने की वजह से प्रियंका चोपड़ा सेल्फी नहीं ले सकीं। बाद में उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए प्रशंसकों से माफी मांगते हुए अपनी मजबूरी बताई।
- **राम गोपाल वर्मा का बॉलीवुड पर बड़ा बयान-** निर्देशक राम गोपाल वर्मा ने कहा कि कोविड-19 के बाद बॉलीवुड में बजट अनुशासन और कॉरपोरेट संस्कृति मजबूत हुई है, जिससे फिल्मों के निर्माण में जवाबदेही बढ़ी है।
- **अर्जुन कपूर ने वजन घटाने के सफर पर की खुलकर बात-** अर्जुन कपूर ने बताया कि उन्होंने लगभग 70 किलो वजन कम किया और मानसिक स्वास्थ्य के लिए थेरेपी को अपनी जिंदगी का अहम हिस्सा बताया।
- **संजय दत्त की फिटनेस बनी चर्चा का विषय-** 67 वर्ष की उम्र में संजय दत्त ने बताया कि वह नियमित वर्कआउट करते हैं और अब भी एक बार में 50 पुश-अप्स लगाने में सक्षम हैं।

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजो



## बिंदु जोड़कर चित्र बनाओ






### 2027 वनडे वर्ल्डकप के 12 होस्ट शहरों का ऐलान

# साउथ अफ्रीका में 8 वेन्यू, जिम्बाब्वे-नामीबिया भी मेजबान, 24 साल बाद अफ्रीका में वर्ल्डकप

**एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली**

आईसीसी ने 2027 वनडे वर्ल्ड कप के लिए 12 मेजबान शहरों का ऐलान कर दिया है। टूर्नामेंट 4 अक्टूबर से 21 नवंबर तक साउथ अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में खेला जाएगा।

साउथ अफ्रीका के 8 वेन्यू पर मुकाबले होंगे। इनमें जोहानसबर्ग, सेंचुरियन, डरबन, ग्केबेर्हा, कुगोम्पो सिटी, केपटाउन, पार्ल और ब्लोमफोंटेन शहर होंगे। वहीं जिम्बाब्वे के हरारे, बुलावायो और विक्टोरिया फॉल्स और नामीबिया की राजधानी विंडहोक में भी मुकाबले खेले जाएंगे।

फाइनल मुकाबला जोहानसबर्ग के वांडरर्स या केपटाउन के न्यूलैंड्स स्टेडियम में हो सकता है। वनडे वर्ल्ड कप 24 साल बाद अफ्रीकी में लौट रहा है। इससे पहले 2003 में साउथ अफ्रीका, जिम्बाब्वे और केन्या ने टूर्नामेंट की मेजबानी की थी। इसके बाद साउथ अफ्रीका 2007 टी-20 वर्ल्ड कप, 2009 चैंपियंस ट्रॉफी और 2023 महिला टी-20 वर्ल्ड कप की मेजबानी कर चुका है।



**2027 वनडे वर्ल्ड कप** में कुल 14 टीमें हिस्सा लेंगी। क्ळउ ने हाल ही में इसके लिए नया थ्री-स्टेज फॉर्मेट मंजूर किया है। टूर्नामेंट की शुरूआत सुपर सीरीज से होगी, जिसमें रैंकिंग की 12वीं, 13वीं और 14वीं टीम आमने-सामने होंगी। इनमें से एक टीम अगले स्टेज में पहुंचेगी। इसके बाद 12 टीमों को 6-6 टीमों के दो ग्रुप में बांटा जाएगा। दोनों ग्रुप की टॉप-3 टीमें और चौथे स्थान पर रहने वाली दोनों टीमों में से बेहतर एक टीम सुपर-7 राउंड में पहुंचेगी। सुपर-7 में सातों टीमें एक-दूसरे के खिलाफ खेलेंगी, जिसके बाद टॉप-4 टीमें सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी। सेमीफाइनल जीतने वाली दो टीमें फाइनल खेलेंगी।

नामीबिया पहली बार किसी सीनियर क्ळउ टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा। हालांकि इसी साल उसने जिम्बाब्वे के साथ मिलकर अंडर-19 वर्ल्ड कप का आयोजन किया था। वर्ल्ड कप के कुल 54 मुकाबलों में से कम से कम 41 मैच साउथ अफ्रीका में खेले जाने की संभावना है। जिम्बाब्वे को 7 से 10 मुकाबलों की मेजबानी मिलेगी, जबकि नामीबिया में कम से कम तीन मैच होंगे।

# कोलकाता में ब्राजील से भिड़ेगी भारतीय फुटबॉल टीम

**एजेंसी ▸▸ कोलकाता**

पांच बार की वर्ल्ड चैंपियन ब्राजील की पुरुष फुटबॉल टीम 3 अक्टूबर को कोलकाता में भारत के खिलाफ इंटरनेशनल फ्रेंडली मैच खेलेगी।

ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन ने इस बात की पुष्टि की है। यह मुकाबला ब्राजील के 2026 इंटरनेशनल कैलेंडर का हिस्सा है। रिपोर्ट के मुताबिक, ब्राजील टीम सितंबर-अक्टूबर फीफा विंडो में तीन इंटरनेशनल फ्रेंडली मैच खेलेगी। पहले दो मुकाबले 25 और 29 सितंबर को ऑस्ट्रेलिया के टाउन्सविले और ब्रिस्बेन में होंगे। इसके बाद 3 अक्टूबर को कोलकाता में भारत के खिलाफ तीसरा और आखिरी मैच प्रस्तावित है।

लंबे समय से चल रही थी चर्चा पिछले एक हफ्ते से ब्राजील के भारत दौरे को लेकर अटकलें तेज थीं। ईएसपीएन ब्राजील की शुरूआती रिपोर्ट्स में कहा गया था कि ब्राजीलियाई फुटबॉल परिसंघ (सीबीएफ) कोलकाता में एक फ्रेंडली मैच आयोजित करने के लिए बातचीत कर रहा है, हालांकि तब विरोधी टीम का नाम तय नहीं था। अब ताजा रिपोर्ट में भारत को प्रतिद्वंद्वी बताया गया है।

## कोलकाता का ब्राजील से पुराना रिश्ता

कोलकाता का ब्राजील फुटबॉल से पुराना नाता रहा है। 1977 में फुटबॉल महानायक पेले न्यूयॉर्क कॉसमॉस की ओर से ईडन गार्डन्स में मोहन बागान के खिलाफ खेले थे। वर्ल्ड कप के दौरान भी कोलकाता में ब्राजील के लिए जबरदस्त दीवानगी देखने को मिलती है। शहर में ब्राजील के झंडे और खिलाड़ियों के कटआउट आम नजर आते हैं

# यूएई अंडर-19 विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई

**एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली**

यूएई महिला क्रिकेट टीम ने मेजबान मलेशिया को 1 रन से हराकर क्ळउ अंडर-19 विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप के लिए क्वालीफाई कर लिया। एशिया क्वालिफायर का फाइनल बायुमास ओवल में खेला गया। यूएई पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.3 ओवर में 95 रन पर ऑलआउट हो गई। हालांकि मलेशिया को 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 94 रन के स्कोर पर रोककर मैच जीत लिया। आठ टीमों के इस रीजनल क्वालीफायर की शुरूआत 23 जुलाई को हुई थी।

# जो रूट इंग्लैंड टेस्ट टीम के कप्तान बने, बेन स्टोक्स की जगह लेंगे

**एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली**

जो रूट इंग्लैंड क्रिकेट टीम के नए टेस्ट कप्तान बनाए गए हैं। रूट हाल ही में इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लेने वाले बेन स्टोक्स की जगह लेंगे। इसके साथ ही स्टीफन फ्लेमिंग को इंग्लैंड का नया टेस्ट कोच बनाया गया है। कप्तान के रूप में रूट का पहला असाइनमेंट 19 अगस्त से लीड्स में शुरू होने वाली पाकिस्तान के खिलाफ 3 मैचों की टेस्ट सीरीज होगी। रूट ने 13 फरवरी 2017 से 15 अप्रैल 2022 तक 64 मैचों में इंग्लैंड की टेस्ट टीम की कप्तानी की। करीब पांच साल के कार्यकाल के बाद उन्होंने कप्तानी से इस्तीफा दे दिया था। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड के लिए पिछले कुछ महीने काफी उथल-पुथल भरे रहे हैं। चेल्सी में सीरीज के पहले मैच के बाद देर रात शराब पीने की घटना और नाइटक्लब विवाद के कारण स्टोक्स को निलंबन का सामना करना पड़ा था। इस विवाद के बाद स्टोक्स ने इसी साल इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया था।

### रहाणे का इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास

# 2020 में टेस्ट में कप्तानी की, सीरीज जीती; 2018 में आखिरी वनडे खेला

**एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली**



भारतीय बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे ने गुरुवार को इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी। भारत के लिए 85 टेस्ट, 90 वनडे और 20 टी-20 खेल चुके रहाणे ने इंस्टाग्राम पर वीडियो जारी कर इस फैसले की जानकारी दी। वे पिछले 3 साल से किसी भी फॉर्मेट में भारतीय टीम का हिस्सा नहीं थे।

वीडियो में 38 साल के रहाणे ने भावुक होते हुए कहा कि अब उनके लिए आगे बढ़ने का यही सही समय है। विराट कोहली ने सोशल मीडिया पोस्ट कर रहाणे को उनके करियर के लिए बधाई दी है। विराट कोहली ने रहाणे के संन्यास पर लिखा- जिंक्स, शानदार करियर के लिए बधाई दोस्त। भारतीय क्रिकेट के लिए आपने बेहतरीन योगदान दिया है। कोहली ने आगे लिखा- स्लिप में सबसे भरोसेमंद हाथ और टेस्ट क्रिकेट में मेरे फेवरेट बैटिंग पार्टनर रहे।

रहाणे के करियर का सबसे सुनहरा अध्याय 2020-21 के ऑस्ट्रेलिया दौरे पर लिखा गया। एडिलेड टेस्ट में भारत के 36 रन पर ऑलआउट होने और विराट कोहली के लौटने के बाद रहाणे ने कप्तानी संभाली। मेलबर्न में शतक लगाकर उन्होंने भारत को जीत दिलाई और सीरीज 1-1 से बराबर की। रहाणे की कप्तानी में भारत ने गाबा में ऐतिहासिक जीत दर्ज कर ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से सीरीज हराई और उसका 32 साल पुराना अजेय रिकॉर्ड तोड़ा।

**प्रवेश प्रारंभ**

आवश्यकता है:- शिक्षक / शिक्षिकाओ की (अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
योग्यता :- ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
आफिस समय 10 से 01 बजे तक
आवेदनः 23-06-2026

सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल
36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन
फोन नम्बरः-2557390

**आवश्यकता**

छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके.

संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

**बेचना है**

अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन

संपर्क
9111328540

**तुरंत आवश्यकता है**

1 ग्राम ज्वेलरी व आर्टिफिशियल ज्वेलरी की मार्केटिंग के लिए युवक-युवतियों की आवश्यकता है। वेतनमान 15000 से शुरु। ड्यूटी 8 घंटे। कार्य क्षेत्र सिर्फ उज्जैन शहर के लिए।
नोटः इच्छुक व्यक्ति एजेंसी लेने हेतु संपर्क करें।

बाबा डायरेक्ट मार्केटिंग कंपनी
मालीपुरा, उज्जैन
मोबाइल- 9981248359

**आवश्यकता है**

दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।

संपर्क करें
9575555715, 9425094114

**किराए से देना है**

शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त

6267735937

**मकान बेचना है**

साईज 16X25, चार मंजिला होमस्टे हेतु उपयुक्त। कुंआ, दुकान सहित मकान बेचना है

पता
रामरतन शर्मा मार्ग, उज्जैन
फोनः 7869850570
9827832632

**प्रॉपर्टी बेचना है**

प्रॉपर्टी बेचना है इंदौर में 1. 700, sqft शॉप मेन रोड, 2. 1500,sqft plot भवर कुआं चौराहे पर, 3. 1500,sqft plot पर बना हुआ शोरूम मेन खंडवा रोड पर, 4. 2,लाख किराए पर लगे बैंक, 5. हॉस्टल विष्णुपुर में, 6. शोरूम विजय नगर में, 7. 1200,sqft रानी बाग में 8. 1500,sqft इंद्रपुरी में 9. रेस्टोरेंट विजय नगर में, 10. लक्जरी फार्म हाउस

संपर्क करें
पीसी राजपूत रीयल एस्टेट
9893713817

**खरीदना / किराए से चाहीए**

उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए

संपर्क
9893374872

**रद्दी बेचना है**

अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है

संपर्क
7773077762

**आवश्यकता**

अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.E.D/D.E.D./Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह

राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

## न्यूज कॉलम

### इंदौर नगर निगम में वेतन घोटाला, दो कर्मचारियों पर केस, पांच कर्मचारियों की सैलरी दूसरे खातों में भेजी

**इंदौर।** इंदौर नगर निगम के दो अस्थायी कर्मचारियों पर वेतन भुगतान प्रणाली में हेराफेरी कर करीब 2.94 लाख रुपए का गबन करने का आरोप लगा है। दोनों ने कथित तौर पर पांच मस्टर कर्मचारियों की सैलरी दूसरे बैंक खातों में ट्रांसफर कराई और बाद में वह रकम अपने खातों में मंगवा ली। मामला सामने आने के बाद नगर निगम ने दोनों की सेवाएं समाप्त कर एमजी रोड थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। एमजी रोड थाना प्रभारी विजय सिंह सिसौदिया ने बताया कि नगर निगम स्थापना शाखा के उपायुक्त डॉ. केशव सिंह सगर की शिकायत पर अमन सालवी निवासी राजनगर और अनुज पंवार निवासी पाटनीपुरा के खिलाफ धोखाधड़ी और गबन का मामला दर्ज किया गया है। शिकायत के अनुसार, दोनों कर्मचारियों ने मस्टर कर्मचारियों के वेतन के लिए बैंक खाता बदलने की सुविधा का गलत इस्तेमाल किया। उन्होंने पांच कर्मचारियों के वेतन की कुल 2 लाख 94 हजार 193 रुपए की राशि दूसरे बैंक खातों में ट्रांसफर कर दी। बाद में यह रकम उन खातों से अपने खातों में मंगवा ली।

### 58 .48 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ दो गिरफ्तार, एक टीम को देख भागने लगा

**इंदौर।** इंदौर क्राइम ब्रांच ने अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 58.48 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जब्त ड्रग्स की कीमत करीब 5 लाख 80 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस अब दोनों आरोपियों से ड्रग्स के सप्लायर और पूरे नेटवर्क के बारे में पूछताछ कर रही है। डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि गुरुवार को गश्त के दौरान एमआर-4 रोड स्थित बीआरटीएस बस स्टैंड, सुखलिया के पास एक संदिग्ध युवक दिखाई दिया। पुलिस टीम को देखकर वह भागने लगा, लेकिन घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम शाहिल पिता अय्यूब शाह, निवासी अंबेडकर नगर, थाना कैंट, नीमच बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से 58.48 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हुई। शाहिल से पूछताछ के दौरान उसके साथी अल्केफ पिता शहजाद रिजवी, निवासी दावतखेड़ी, जिला मंदसौर का नाम सामने आया। इसके बाद क्राइम ब्रांच ने उसे भी गिरफ्तार कर लिया।

### आज से 'गैस्ट्रो अपडेट 2.0' कॉन्फ्रेंस, देशभर के एक्सपर्ट्स बताएंगे फैटी लिवर से ट्रांसप्लांट तक इलाज की नई तकनीक

**इंदौर।** बदलती जीवनशैली, अनियमित खानपान, फास्ट फूड, तनाव और बढ़ते मोटापे के कारण पेट और लिवर से जुड़ी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। एसिडिटी, गैस, फैटी लिवर, हेपेटाइटिस, पीलिया, अल्सर, पैंक्रियाटाइटिस और कोलन कैंसर जैसी बीमारियां अब सिर्फ बुजुर्गों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि युवा और कामकाजी वर्ग भी तेजी से इनकी चपेट में आ रहा है। इन्हीं चुनौतियों और आधुनिक इलाज की पद्धतियों पर मंथन के लिए इंदौर में 1 और 2 अगस्त को राष्ट्रीय स्तर की 'गैस्ट्रो अपडेट 2.0' कॉन्फ्रेंस आयोजित की जाएगी। यह कॉन्फ्रेंस होटल रेडिसन में होगी। इस कॉन्फ्रेंस में देशभर के गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट, हेपेटोलॉजिस्ट, एंडोस्कोपिस्ट और फिजिशियन हिस्सा लेंगे। एक्सपर्ट, पाचन तंत्र और लिवर रोगों के उपचार में आई नई तकनीकों, जटिल मामलों और वैश्विक गाइडलाइन पर अपने अनुभव साझा करेंगे। कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष डॉ. हरि प्रसाद यादव ने बताया कि लोग अक्सर पेट और लिवर से जुड़ी समस्याओं को सामान्य मानकर लंबे समय तक अनदेखा करते रहते हैं।

### मकान की दीवार ढहने से मलबे में दबी मां-बेटी, सोफे पर मलबा टिकने से बची जान

**झाबुआ।** झाबुआ जिले के पेटलावद स्थित सुभाष मार्ग पर गुरुवार-शुक्रवार रात करीब 12.30 बजे एक पुराने मकान की दीवार ढह गई। मलबे की चपेट में आने से कमरे में सो रही 45 वर्षीय किरण सोनी और उनकी 24 वर्षीय पुत्री निकिता घायल हो गईं। दोनों को सिविल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद रतलाम रेफर किया गया है। घटना का सीसीटीवी भी सामने आया है, इसमें दीवार गिरती हुई दिखाई दे रही है। परिजनों ने बताया कि रात करीब 12.30 बजे क्षेत्र में रिमझिम बारिश हो रही थी। इस दौरान सुभाष मार्ग पर स्थित सुरेश (नाना) सोनी के घर के पास निवासी अनोखेलाल मेहता के मकान की दीवार अचानक ढह गई। दीवार का मलबा लगभग 6 महीने पहले ही बनी सुरेश सोनी की नई दीवार को तोड़ते हुए सीधे अंदर कमरे में जा गिरा। हादसे के समय मां-बेटी सो रही थीं। पूरा मलबा कमरे में रखे सोफे पर जाकर टिक गया, जिससे दोनों की जान बच गई और उन्हें मामूली चोटें आईं। प्रत्यक्षदर्शी दिनेश सोनी ने बताया कि जब यह हादसा हुआ, वे बाहर ही मौजूद थे।

### झाबुआ के भेरूपाड़ा पंचायत में सड़क-पानी का संकट: शिकायतों के बाद भी नहीं हुई

**झाबुआ।** झाबुआ जिले की पेटलावद तहसील की ग्राम पंचायत भेरूपाड़ा में सड़क और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं का अभाव ग्रामीणों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। ग्रामीणों ने विकास कार्यों की निष्पक्ष जांच कर सड़क और पेयजल व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग जिला प्रशासन से की है। ग्राम पंचायत भेरूपाड़ा के मकवाना फलिया, वसुनिया फलिया और कटारा फलिया सहित कई बस्तियों में सड़कों की हालत बेहद खराब है। कागजों पर बांकिया से भेरूपाड़ा, मंडली फलिया से तेजाजी मंदिर और तड़वी फलिया से मंडली फलिया तक सड़क निर्माण के दावे किए गए हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर लोगों को आज भी कीचड़ और जलभराव का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के मौसम में यहां के हालात और भी गंभीर हो जाते हैं। सड़कों पर पानी और कीचड़ भर जाने के कारण स्कूली बच्चों, किसानों, बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कई स्थानों पर नालों में पाइप न होने के कारण बारिश के दौरान रास्ते घंटों तक बंद रहते हैं, जिससे आपातकालीन स्थिति में एम्बुलेंस तक गांव नहीं पहुंच पाती है।

### राष्ट्रपति मुर्मू को धार में महिला सशक्तिकरण सम्मेलन का निमंत्रण

**धार।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। उन्होंने राष्ट्रपति को अक्टूबर माह में धार में आयोजित होने वाले प्रस्तावित महिला सशक्तिकरण सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने का निमंत्रण दिया। यह सम्मेलन वीरांगना रानी दुर्गावती जयंती के अवसर पर आयोजित किया जाएगा। भेंट के दौरान मंत्री ठाकुर ने राष्ट्रपति को प्रस्तावित आयोजन की रूपरेखा से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि इस सम्मेलन में विभिन्न लोकसभा क्षेत्रों से स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं, युवा उद्यमी, नवाचार एवं स्वरोजगार के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिला प्रतिनिधि तथा समाज सेवा और महिला नेतृत्व में योगदान देने वाली महिलाएं भाग लेंगी। ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अनेक योजनाएं संचालित की गई हैं। इन योजनाओं से महिलाओं की आर्थिक, सामाजिक और नेतृत्व क्षमता को नई मजबूती मिली है। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित सम्मेलन का उद्देश्य इन प्रयासों को व्यापक स्तर पर समाज तक पहुंचाना और महिलाओं को प्रेरित करना है।

## नैनो न्यूज

- इंदौर नगर निगम ने होटल, रेस्टोरेंट, मॉल, बैंक्वेट हॉल और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के लिए फायर सेफ्टी नियमों का सख्ती से पालन करने के निर्देश जारी किए हैं।
- पीथमपुर में विकसित हो रहे आधुनिक औद्योगिक एवं लॉजिस्टिक्स पार्क के संचालन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं।
- इंदौर में आईटी और उद्योग निवेश को मिल रही रफ्तार, सुपर कॉरिडोर और आसपास के क्षेत्रों में आईटी एवं औद्योगिक निवेश लगातार बढ़ रहा है।
- सेमीकंडक्टर पैकेजिंग परियोजना के लिए बड़े निवेश की घोषणा के बाद ऑटो, इलेक्ट्रॉनिक्स और सप्लाई चेन कारोबार को भी नए अवसर मिलने की उम्मीद है।
- भारी बारिश का असर बाजारों पर पड़ने की आशंका, मौसम विभाग ने इंदौर में फिर से मध्यम से भारी बारिश की संभावना जताई है।

कमाल मौला मस्जिद से सटी जगह पर बैरिकेडिंग कर पुलिस लगाई, स्थानीय लोगों ने जताई थी आपत्ति

# भोजशाला के पीछे तय जमीन पर पढ़ी जुमे की नमाज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ धार

मध्यप्रदेश के धार में शुक्रवार को जुमे की नमाज भोजशाला परिसर की बाउंड्रीवॉल से सटी खसरा नंबर 612 की जमीन पर अदा की गई। इससे पहले प्रशासन ने जेसीबी से जमीन समतल कराई। बारिश से गीली जमीन पर तिरपाल बिछाई। पूरे इलाके की बैरिकेडिंग की गई। सुरक्षा के लिए पुलिस बल तैनात रहा।

इसके पहले सुबह यहां नमाज के खिलाफ स्थानीय रहवासियों ने आपत्ति दर्ज कराई थी। उन्होंने कहा था कि जिस जगह नमाज की अनुमति दी गई है, वह निजी जमीन है। हम लंबे समय से इस पर खेती करते आ रहे हैं। हम यहां नमाज नहीं होने देंगे। अगर जरूरत पड़ी तो अपने अधिकारों की रक्षा के लिए कोर्ट का दरवाजा भी खटखटाएंगे। स्थानीय निवासी चंद्रकांत देवड़ा ने कहा- ये हमारे परिवार के तीन लोगों की निजी जमीन है। इससे हमारा घर चलता है। हम यहां नमाज नहीं होने देंगे। राधाबाई ने कहा- ये हमारे पिता और भाइयों की जमीन है। चार पीढ़ी से हमारे पास है। वहीं पुष्पा बिजवा ने कहा- ये हमारे पिता-दादा की जमीन है। हम उनको क्यों नमाज पढ़ने दें? प्रशासन ने हमें पहले कोई जानकारी भी नहीं दी। इस जमीन पर हमारी पीढ़ी गुजर गई। हम जमीन नहीं छोड़ेंगे। नमाज के लिए नहीं देंगे। अगर दे देंगे तो हम कहां जाएंगे।



- **30 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट ने तय की थी नमाज की जगह-** 30 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट ने भोजशाला से सटी हुई जमीन नमाज के लिए मुस्लिम समाज को दी थी। यहां हर शुक्रवार दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक नमाज अदा की जा सकेगी। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि इस भूखंड तक पहुंचने के लिए अलग रास्ता है। चीफ जस्टिस ने कहा था- यह विवादित भोजशाला परिसर के बिल्कुल पास है। इसलिए यह नमाज के लिए उपयुक्त स्थान है। कोर्ट ने मध्य प्रदेश सरकार को यहां जरूरी व्यवस्थाएं करने के आदेश दिए हैं।
- **जस्टिस जॉयमाल्य बागची बोले- धार्मिक अधिकार नहीं रोके जा सकते-** सुनवाई के दौरान जस्टिस जॉयमाल्य बागची ने कहा था, धार्मिक अधिकार मौजूद हैं। कानून-व्यवस्था बनाए रखना राज्य का संवैधानिक दायित्व है। सिर्फ कानून-व्यवस्था की आशंका के आधार पर लोगों के धार्मिक अधिकार नहीं रोके जा सकते। कानून-व्यवस्था बनाए रखना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा था कि अगर भविष्य में दोनों पक्ष आपसी सहमति से कोई दूसरा उपयुक्त स्थान तय कर लेते हैं, तो उस पर भी कोई रोक नहीं होगी।

### बारिश के कारण खसरा नं. 611 की जगह 612 पर हुई नमाज

कमाल मौला वेलफेयर सोसायटी के प्रतिनिधि अब्दुल समद ने कहा- बारिश की वजह से खसरा नंबर 611 की जमीन पर काफी कीचड़ था। इसलिए आपसी सहमति से कमाल मौला मस्जिद से सटी खसरा नंबर 612 की जमीन पर जुमे की नमाज अदा करने का फैसला किया गया। उन्होंने बताया- खसरा नंबर 611 और 612 की जमीन से कमाल मौला मस्जिद सीधे दिखाई देती है, इसीलिए हम यहां नमाज पढ़ने के लिए राजी हुए। अगले शुक्रवार तक अगर कोर्ट का कोई नया अंतरिम या अंतिम निर्णय आता है, तो हम और प्रशासन दोनों उसका पालन करेंगे।

### एसडीएम पहुंचे समझाइश के बाद शांत हुए आपत्तिकर्ता

विरोध की सूचना मिलते ही एसडीएम राजकुमार हलदर प्रशासनिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्थानीय लोगों से चर्चा कर भरोसा दिलाया कि उनकी आपत्तियों को सुना जाएगा। इसके बाद विरोध कर रहे लोग शांत हुए। एसडीएम ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन किया जाएगा। वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### पहले कब्रिस्तान की जमीन पर डमी नमाज कराई गई थी

अब्दुल समद ने कहा कि बसंत पंचमी के दिन भी भोजशाला परिसर के इसी क्षेत्र में नमाज अदा की गई थी। उस समय कानून-व्यवस्था की कोई समस्या नहीं हुई थी। 23 जनवरी को प्रशासन ने जिस स्थान पर डमी नमाज कराई थी, वह कब्रिस्तान की जमीन थी। कब्रिस्तान में जुमे की नमाज अदा नहीं की जाती। यही पक्ष सुप्रीम कोर्ट के सामने भी रखा गया था।

28 अगस्त तक खंडवा रोड पर दिन में नहीं चलेंगे भारी वाहन

# इंदौर में कावड़ यात्रा के लिए ट्रैफिक डायवर्शन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

सावन मास में कावड़ यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए जिला प्रशासन ने खंडवा रोड पर भारी मालवाहक वाहनों की आवाजाही को लेकर जारी आदेश में आंशिक संशोधन किया है। अब 30 जुलाई से 28 अगस्त तक प्रतिदिन सुबह 6 बजे से रात 12 बजे तक इस मार्ग पर ट्रक और अन्य भारी मालवाहक वाहन नहीं चल सकेंगे।

कलेक्टर शिवम वर्मा ने मोटर यान अधिनियम के तहत यह आदेश जारी किया है। इसका उद्देश्य कावड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करना और यातायात को सुचारु बनाए रखना है। प्रतिबंध इंदौर से खंडवा और खंडवा से इंदौर आने-जाने वाले सभी भारी मालवाहक वाहनों पर लागू होगा। प्रतिबंधित अवधि में इन वाहनों को तेजाजी नगर से राऊ गोल



चौराहा, एबी रोड, मानपुर, बलवाड़ा होते हुए देशगांव के वैकल्पिक मार्ग से होकर गुजरना होगा।

उद्घाटन के बाद जस्टिस राकेश सक्सेना ने शिविर का निरीक्षण किया और स्वास्थ्य विभाग की टीम से चर्चा कर चिकित्सा व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने स्वास्थ्य जांच की व्यवस्था, उपलब्ध दवाइयों और प्राथमिक इलाज की सुविधाओं का अवलोकन किया। शिविर में सामान्य बीमारियों के उपचार के लिए आवश्यक दवाइयों और चिकित्सा सामग्री का पर्याप्त इंतजाम किया गया है।

### इन वाहनों को मिलेगी छूट

यह प्रतिबंध केवल भारी मालवाहक वाहनों पर लागू रहेगा। कार, जीप, दोपहिया वाहन पहले की तरह सामान्य रूप से चल सकेंगे। यात्री बसें, दूध के वाहन, एलपीजी गैस सप्लाई वाहन, पानी के टैंकर, एंबुलेंस और अग्निशमन वाहन जैसी आवश्यक सेवाओं से जुड़े वाहनों को भी प्रतिबंध से छूट दी गई है।

### स्वास्थ्य जांच, विश्राम और फलाहार की सुविधा मिलेगी

उधर, ओंकारेश्वर से उज्जैन स्थित महाकाल मंदिर तक कांवड़ यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 'ॐ महाकाल कावड़ सेवा शिविर' की शुरूआत की गई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप शुरू किए गए इस शिविर का शुभारंभ जस्टिस राकेश सक्सेना ने किया। शिविर में कावड़ यात्रियों के लिए स्वास्थ्य जांच, प्राथमिक इलाज, विश्राम, फलाहार और आवश्यक चिकित्सा सुविधाओं की व्यवस्था की गई है, ताकि लंबी पैदल यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

# 313 मार्कशीट लौटाने के लिए पुलिस ने बनाया व्हाट्सऐप ग्रुप

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

विजय नगर थाना पुलिस ने नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी के मामले में जब्त की गई छात्रों की ओरिजनल मार्कशीट लौटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस ने इसके लिए एक व्हाट्सऐप ग्रुप बनाया है, जिसमें उन छात्रों को जोड़ा जा रहा है जिनकी मार्कशीट आरोपी के पास से बरामद हुई थी। सभी दस्तावेज कोर्ट की अनुमति के बाद संबंधित छात्रों को सुपुर्द किए जाएंगे।

कुछ दिन पहले विजय नगर पुलिस ने नौकरी दिलाने का झांसा देकर छात्रों की ओरिजनल मार्कशीट रखकर ठगी करने वाले आरोपी मयंक सर्राफ को गिरफ्तार किया था। उसके पास से 313 ओरिजनल मार्कशीट बरामद हुई थीं। आरोपी ने विजय नगर स्थित एक मॉल में एजेफा इंटरप्राइजेज के नाम से कंसल्टेंसी ऑफिस खोल रखा था।

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी शहर में पढ़ाई करने आए छात्रों को पार्ट-टाइम और फुल-टाइम नौकरी दिलाने का लालच देता था। नौकरी के लिए आवेदन के दौरान वह छात्रों की ओरिजनल मार्कशीट अपने पास रख लेता और प्रति छात्र 5 हजार रुपए की मांग करता था। पैसे नहीं मिलने पर वह मार्कशीट वापस नहीं करता था।

एसीपी पराग सैनी ने बताया कि जब्त की गई करीब 300 मार्कशीट फिलहाल न्यायालय के अधीन हैं। छात्रों को परेशानी से बचाने के लिए पुलिस ने व्हाट्सऐप ग्रुप बनाया है।

पांच घंटे से ज्यादा समय थाने में बैठा रखा तो कांग्रेस अध्यक्ष चौकसे ने कहा- सब पुलिस कमिश्नर के इशारों पर हुआ

# इंदौर में नीट प्रदर्शन का समर्थन किया, इसलिए भेजा नोटिस

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे से गुरुवार को पंढ़रीनाथ थाने में कई घंटों तक पूछताछ की गई। देर तक थाने में रोके जाने की खबर मिलते ही पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा सहित कई कांग्रेस नेता, समर्थकों की भीड़ पुलिस थाने में जमा हो गई। थाने में नारेबाजी भी हुई। भीड़ जमा होने के बाद पुलिस ने चौकसे को छोड़ दिया। बाहर निकलते ही चौकसे ने पुलिस प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए।

चिंटू चौकसे ने दावा किया कि टंट्याभील चौराहे पर नीट पेपर लीक के



विरोध में प्रदर्शन कर रहे छात्रों का कांग्रेस ने समर्थन किया था। उनके मुताबिक, इसी के बाद उन्हें बयान दर्ज कराने के लिए नोटिस भेजा गया। उन्होंने कहा कि थाने पहुंचने पर पुलिस ने उन्हें कई घंटे तक बैठाए रखा और बार-बार बयान में संशोधन कराया। उन्होंने कहा, यहां बैठे पुलिसकर्मी सिर्फ आदेश का पालन कर रहे थे। पूरा घटनाक्रम पुलिस कमिश्नर के इशारे पर हुआ। जो भी जनता की आवाज उठाता है या आंदोलन का समर्थन करता है, उसे दबाने और परेशान करने की कोशिश की जा रही है।

### 10 बार कराई काट-छांट पुलिस के खिलाफ करेंगे बड़ा आंदोलन

शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने कहा कि - कम से कम 10 बार काट-छांट हुई होगी कि ये सही नहीं ये गलत है। इसकी पोस्ट क्या उसकी पोस्ट क्या है। चौकसे ने कहा कि जो आज हुआ वह हमारे लोकतंत्र और संविधान के लिए खतरा है। पार्टी के अध्यक्ष को बिना किसी वजह के 5 घंटे थाने में बैठाकर रखा। 10 बार बयान लिए 10 बार काट-छांट की। दिनभर में जो घटनाक्रम हुआ है अन्याय, अत्याचार अपनी चरम सीमा पर है, लेकिन हम इसे सहन नहीं करेंगे। आने वाले कुछ ही दिनों में इंदौर पुलिस के खिलाफ कांग्रेस पार्टी जीतू पटवारी के नेतृत्व में बड़ा आंदोलन करेगी।

### कांग्रेस छात्रों के साथ खड़ी थी, तभी कार्रवाई हुई

चौकसे ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आह्वान पर पार्टी देशभर में छात्रों की मदद कर रही है। इंदौर में भी कांग्रेस छात्र आंदोलन के साथ मजबूती से खड़ी रही। उनका आरोप है कि जैसे ही प्रशासन को कांग्रेस के समर्थन की जानकारी मिली, पुराने मामले में उन्हें नोटिस भेज दिया गया। मामला 6 महीने पुराना है।

# प्रॉपर्टी कारोबारी की महिला मित्र को इंदौर लाई पुलिस

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

इंदौर के बाणगंगा थाना क्षेत्र स्थित श्याम पैलेस होटल की दूसरी मंजिल की बालकनी से गिरकर प्रॉपर्टी कारोबारी जितेंद्र (जीतू) साहू की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में पुलिस ने उनकी महिला मित्र को भोपाल से हिरासत में लिया है। गुरुवार को पुलिस की एक टीम भोपाल पहुंची और महिला को इंदौर लाकर उससे पूछताछ शुरू की।

पुलिस के अनुसार 13-14 जुलाई की दरमियानी रात करीब 4.30 बजे होटल की दूसरी मंजिल से गिरने के कारण जितेंद्र साहू की मौत हो गई थी। घटना के सीसीटीवी फुटेज भी सामने आए थे। जांच में पता चला कि घटना के समय सईद फारिया उर्फ ऐना होटल के उसी कमरे में मौजूद थी, जहां जितेंद्र ठहरे हुए थे। वह पिछले करीब 22 दिनों से होटल में रह रही थी।

जांच के दौरान पुलिस ने मृतक की पत्नी और बेटे के बयान दर्ज किए। परिजनों ने आरोप लगाया कि ऐना लंबे समय से जितेंद्र को ब्लैकमेल कर रही थी और उनसे बड़ी रकम भी ऐंठ चुकी थी। इन आरोपों के बाद पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई थी। पुलिस जांच में पता चला कि घटना के बाद ऐना भोपाल अपने रिश्तेदारों के यहां चली गई थी।

होटल लक्ष्य
पंजाबी, साउथ इंडियन, चायनिज
आवश्यकता है
अनुभव 5 साल
होटल मैनेजमेंट, हाउसकीपिंग या ड्राइवर के लिए आवश्यक है
होटल मैनेजमेंट सैलरी: 15000 से 20000 रु.
हाउसकीपिंग सैलरी: 15000 से 20000 रु.
ड्राइवर सैलरी: 15000 से 20000 रु.
लग गई लाटरी! 2400 Sq. Feet Rooftop रेस्टोरेंट 5 लाख से 7 लाख लगाने पर 1000000 रु. महीने कमाएं
पता: आगर रोड मंडी गेट के सामने, डोमिनोज वाली बिल्डिंग, उज्जैन
सम्पर्क: 9826398272

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

श्री गणेश बैंड उज्जैन
हमारे यहां घोड़ी, बग्गी, हाथी, ऊंट, लाइट, जनरेटर, लाजमा, ताश पार्टी, ढोल पार्टी, फूल की तोप, दूल्हन की ढोली, गाड़ी वाली लाइट, नाचने वाली घोड़ी आदि उपलब्ध है।
मास्टर : विजय सिंह सरगरा
Mob. 9981908694, 7828525454, 7067237220
अंकपात मार्ग, मीणा धर्मशाला, अंकपात मार्ग गायत्री शक्तिपीठ के पास
जीवाजीगंज थाना ढोली गली, उज्जैन

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com